भोपाल
शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष-07
वर्ष : 12, अंक : 03
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 33
न्यून. 21

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

*प्रदेश से एडवेंचर श्रेणी की पहली महिला बनी*

## पर्वतारोही भावना डेहरिया को 'विक्रम पुरस्कार'



भोपाल। प्रसिद्ध पर्वतारोही भावना डेहरिया का नाम मध्यप्रदेश शासन के राज्य स्तरीय खेल पुरस्कार विक्रम पुरस्कार 2023 की सूची में शामिल किया गया है। इस उपलब्धि के साथ, भावना मप्र से एडवेंचर स्पोर्ट्स श्रेणी में यह पुरस्कार के लिए चुनी जाने वाली पहली महिला बन गई हैं। मप्र सरकार हर वर्ष खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने ▸▸ शेष पेज 6 पर ▸▸ पढ़ें पेज 14 भी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
लखनऊ मुंबई
शाम 7.30 बजे से

**सप्तमी-मां कालरात्रि**



एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता,
लम्बोष्टी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा,
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥

## महापौर ने नगर निगम परिषद की बैठक में 110 करोड़ 7 लाख चार हजार रुपए घाटे का बजट पेश किया

# निगम का 'सितम'

### दस फीसदी बढ़ाया प्रॉपर्टी टैक्स, पानी बिल भी हो जाएगा पंद्रह फीसदी महंगा



### विपक्ष के पार्षदों ने किया टैक्स बढ़ाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी के साढ़े पांच लाख प्रॉपर्टी खाताधारकों के लिए यह बोझ वाली खबर है। उन्हें आगामी साल में दस फीसदी बढ़ा हुआ प्रॉपर्टी अदा करना पड़ेगा। इसके साथ पानी का बिल, सीवेज और ठोस अपशिष्ट टैक्स में भी पंद्रह फीसदी की बढ़ोतरी की गई है।

जिससे आम लोगों पर अनुमानित 25 फीसदी का सीधा बोझ बढ़ जाएगा। ऐसे में अगर आप प्रॉपर्टी, पानी, सीवेज और ठोस अपशिष्ट टैक्स सालाना दस हजार रुपए अदा कर रहे हैं तो आपको करीब ढाई हजार रुपए अधिक देना ▸▸ शेष पेज 6 पर

## सीवेज और ठोस अपशिष्ट पर भी पंद्रह फीसदी बढ़ाया टैक्स



### जलकर: अब छोटे मकानों पर 242 व बड़े मकानों पर 345 रु. महीना

भोपाल में प्रॉपर्टी टैक्स में 10 प्रतिशत, पानी और ठोस-अपशिष्ट पर 15 प्रतिशत टैक्स की बढ़ोतरी की गई है। इससे भोपाल के पौने 3 लाख नल कनेक्शन और 5 लाख 62 हजार प्रॉपर्टी टैक्स उपभोक्ता प्रभावित होंगे। छोटे मकानों पर जलकर 210 से बढ़ाकर 242 और बड़े मकानों में 300 से बढ़ाकर 345 रु. कर दिया जाएगा। गरीबों से 30 की जगह पानी बिल अब 35 रुपए लिया जाएगा। महापौर ने 3 हजार 611 करोड़ रुपए से अधिक ▸▸ शेष पेज 6 पर

### अवैध नल कनेक्शन से 200 करोड़ का घाटा

परिषद बैठक में एमआईसी सदस्य रविंद्र यति ने मुद्दा उठाते हुए कहा कि पानी पर ही निगम सालाना 200 करोड़ के घाटे में है। अवैध नल कनेक्शन भी हैं, इससे राशि नहीं मिल रही है। इस पर कांग्रेस पार्षद मोहम्मद अजीजुद्दीन ने वसूली में सख्ती लाने की बात कही। उनके वार्ड में ही 2 हजार से ज्यादा अवैध नल कनेक्शन हैं। इस बात पर यति ने कहा कि अवैध नल कनेक्शन को लेकर कड़ा नियम बनाया जाना चाहिए। ▸▸ पढ़ें पेज 03 भी

**लोकसभा के बाद राज्यसभा में वक्फ बिल पास**

## राज्यसभा में रात 2:34 बजे बिल पास होने की घोषणा की, अब राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद बन जाएगा कानून

# वक्फ संशोधन विधेयक पारित, पक्ष में 128 और विपक्ष में 95 वोट पड़े

**झुकूंगा नहीं...यह डायलॉग अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पा' से प्रचलित हुआ था**

खरगे की चुनौती के बाद विपक्षी सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी वक्फ संशोधन विधेयक गुरुवार को पेश किया गया। रात 2 बजकर 34 मिनट पर सभापति जगदीप धनखड़ ने बिल पास होने की घोषणा की। इसमें कुल 223 वोट पड़े, जिसमें से 128 पक्ष में और 95 विपक्ष में डाले गए। अब राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह बिल कानून बन जाएगा। गुरुवार को दोपहर 1 बजे से रात 1:14 बजे तक 12 घंटे से अधिक समय तक सत्तापक्ष और विपक्षी सांसदों के बीच बहस चली। इसके बाद वोटिंग प्रक्रिया शुरू हुई। विपक्षी सांसदों द्वारा दिए गए सभी संशोधन प्रस्ताव ▸▸ शेष पेज 6 पर

राज्यसभा में दोपहर 1 बजे से रात 1:14 बजे तक 12 घंटे से अधिक चली बहस

**किरेन रिजिजू कहा:** वक्फ की संपत्तियों से छेड़छाड़ नहीं, जेपीसी ने कई सुझावों को स्वीकार किया

## खरगे ने कहा-ठाकुर के साथ-साथ राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा को भी माफी मांगनी चाहिए

*खरगे की चुनौती: आरोप साबित करें या इस्तीफा दें आरोप सही हुए तो मैं इस्तीफा दे दूंगा*



### मेरा राजनीतिक जीवन खुली किताब

कांग्रेस अध्यक्ष ने मांग की कि इस मुद्दे पर ठाकुर के साथ-साथ राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा को भी माफी मांगनी चाहिए। खरगे ने कहा कि मेरा करीब 60 साल का राजनीतिक जीवन एक खुली किताब की तरह है। अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में मुझ पर पूरी तरह झूठे और निराधार आरोप लगाए। जब मेरे सहयोगियों ने उन्हें चुनौती दी, तो उन्हें अपनी अपमानजनक टिप्पणी वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा लेकिन नुकसान तो हो चुका है।

*अनुराग ने क्या कहा था?*

### वक्फ संपत्तियों को कांग्रेस ने वोट बैंक एटीएम में बदल दिया

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने बुधवार को लोकसभा में वक्फ विधेयक के विरोध को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि विधेयक कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति के ताबूत में ▸▸ शेष पेज 6 पर

*बोले किरेन रिजिजू?*

### आज की स्थिति में, 8.72 लाख वक्फ संपत्तियां

लोकसभा में बुधवार देर रात वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पारित हो गया है। इस विधेयक पर पूरे दिन बहस हुई। कांग्रेस ने इस दौरान जमकर हंगामा किया। इस विधेयक के पक्ष में 288 वोट पड़े, जबकि विपक्ष में 232 सांसदों ने मतदान किया। शुक्रवार को



वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पर राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने पेश करते हुए कहा कि आज की स्थिति में, 8.72 लाख वक्फ संपत्तियां हैं। 2006 में अगर सच्चर समिति ने 4.9 लाख वक्फ संपत्तियों से 12,000 करोड़ रु.की कमाई का अनुमान लगाया था, तो आप कल्पना कर सकते हैं कि ये संपत्तियां अब कितनी आय उत्पन्न कर रही होंगी। मैं कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों से वक्फ संशोधन विधेयक 2025 का समर्थन करने की अपील करता हूं। ▸▸ पढ़ें पेज 10 भी

**खंडवा में बड़ा हादसा...**



## गणगौर विसर्जन के लिए सफाई करने कुए में उतरे 8 लोग डूब गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खंडवा

जिले के छैगांवमाखन क्षेत्र के कोंडावत गांव में गुरुवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। यहां गणगौर विसर्जन के लिए कुए की सफाई करते समय 8 लोग डूब गए। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने बचाव कार्य शुरू किया।

पुलिस व प्रशासन ने रेस्क्यू टीम को मौके पर भेजा। मशक्कत के बाद सभी 8 के शव निकाल लिए गए। मौके पर पुलिस, प्रशासन और एसडीईआरएफ की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी रही। गांव के चौक में स्थित कुए में दलदल और कचरा होने से ▸▸ शेष पेज 6 पर

*कुए में दलदल और कचरा होने से जहरीली गैस रिसाव मौत का की वजह बनी*

### कैसे हुआ हादसा?

गुरुवार दोपहर गणगौर विसर्जन के लिए कुए की सफाई के लिए सबसे पहले एक उतरे एक व्यक्ति के दलदल में फंसने पर बचाने के प्रयास में एक के बाद एक कुए में उतरे अन्य सात व्यक्ति भी अंदर फंस गए। कुए में जहरीली गैस से दम घुटने के कारण सभी आठ व्यक्तियों की मौत हो गई। शाम तक बाहर नहीं निकले तो गांव के लोग जब उन्हें देखने ▸▸ शेष पेज 6 पर

**सीएम ने खंडवा हादसे पर जताया दुख**

### मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख की आर्थिक मदद का ऐलान

भोपाल। खंडवा हादसे पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने भी शोक जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि खंडवा जिले अंतर्गत छैगांवमाखन क्षेत्र के कोंडावत गांव में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में गणगौर विसर्जन के लिए कुएं की सफाई हेतु उतरे एक व्यक्ति के दलदल में फंसने पर बचाने के ▸▸ शेष पेज 6 पर

**खबर संक्षेप**

### यूरोपीय मानक की बसें चलेंगी, 'हथौड़ेछाप' नहीं



नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बस हादसों में लोगों की होने वाली मौत पर चिंता जताई। गुरुवार को लोकसभा में गडकरी ने कहा कि अब देश में यूरोपीय मानक वाली बसें चलेंगी, हथौड़ेछाप बसें नहीं चलेंगी। ट्रक चालकों की सुरक्षा के लिए कोई भी ट्रक एयरकंडीशन के केबिन के बिना नहीं आएगा।

### पिस्तौल दिखा कर लूट लिया 20 तोला सोना, 2 लाख कैश



रीवा। बेटे का दोस्त बताकर घर में घुसे तीन डकैतों ने बुजुर्ग को 3 घंटे बंधक बनाए रखा। उनके मोबाइल का सिम तोड़ा, पिस्तौल दिखाकर 20 तोला सोना और 2 लाख रुपए का कैश लूट ले गए। बुजुर्ग डरा तो उसे दवा भी खिलाई। लूट के बाद बाइक से फरार हो गए। चोरहटा थाना क्षेत्र के गोडहर मोहल्ले की घटना है।


### छैगांवमाखन सीईओ स्वर्णलता काजले निलंबित



खंडवा। जिले की छैगांवमाखन जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वर्णलता काजले को इंदौर कमिश्नर दीपक सिंह ने निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई जिला पंचायत सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा के प्रतिवेदन पर की गई है। निलंबन अवधि में काजले को खंडवा कलेक्ट्रेट कार्यालय से संबद्ध किया गया है।

टीकमगढ़-सागर हाईवे पर हादसा

### दो बसें भिड़ीं, एक खाई में गिरी, 15 यात्री घायल



■ बस में 40 यात्री सवार थे

टीकमगढ़। ग्वालियर से सागर जा रही महाकाल कंपनी की बस अचानक खाई में जा गिरी, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। यह हादसा तब हुआ जब बड़ागांव के सीएम राइजड स्कूल के पास सामने से आ रही इसी कंपनी की दूसरी बस के साथ क्रॉसिंग के दौरान बस अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खाई में गिर गई। बस में लगभग 40 यात्री सवार थे। 15 यात्री घायल हो गए। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 10 ▸▸ शेष पेज 6 पर

लंदन से मुंबई आ रही थी

### तुर्की में इमरजेंसी लैंडिंग हुई 200 से अधिक यात्री फंसे



■ भारतीय यात्री 16 घंटे से ज्यादा समय तक फंसे रहे

नई दिल्ली। लंदन से मुंबई आ रही वर्जिन अटलांटिक की फ्लाइट वीएस 358 की तुर्की के दियारबकिर हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग करानी पड़ी। इस दौरान 200 से अधिक भारतीय यात्री 16 घंटे से ज्यादा समय तक फंसे रहे। हालांकि, यह हवाईअड्डा इस प्रकार के बड़े विमान को संभालने में सक्षम नहीं था। यात्रियों को यह भी बताया गया कि लैंडिंग के दौरान विमान में तकनीकी खराबी आ गई। आपात लैंडिंग इसलिए ▸▸ शेष पेज 6 पर

ईपीएफओ से पैसा निकालना आसान

### कैंसिल्ड चेक अपलोड करने की जरूरत नहीं




■ लगभग आठ करोड़ ईपीएफओ सदस्यों को फायदा

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सदस्यों को पीएफ खातों से ऑनलाइन धनराशि निकालने के लिए आवेदन करते समय, यूएएन (यूनिवर्सल अकाउंट नंबर) या पीएफ नंबर से जुड़े बैंक खाते की चेक लीफ या पासबुक की सत्यापित फोटो कॉपी अपलोड करनी होती थी। अब इस जरूरत को सरकार ने खत्म कर दिया है। रिटायरमेंट बॉडी ने इन फैसलों के साथ ग्राहकों के लिए दावा प्रक्रिया ▸▸ शेष पेज 6 पर

## बैंकॉक में 'रामकियेन' देखने के बाद पीएम मोदी ने कहा-'दिलों और परंपराओं को जोड़ती है रामायण'




**मंत्रोच्चार, गीता और स्वर्णमंदिर का स्मृति चिन्ह भेंट किया**

बैंकॉक। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बैंकॉक पहुंचने पर रामायण के थाई संस्करण 'रामकियेन' को देखा। 'रामकियेन' भारत और थाईलैंड के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक है। पीएम ने एक पोस्ट में लिखा, 'एक अद्वितीय सांस्कृतिक जुड़ाव! थाई रामायण, रामकियेन का ▸▸ शेष पेज 6 पर ▸▸ पढ़ें पेज 11 भी

**बनासकांठा की पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट से हुई थी मौत**

## नेमावर घाट पर एक साथ जलीं 18 चिताएं, लोगों की नम हुई आंखें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ देवास/हरदा



■ दो लोगों की पहचान डीएनए टेस्ट से की जाएगी

देवास के 10 मजदूरों के शवों को पहले उनके गांव संदलपुर ले जाया गया। वहां अंतिम दर्शन के बाद उन्हें नेमावर घाट लाया गया। हरदा के 8 लोगों के शवों को सीधे गुजरात से नेमावर घाट लाया गया। अंतिम संस्कार के दौरान स्थानीय प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौजूद थे। पूरे इलाके में शोक का माहौल है और लोगों की आंखें नम थीं। गौर हो कि गुजरात के बनासकांठा में एक पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ। इस हादसे में देवास और हरदा के 18 मजदूरों की जान चली गई। इन सभी के शवों का अंतिम संस्कार नेमावर के नर्मदा घाट पर किया गया। मोहन सरकार ने मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपए की आर्थिक मदद दी है। इस हादसे में कुल 20 से अधिक लोगों ▸▸ शेष पेज 6 पर

**जजों की बैठक में लिया गया अहम फैसला**

## सुप्रीम कोर्ट के सभी न्यायाधीश सार्वजनिक करेंगे अपनी संपत्ति



न्यायाधीश जब भी पदभार ग्रहण करेंगे या कोई अहम जिम्मेदारी लेंगे तो उनको मुख्य न्यायाधीश के सामने अपनी संपत्ति की घोषणा करनी होगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने पर सहमति जताई है। शीर्ष अदालत में हुई न्यायाधीशों की बैठक में यह फैसला लिया गया।

बैठक में मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना सहित 30 न्यायाधीशों ने अपनी संपत्तियों को न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करके सार्वजनिक रूप से प्रकट करने पर सहमति व्यक्त की। सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट के मुताबिक एक अप्रैल को हुई बैठक में जजों ने संकल्प लिया कि न्यायाधीश जब भी पदभार ग्रहण करेंगे या कोई अहम जिम्मेदारी लेंगे तो उनको मुख्य न्यायाधीश के सामने अपनी संपत्ति की घोषणा करनी होगी। अब तक 1997 के एक प्रस्ताव के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के ▸▸ शेष पेज 6 पर

**3 से 4 दिन बाद तापमान में भी होगी बढ़त**

## दो दिन बाद साफ होने लगेगा मौसम इससे पहले आंधी, बारिश और ओले

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

■ पांच जिलों में गिरे ओले भोपाल में अंधड़ के साथ बौछारें

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में 5 अप्रैल के बाद मौसम आमतौर पर साफ होने लगेगा। इससे पहले गुरुवार से शुक्रवार के बीच भोपाल सहित दो दर्जन से ज्यादा जिलों में आंधी के साथ बारिश और कुछ जगह ओले गिरेंगे। अगले तीन दिन प्रदेश में बदले मौसम से तापमान में बदलाव रहेगा, लेकिन इसके बाद गर्मी में तेजी से बढ़त होगी। गुरुवार को भोपाल सहित आसपास के इलाकों में आंधी के साथ बौछारें पड़ीं। रायसेन, औबेदुल्लागंज, बैरसिया, सीहोर



आरिफ नगर शाम 5:25 बजे

के अलावा बालाघाट, बैतूल, खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर, सागर, दमोह, नर्मदापुरम, डिंडौरी आदि जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश-बौछारों का दौर रहा। विदिशा, उदयगिरी और सागर के ▸▸ शेष पेज 6 पर ▸▸ पढ़ें पेज 03 भी

# सिंधी कॉलोनी दुर्गा मंदिर: माता रानी ने स्वयं प्रेरणा दी, तब जाकर हुआ मंदिर निर्माण



## करीब 1991 में मंदिर का किया गया था निर्माण, माता रानी करती हैं भक्तों की मनोकामना पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




पुराने शहर के माता मंदिर क्षेत्र में बना प्राचीन दुर्गा माता मंदिर लोगों की आस्था का केन्द्र है। मंदिर में मां दुर्गा भी विराजमान है। नवरात्रि के साथ साल भर यहां भक्तों की भीड़ लगती रहती है। सबसे प्राचीन दुर्गा मंदिर में मुंहमांगी मुराद पूरी होती है। मुराद पूरी होने पर कई श्रद्धालु परिजनों के साथ प्रणाम करने पहुंचते हैं, जोकि अपनी मनोकामना के अनुसार दान-पुण्य करते हैं। राजधानी के देवी माता के मंदिरों की श्रृंखला में एक और ऐसा मंदिर है, जो न केवल हिंदू, बल्कि सिंधी समाज के लोगों के भी आस्था का केंद्र बना है। यह मंदिर है सिंधी कॉलोनी चौराहा बैरसिया रोड पर देवी मंदिर। मंदिर के पुजारी ने बताया कि इस देवी मंदिर की बाहरी डिजाइन रथाकार रूप में है। इसमें मां दुर्गा के अलावा भगवान भोलेनाथ, हनुमान जी और भगवान झूलेलाल की भी प्रतिमा है। इसको बनाने के लिए यहां के लोगों को जेल तक जाना पड़ा था।



### भोपाल बंद कराना पड़ा था, जेल गए थे लोग

मंदिर निर्माण शुरू किया तो पुलिस व प्रशासन ने उसे रोकना चाहा। प्रशासन के विरोध करने पर श्रद्धालु भड़क उठे। तब संघ नेता उत्तमचंद इसराणी की अगुवाई में आंदोलन हुआ। भोपाल बंद कराना पड़ा था। उस समय बहुत से लोग जेल गए। बाद में प्रशासन को अनुमति देना पड़ी। साल करीब 1991 में मंदिर का निर्माण किया गया।

### पहले यहां झांकी सजाई जाती थी



करीब 36 से 37 साल पहले यहां झांकी सजाई जाती थी। इस दौरान माता रानी ने स्वयं प्रेरणा दी। इसके बाद यहां मंदिर निर्माण कराया गया। यहां उस दौरान कोई देवी मंदिर नहीं था। यहां पर झांकी सजने के दौरान सिंधी समाज के लोगों ने इस स्थान पर मंदिर बनाने का विचार किया। इसके बाद लोगों के सहयोग से माता रानी का मंदिर बनाया गया।

घनश्याम दुबे, पुजारी

### सच्चे मन से मांगी मुरादें होती हैं पूरी

माता रानी से सच्चे मन से अर्जी लगाने पर माता रानी जरूर सुनती हैं। हमारे घर-परिवार में कभी कोई दिक्कत परेशानी आती है या कभी कोई अच्छे काम की शुरुआत होती है, तो हम लोग माता रानी से परेशानी दूर करने व अच्छे काम में सफलता देने की प्रार्थना करते हैं।

राजू ठाकुर, श्रद्धालु



## खबर संक्षेप

### रघुवंशी समाज छह को मनाएगा भगवान श्रीराम का प्राकट्योत्सव

**भोपाल।** रघुवंशी समाज की संस्था रामोत्सव हिंदू सांस्कृतिक उत्सव समिति छह अप्रैल को रवींद्र भवन में भगवान श्रीराम प्राकट्योत्सव मनाएगी। इस कार्यक्रम में भजन गायक पद्मश्री अनूप जलोटा भजनों की प्रस्तुति देंगे। साथ ही संगीतमय सुंदरकांड, भगवान श्रीराम की महाआरती व शोभयात्रा निकाली जाएगी। गुरुवार को समिति के मीडिया प्रभारी सुरेंद्र रघुवंशी, दिव्या रघुवंशी ने बताया कि छह अप्रैल सुबह नौ बजे जवाहर चौक स्थित रघुकुल भवन में सुंदरकांड होगा। जहां भगवान श्रीराम की पूजा के साथ महाआरती होगी। दोपहर तीन बजे शोभायात्रा निकालेगी। यात्रा में भगवान श्री राम का दरबार आकर्षण का केंद्र रहेगा।

### दो लाख 64 हजार 589 बच्चों को पिलाई विटामिन ए की खुराक

**भोपाल।** दस्तक अभियान के तहत भोपाल में दो लाख 64 हजार 589 बच्चों को विटामिन ए का सेवन कराया गया है। भोपाल जिले में सभी लक्षित बच्चों को अभियान में कवर किया गया है। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि पांच साल से कम उम्र के बच्चों में सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी के कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती है, जिससे बच्चे बार-बार संक्रमण से ग्रसित होकर कुपोषित तक हो सकते हैं। इससे बचाव के लिए विटामिन ए खुराक जरूरी है। अभियान में 9 माह से 5 साल के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जा रही है।

### माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर आज दिए जाएंगे व्याख्यान

**भोपाल।** राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में शुक्रवार को दादा माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर व्याख्यान एवं वार्षिक उत्सव प्रतिभा 2025 का आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और वक्ता पद्मश्री से अलंकृत डॉ. कपिल तिवारी होंगे। जयंती प्रसंग पर भारतः ज्ञान परंपरा की भूमि विषय पर तिवारी अपने विचार व्यक्त करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी करेंगे।

## संत नगर से निकली चुनरी यात्रा में विधायक रामेश्वर भी हुए शामिल

# चैत्र नवरात्रि: मंदिरों में उमड़ रही भक्तों की भीड़ जगह-जगह से निकल रही भव्य चुनरी यात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चैत्र नवरात्रि में शहरवासी मां दुर्गा जी की भक्ति में लीन हैं। नवरात्रि के पांचवें दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह से देर रात तक मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान हुए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इधर, मातारानी को चुनरी अर्पित करने से पहले नगर में कई जगहों से चुनरी यात्राएं निकाली गईं। संत हिरदाराम नगर में आयोजित विशाल एवं भव्य चुनरी यात्रा में विधायक रामेश्वर शर्मा भी सम्मिलित होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। देवी मां जगदम्बा सबका कल्याण करें, ऐसी मंगल कामना के साथ प्रार्थना की।



### 521 मीटर लंबी चुनरी यात्रा निकली

जय मां भवानी सेवा समिति की ओर से 521 मीटर लंबी चुनरी यात्रा निकाली गई। कन्याओं के पैर दूध से धोकर पूजन कर अक्षत, फूल और कुमकुम लगाया और माता के जयकारे लगाते हुए चुनरी यात्रा का शुभारंभ किया। चुनरी यात्री गाजे-बाजे के साथ जयकारे लगाते हुए निकली तो युवाओं ने जमकर माता के भजनों पर नृत्य करते हुए चले। वहीं रास्ते में जगह-जगह लोगों ने चुनरी यात्रा पर फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया और माता से आशीर्वाद भी मांगा। चुनरी यात्रा श्याम नगर मस्जिद, राजीव गांधी चौराहा, हबीबगंज थाना, इंदिरा मार्केट, रविशंकर नगर, चार इमली, ऋषि नगर, एकांत पार्क, दुर्गा नगर, कोलार कॉलोनी, चूना भट्टी होते हुए मां कालका बिजासन देवी दरबार पहुंची, जहां मां काली को चुनरी भेंट की। इस चुनरी यात्रा में बच्चे, युवा, बुजुर्ग के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियों ने भी हिस्सा लिया।

### मां दुर्गा की पूजा से परम वैभव की प्राप्ति संभव




*जगत जननी मां दुर्गा की पूजा से परम वैभव की प्राप्ति संभव है। मां दुर्गा की उपासना सक्षात शिव और शिवा की उपासना मानी जाती है। मां दुर्गा शप्तशती में भी इस बात का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। नमो देव्यो महा देव्यै, शिवाय सततं नमः, नमः प्रकत्यै भद्राय नियतः प्रणताः स्मतम। मां दुर्गा को श्रृष्टि की आदि श्रोत और सब कुछ की नियंत्रक कहा जाता है। सारा संसार उनके चरणों में नतमस्तक होता है। सृष्टि के रचयिता आदि शिव की अर्धांग्नी शिवा से मां दुर्गा और मां काली की उत्पत्ति हुई है। इसलिए मां दुर्गा जो कि शिव-शिवा की प्रतिरूप सर्वश्रेष्ठ महाशक्ति हैं। जिस प्रकार भगवान शिव इस संसार के संहारकर्ता हैं, वैसे ही सत्य सनातन धर्म की रक्षा व अधर्मो व असुरों के संहार के लिए मां दुर्गा का प्राकट्य हुआ है। मां दुर्गा के नौ स्वरूप हैं। मां दुर्गा इस संसार के कण-कण की प्रत्येक वस्तु की अधिष्ठात्री देवी हैं। समस्त श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण करतीं हैं।* **पीठाचार्य पंडित सुशील महाराज**, *शिव शक्ति धाम सिद्धाश्रम*

### पूजा से होता है मन शुद्ध

### नवरात्रि का वैज्ञानिक आधार व महत्व है

नवरात्रि के पीछे का एक वैज्ञानिक आधार है। पृथ्वी द्वारा सूर्य की परिक्रमा काल में एक साल की चार संधियां होती हैं। जिनमें से मार्च व सितंबर माह में पड़ने वाली गोल संधियों में साल के दो मुख्य नवरात्रि पड़ते हैं। इस समय रोगाणु आक्रमण की सर्वाधिक संभावना होती है। ऋतु संधियों में अक्सर शारीरिक बीमारियां बढ़ती हैं। अतः उस समय स्वस्थ रहने के लिए, शरीर को शुद्ध रखने के लिए, तन-मन को निर्मल रखने के लिए की जाने वाली प्रक्रिया का नाम 'नवरात्रि' है। इसके अलावा हमारे शरीर को नौ मुख्य द्वारों वाला कहा गया है और इसके भीतर निवास करने वाली जीवनी शक्ति का नाम ही दुर्गा देवी है। मुख्य इन्द्रियों में अनुशासन, स्वच्छता, तारतम्य स्थापित करने के प्रतीक रूप में एवं शरीर तंत्र को पूरे साल के लिए सुचारू रूप से क्रियाशील रखने के लिए नौ द्वारों की शुद्धि का पर्व नौ दिन मनाया जाता है। इन नौ दिनों में नौ देवी माता की पूजन करने से मन में शुद्धि आती है।



महंत स्वामी अनिल आनंद, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, अखिल भारतीय संत समिति



# चैत्र छठ पूजा: अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देकर की पूजा-अर्चना

## सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर करेंगे व्रत का पारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोजपुरी समाज का लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा गुरुवार को बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। राजधानी के कई इलाकों में भोजपुरी समाज के लोगों ने छठ पूजा करने घाटों पर पहुंचे और डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और बांस की डलिया और सूप में पकवान और ऋतु फल रख कर सूर्य देव को समर्पित किया। छठ पूजा शहर के शीतल दास की बगिया, कमला पार्क घाट, पतंजलि परिसर, बीडीए कॉलोनी गोदारमऊ, बरखेड़ा स्थित सरस्वती मंदिर, बटुकेश्वर मंदिर हथाइखेड़ा डैम में मुख्य आयोजन किया गया। शुक्रवार को व्रतधारी उगते हुए सूर्य को गाय के दूध से सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित करें, हवन पूजन कर व्रत का पारण करेंगे।

छठ घाटों पर सकल जगतारिणी हे छठी मैया... कांच ही बांस के बहंगिया... पहिले पहिले छठी मैया... जैसे मधुर लोकगीतों से लोग आनंदित हुए। बिहार सांस्कृतिक



परिषद का महापर्व चैत्र छठ के तीसरे दिन सूर्यदेव की आराधना के लिए अस्ताचल सूर्य को प्रथम अर्घ्य देकर व्रत किया गया। आयोजन समिति अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार ने बताया कि इस महापर्व का पारण 4 अप्रैल को दिन शुक्रवार को उदयगामी सूर्य को पारण अर्घ्य अर्पित कर पूर्ण होगा। बरखेड़ा स्थित सरस्वती मंदिर समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष 66वें आयोजन में विशेष व्यवस्था की गई थी।

### छठ पूजन में शामिल लोगों ने किया दीपदान



भोजपुरी एकता मंच की ओर से शीतलदास की बगिया पर चैती छठ पूजन का कार्यक्रम रखा गया था। डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया गया। सूर्य देव की विधि-विधान से पूजन की गई। छठ मैया से देश व प्रदेश की खुशहाली मांगी। इस अवसर पर दीपदान भी किए गया। 1100 जलते हुए दीप तालाब में छोड़े गए। नौका विहार करके श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की गई। इस अवसर पर श्रमश्री संस्था के अध्यक्ष रामबाबू शर्मा सहित बड़ी संख्या में भोजपुरी समाज के लोग मौजूद रहे।

## राज्य शिक्षा केंद्र नहीं कर पाया समय पर कार्रवाई

# मान्यता में उलझ गई आरटीई प्रवेश की प्रक्रिया, एक माह की देरी से होंगे प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के निजी स्कूलों की मान्यता को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किए गए बदलाव और लेटलतीफी के चलते आरटीई प्रवेश की प्रक्रिया उलझ गई है। नतीजन इस बार आरटीई के तहत प्रवेश के लिए प्रदेश के बच्चों को अभी इंतजार करना पड़ेगा। जानकारों की माने तो इस बार करीब एक माह देरी से यह प्रक्रिया शुरू हो सकेगी।

दरअसल, निजी स्कूलों की मान्यता की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकती है। स्कूल शिक्षा विभाग फिलहाल कई स्कूलों की मान्यता को लेकर की गई अपील पर सुनवाई कर उनका निराकरण करेगा। इन स्कूलों की संख्या बढ़ भी सकती है। ऐसे में आरटीई की प्रक्रिया शुरू करने के लिए स्कूलों की सीटों को लेकर अब तक की स्थिति साफ नहीं हो पाई है। नतीजतन प्रवेश प्रक्रिया की समय-सारणी भी तैयार नहीं हो सकती है। बता दें कि पिछले साल आरटीई के तहत प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया 23 फरवरी से शुरू हो गई थी और मार्च माह तक लॉटरी के माध्यम से सीटों का आवंटन भी कर दिया गया था।

## बिड़ला मंदिर में श्रीमद् देवी भागवत कथा

# माता ने समस्त राक्षसों का वध किया तो देवताओं ने की स्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर बिड़ला मंदिर भोपाल में श्रीमद् देवी भागवत कथा के विश्राम दिवस पर कथा व्यास प कृष्णदास पाठक ने बताया कि माता ने समस्त राक्षसों का वध कर दिया, तब सभी देवताओं ने मां दुर्गा की स्तुति की। माता ने प्रसन्न होकर देवताओं की इच्छा पर वरदान दिया कि जब भी कोई इन चार पापों से दूर रहकर मेरी भक्ति करेगा, मैं उसे इच्छित फल प्रदान करूंगी।

चार पाप इस प्रकार हैं... पहला मांस आहार, दूसरा मदिरा आदि का नशा, तीसरा जुआ और चौथा



वेश्यगमन। देवीभागवत कथा में महाभारत के एक प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि भगवान शास्त्रों के रूप में साक्षात हमारे पास हैं, हमे शास्त्रों को पढ़ना-सुनना चाहिए और मानना चाहिए। हमें दुर्योधन न बनकर अर्जुन बनना चाहिए। क्योंकि दुर्योधन ने साक्षात भगवान के मुख से सुनकर भी धर्म आचरण नहीं किया, परिणाम भी वैसा ही रहा। देवी मां दुर्गा ही अपने अन्य रूप धारण करती हैं जिनमें सीता, राधा, सावित्री, लक्ष्मी आदि। रामकथा के प्रसंग में कहा कि रावण ने स्वयं श्रीराम की प्रशंसा करते हुए कहा था श्रीराम स्वयं धर्म की मूर्ति हैं।

## रेस्टोरेंट में खराब मीटर से चल रही थी बिजली

# जूनियर इंजीनियर पर कार्रवाई तो मीटर रीडर की सेवा समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने गत बुधवार को सीहोर संभाग के अम्लाहा वितरण केंद्र अंतर्गत अनेक घरेलू और गैर घरेलू कनेक्शनों की जांच के दौरान हाईवे किनारे स्थित रेस्टोरेंट में स्थापित अस्थाई कनेक्शन का मीटर खराब पाए जाने पर वितरण केंद्र अम्लाहा के जूनियर इंजीनियर सत्येंद्र सिंह के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के साथ ही एक मीटर रीडर की सेवाएं समाप्त करते हुए ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की है। निरीक्षण के दौरान निदेशक सुधीर कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक भोपाल क्षेत्र अमृतपाल सिंह, महाप्रबंधक सीहोर वृत्त सुधीर कुमार शर्मा, उप महाप्रबंधक सीहोर संभाग अमित राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### 11 हजार किसानों ने लिया पांच रुपए में कृषि पंप कनेक्शन

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में ग्रामीण कृषि उपभोक्ताओं को पांच रुपए में स्थाई कृषि पंप कनेक्शन दिया जा रहा है। अब तक 10 हजार 963 कृषि उपभोक्ताओं ने स्थाई कृषि पंप कनेक्शन लिया है। कंपनी ने कहा है कि कृषि पंपों के कनेक्शनों की संख्या बढ़ाए जाने के लिए ऐसे कृषक जो विद्युत की उपलब्ध लाइन के समीप स्थित हैं, उनको सुविधानुसार आसानी से स्थाई कृषि पंप कनेक्शन दिया जा रहा है। मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा वर्ष 2024-25 में विद्युत की चोरी के 88 हजार 115 प्रकरण दर्ज कर 19410.53 लाख से अधिक की बिलिंग की जाकर 11587.17 लाख से अधिक की वसूली की गई है।

## बाथरूम में लगे मिले थे कैमरे

# बाल आयोग का एक्शन स्कूल की नींद उड़ी, कैमरे हटाने का दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इंदौर के लिटिल वंडर्स कॉन्वेंट स्कूल में मप्र बाल आयोग की टीम के औचक निरीक्षण में चौकाने वाले खुलासे हुए हैं। टीम को निरीक्षण के दौरान बच्चों के बाथरूम में सीसीटीवी कैमरे लगे पाए गए। जिला शिक्षा अधिकारी समेत छह अफसरों की टीम ने 3 घंटे तक चली ताबड़तोड़ जांच में स्टाफ से कड़ाई से पूछताछ की और सभी पक्षों के बयान लिए हैं। मामले में स्कूल प्रबंधन से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। दरअसल, मामला कुछ छात्रों द्वारा स्कूल स्टाफ के मीम्स सोशल मीडिया पर साझा है, जिसके बाद स्कूल ने गुस्से में आकर तीन छात्रों को बाहर का रास्ता दिखा दिया था। जानकारी के अनुसार, मामले में आयोग व स्कूल शिक्षा विभाग की टीम स्कूल पहुंची थी। इस दौरान निष्कासित तीन छात्रों का टर्मिनेशन रद्द करने और उन्हें नियमित कक्षाओं में लाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, प्रभावित बच्चों के लिए काउंसलिंग का इंतजाम करने को कहा। जांच टीम ने स्टाफ, अभिभावकों और छात्रों के बयान दर्ज किए। मामला गंभीर देख आगे की कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए।

## खाद्य सुरक्षा के अनुपालन की करेंगे जांच

### भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण भारत सरकार की घोषणा

# वल्लभ भवन सहित छह संस्थानों को ईट राइट कैंपस घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के वल्लभ भवन सहित छह संस्थानों को ईट राइट कैंपस घोषित किया गया है। यह घोषणा गुरुवार को भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण, भारत सरकार के द्वारा की गई है। इनमें वल्लभ भवन के साथ इंडियन इंस्टीट्यूट आफ फारेस्ट मैनेजमेंट, एमपी वाल्मी, एक निजी होटल और दो अस्पतालों को ईट राइट कैंपस घोषित किया गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि ईट राइट कैंपस प्रमाणन की प्रक्रिया के दौरान संस्थानों में खाद्य सुरक्षा के



अनुपालन की जांच की जाती है। प्रशिक्षित पर्यवेक्षकों की देखरेख में सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदाय करने वाले संस्थानों को फूड सेफ्टी आडिट के बाद ईट राइट कैंपस घोषित किया जाता है। भोपाल में वर्ष 2022 से प्रशासनिक अकादमी, हमीदिया अस्पताल, अक्षय पात्रा, एम्स भोपाल, जेपी अस्पताल सहित कुल 25 संस्थानों को ईट राइट कैंपस की मान्यता मिली है।

### स्कूलों से मध्यान्ह भोजन के लिए सैंपल

गुरुवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने भोपाल स्थित छह विद्यालयों में बनाए जा रहे मध्यान्ह भोजन के नमूने एकत्र किए गए। इनमें ईंटखेड़ी सड़क, कोंडिया, अरवलिया, श्याम सेमरा (सैमरा सैयद), बगोनिया चन्द्रशेखर आजाद सहित अन्य स्कूलों में छात्रों के लिए बनाए गए खीर, सब्जी, पुड़ी, पके हुये चावल, कढ़ी आदि के नमूने एकत्र कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए हैं।

## एमआईसी सदस्य भी क्षेत्र में खर्च कर सकेंगे एक करोड़ निधि

# वार्डों में अब 25 की जगह 50 लाख खर्च कर सकेंगे पार्षद

हंगामे के बीच नगर निगम ने पेश किया 10 करोड़ 7 लाख चार हजार रुपए घाटे का बजट

### महापौर को 10, अध्यक्ष को 5 करोड़ की निधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम ने भले ही 110 करोड़ 7 लाख चार हजार रुपए घाटे का बजट पेश किया हो, लेकिन वार्डों में विकास के कामों को लेकर पार्षद निधि को दोगुना कर दिया है, जिससे वार्ड में अब पार्षद निधि से 50 लाख रुपए तक के निर्माण कार्य कराए जा सकेंगे। जबकि महापौर की निधि को पांच करोड़ से बढ़ाकर दस करोड़ और एमआईसी सदस्यों की निधि एक करोड़ रुपए कर दी है। जबकि इसके पहले सदस्यों को पार्षदों के बराबर निधि दी जाती थी। एमआईसी सदस्यों की निधि को एक करोड़ रुपए करने के मुद्दे पर बैठक में हंगामा शुरू हो गया। कांग्रेसी पार्षदों ने निधि देने का विरोध किया तो एमआईसी सदस्य और भाजपा पार्षद संपत्ति कर के आधार पर ही वार्डों में राशि देने की मांग करने लगे। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष अध्यक्ष की कुर्सी के सामने आ गए। कांग्रेसी पार्षदों ने अध्यक्ष की आसंदी घेर ली। वही दोनों पक्ष की तरफ से नारेबाजी की जाने लगी।



एमआईसी सदस्यों की निधि एक करोड़ रुपए करने के मुद्दे पर बैठक में जबरदस्त हंगामा

### टैक्स में तीन लाख का नोटिस, 90 हजार जमा

*भाजपा के पार्षद देवेंद्र भार्गव ने वार्डों में प्रॉपर्टी टैक्स में हो रही वसूली का मुद्दा उठाया। उन्होंने दस्तावेज दिखाते हुए कहा कि आम लोगों से लूट की जा रही है। पहले लाखों के नोटिस दिए जाते हैं। जब समझौता होता है तो आधी राशि निगम के खाते में जमा होती है और बाकी अधिकारी रख लेते हैं। कई लोगों को तीन लाख रुपए का नोटिस दिया और निगम के खाते में 30 हजार जमा किए, जबकि उपभोक्ता से 90 हजार रुपए ले लिए गए। उन्होंने कहा कि जोन प्रभारी अपर आयुक्त बनने का सपना देखते हैं।*

### सदन की अनुमति से जाएगा पार्षद के निलंबन का प्रस्ताव

पार्षद देवेंद्र भार्गव ने सवाल उठाया कि यह किस नियम में लिखा है कि निगम कमिश्नर को किसी पार्षद को हटाने का अधिकार है। उन्होंने बताया कि निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण ने पार्षद अरविंद वर्मा को हटाने का प्रस्ताव रखा था। यह मामला एएचओ और पार्षद के बीच हुई नोकझोंक से जुड़ा था। भार्गव का कहना था कि यदि पार्षद ने कुछ गलत कहा तो जरूर हालात इतने बिगड़े होंगे कि उन्हें ऐसा कहना पड़ा। जिस पर महापौर ने इस बात का समर्थन किया, जिसको लेकर अध्यक्ष ने आसंदी से व्यवस्था देते हुए कहा कि आगे से सदन की अनुमति के बाद ही किसी भी पार्षद के निलंबन का प्रस्ताव भेजा जाएगा।



### जोन 13 के जेडओ को हटाया

पार्षद देवेंद्र भार्गव द्वारा जोन 13 के जोनल अधिकारी कुलदीप जैन के बारे में कर्मचारियों और पार्षदों से अभद्र व्यवहार को लेकर जांच और कार्रवाई की मांग रखी। जिसके बाद अध्यक्ष ने आसंदी से ही जेडओ जैन को हटाने के आदेश जारी कर दिए।

*रात 8 बजे तक हंगामा, फिर भी मंजूरी*

## एमआईसी सदस्य निधि पर हंगामे के साथ बजट मंजूर

एमआईसी सदस्यों को एक करोड़ रुपए निधि का मुद्दा कांग्रेस के साथ भाजपा पार्षदों तक पहुंच गया, पार्षदों का कहना था कि सदस्य अपने वार्ड तक सीमित रहते हैं, जिसको लेकर रात 8 बजे तक हंगामा चलता रहा। इस हंगामे के बीच बजट को मंजूरी दी गई। दरअसल, यह मुद्दा कांग्रेस के पार्षद सरवर ने उठाया था, जिसके बाद कांग्रेस पार्षदों ने जोरदार हंगामा किया। इस दौरान भाजपा पार्षद भी इस बात पर उतर आए कि संपत्तिकर के हिसाब से पार्षद निधि दी जाए।

### मुख्यालय की लागत बढ़ाने पर हंगामा

*निगम मुख्यालय निर्माण की राशि में 7 करोड़ की बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा गया था। सुनते ही कांग्रेस पप्पू विलास ने कहा कि काम पहले ही लेट हो चुका है, लागत बढ़ाना गलत है। उन्होंने इस प्रस्ताव को परीक्षण के बाद पास करने की मांग की। मेंबर रविंद्र यति ने निगम मुख्यालय की खासियत गिनाईं, लेकिन पार्षद हिमांशु कंसाना और गुड्डू चौहान ने अधिक जीएसटी देने पर आपत्ति जताई।*

### टैक्स बढ़ाने के खिलाफ जाएंगे कोर्ट

धारा 132 की उप धारा में प्रावधान है कि 31 मार्च के बाद कोई कर नहीं बढ़ा सकते। हम इसके खिलाफ कोर्ट जाएंगे। नगर निगम ने किस आधार पर जनता पर टैक्स बढ़ाया है।

**शबिस्ता जकी**, नेता प्रतिपक्ष

### यह भी रखा बजट में प्रावधान

- *सड़कों की मरम्मत के लिए 30 करोड़ रुपए*
- *स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुधारने के लिए 11 करोड़*
- *मुख्य मार्गों और चौकों के सौंदर्यीकरण 12 करोड़*
- *नाले-नालियों के लिए 11 करोड़*
- *एनडीआरएफ से नाले सुधारने 200 करोड़*
- *तालाब संरक्षण के लिए 3 करोड़*
- *विसर्जन घाटों के लिए 32 करोड़*
- *स्कूलों के निर्माण और विकास कामों के लिए 30 करोड़*
- *निगम कर्मचारियों के छात्रों को मैरिट लाने पर 10वीं-12वीं के छात्रों को दस-दस हजार की राशि*
- *सिटी बसों के लिए महापौर स्मार्ट पास की होगी शुरुआत*
- *हेरिटेज प्रवेश द्वार के लिए 30 करोड़*
- *गीता भवन के निर्माण के लिए 20 करोड़*
- *प्रधानमंत्री आवास के लिए 400 करोड़*
- *व्यवसायिक परिसरों के लिए निर्माण के लिए 60 करोड़ रुपए*


### कई सौगात दीं

निगम ने 3611 करोड़ रुपए से अधिक के बजट में शहर को विकास की सौगातें देने के लिए हमने कई प्रावधान किए हैं। इनमें शहर के सात प्रवेश द्वार, विसर्जन घाट सहित कई प्रस्तावों के लिए बजट रखा है। जल्द ही परिषद हाल भी बनाया जाएगा। वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर आए प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास किया किया गया। स्मार्ट सिटी सरकारी क्वार्टर और निर्माणाधीन निगम मुख्यालय का नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से रखा गया।

केंद्र सरकार ने स्टेंट के दाम 2% बढ़ाए

## हार्ट ब्लॉकेज खोलने वाले स्टेंट की बढ़ी कीमत, अब 40 हजार के स्टेंट के 400 रुपए देने होंगे ज्यादा

भोपाल में हर रोज 30 से ज्यादा मरीजों को लगाए जाते हैं स्टेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्र सरकार ने दिल की धमनियों में ब्लॉकेज दूर करने के लिए कोरोनरी स्टेंट की कीमतों में इजाफा कर दिया है। इसके बाद दिल का इलाज और महंगा हो जाएगा। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) की ओर से स्टेंट की कीमतों में दो फीसदी इजाफा किया गया है। इसके बाद बेयर मेटल स्टेंट 200 रुपए और ड्रग इल्यूटिंग स्टेंट 800 रुपए महंगा हो गया है। मालूम हो कि राजधानी में हर रोज 25 से 30 मरीजों को स्टेंट लगाए जाते हैं। केंद्र ने राज्य के सभी ड्रग कंट्रोलरों को कीमतों पर नियंत्रण और मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए हैं।

### प्रोसीजर चार्ज बढ़ाने की तैयारी

स्टेंट के दाम बढ़ने के बाद निजी अस्पतालों ने प्रोसीजर चार्ज बढ़ाने की तैयारी कर ली है। दो साल में एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी में 25 से 50000 रुपए तक महंगे हो चुके हैं। आईसीयू चार्ज, डॉक्टरी फीस, दवाएं, अन्य टेस्ट के नाम पर बड़ी रकम चुकानी पड़ रही है।

### तीन साल पहले भी बढ़े थे दाम

वर्ष 2017 में स्टेंट का मूल्य नियंत्रण किया गया।
वर्ष 2023 में स्टेंट के दाम में 10 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गई थी।

### क्या होता हैं स्टेंट

- *डीईएस, बेयर मेटल और बॉयोडिग्रेडिबल की कीमतें बढ़ीं।*
- *दिल की धमनियों में ब्लॉकेज दूर करने 'कोरोनरी स्टेंट' का इस्तेमाल किया जाता है।*
- *आर्टरी यानी धमनियों के कमजोर पड़ने पर भी किया जाता है, जिससे रक्त प्रवाह में मदद मिल सके।*
- *जिन स्टेंट पर दवाओं का लेपन नहीं होता, उन्हें बीएमएस कहते हैं।*
- *हार्ट अटैक में स्टेंट लगाते हैं। दिल में संकरी धमनियों को खोलने के लिए स्टेंट डालने की प्रक्रिया एंजियोप्लास्टी कहलाती है।*

### अब कितना महंगा हुआ स्टेंट

| स्टेंट का प्रकार | पहले की कीमत | नई कीमत | बढ़ोत्तरी |
|---|---|---|---|
| बेयर मेटल स्टेंट | 10,000 | 10,200 | 200 |
| ड्रग इल्यूटिंग स्टेंट | 40,000 | 40,800 | 800 |

## खबर संक्षेप

### अब आयुष डॉक्टर भी बन सकेंगे खाद्य सुरक्षा अधिकारी

**भोपाल।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के अनुसार, खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियम, 2011 के नियम 2.1.3 के उपनियम (1) के खंड के अंतर्गत उल्लेखित खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद के लिए अब बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड शल्य चिकित्सा विषय में स्नातक की डिग्री को मान्यता दी गई है, जिसे भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने केंद्र सरकार के अनुमोदन से स्वीकृत किया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी में तीन पद की मान्यता आयुष विभाग को दे दी गई है। नीमा छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि आहारशुद्धौ सत्वशुद्धिः आहार से ही मन पवित्र रहता है। केंद्रीय सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा के हित में आयुष का योगदान लेना सराहनीय निर्णय है। मप्र लोक सेवा आयोग से आग्रह है कि वर्तमान में जो खाद्य सुरक्षा अधिकारी के लिए पोस्ट निकाली गई हैं, उसमें केंद्र सरकार के निर्णय के परिपालन में उक्त पोस्ट के लिए आयुष विभाग को भी सम्मिलित करें।

### वकीलों को तीन माह तक मिली काला कोट पहनने से छूट

**भोपाल।** प्रदेश की सभी निचली अदालतों में विधि व्यवसाय करने वाले वकील भीषण गर्मी में 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक तीन माह की अवधि में बिना काला कोट पहने विधि व्यवसाय कर सकेंगे। बार कौंसिल ऑफ इंडिया के नियमों को शिथिलता प्रदान किए जाने के निर्णय के पालन में मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद ने गुरुवार को एक परिपत्र जारी करते हुए करते हुए प्रदेश के सभी अधिवक्ता संघों को आदेश का पालन कराए जाने के निर्देश दिए हैं। भीषण गर्मी के तीन महीने 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक वकील केवल सफेद शर्ट और सफेद ,काली अथवा ग्रे धारीदार पेंट तथा एडवोकेट बैंड पहन कर विधि व्यवसाय कर सकेंगें। बार कौंसिल ऑफ इण्डिया के इस निर्णय से मप्र की सभी निचली अदालतों के वकीलों को लाभ होगा।

रेलवे नई व्यवस्था लागू करने पर कर रहा विचार

## भगदड़ जैसी स्थिति न बने, इसलिए जितनी जनरल सीट, उससे डेढ़ गुना ही टिकट बिकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समर सीजन में रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे नई व्यवस्था लागू करने पर विचार कर रहा है।

अगर सब ठीक रहा तो मई से रेलवे ट्रेन की क्षमता के हिसाब से टिकट जारी के संबंध में आदेश जारी कर सकता है। इसके हिसाब से ट्रेन में जितनी सीटें होंगी, उससे कुछ फीसदी ज्यादा ही टिकट बेचे जाएंगे। जनरल टिकटों के लिए यह सीमा तय सीटों से डेढ़ गुना तक ही ज्यादा रहेगी। टिकटों की बिक्री ट्रेन के हिसाब से होगी। यानि जिस ट्रेन से यात्रा करना है, उसका नंबर जनरल टिकट पर दर्ज रहेगा। हालांकि रेलवे पहले चरण में यह व्यवस्था जनरल कोचों पर लागू करेगा। यह प्रयोग



सफल रहा तो भी स्लीपर श्रेणी पर भी इस तरह की व्यवस्था लागू की जा सकेगी। पहले यह योजना जनरल व स्लीपर श्रेणी के कोचों में एक साथ लागू करने की थी, लेकिन अभी जनरल श्रेणी के कोचों में इस तरह की व्यवस्था समर सीजन में लागू करने का विचार है। स्टेशन प्रबंधक स्टेशन से गुजरने व प्रारंभ होने वाली ट्रेनों और उनकी यात्री क्षमता के हिसाब से टिकट बिक्री रोक सकेगा। सामान्य टिकटों में एक व्यवस्था और जोड़ी जा सकती है।

### कुंभ में मची भगदड़ से रेलवे ने लिया सबक

यात्री सफर से 24 घंटे पहले टिकट खरीदकर गंतव्य की किसी भी ट्रेन में यात्रा कर सकते हैं। गंतव्य के लिए ट्रेन कोई भी हो, जब तक यात्री जनरल टिकट मांगते हैं, रेलवे उन्हें देता है, लेकिन नई व्यवस्था में संख्या सीमित की जाएगी। दरअसल, हाल ही में प्रायागराज कुंभ के चलते दिल्ली सहित कुछ स्टेशन पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई थी। इसको देखते हुए समर सीजन में यात्रियों की भीड़ को देखकर रेलवे इस योजना का जल्द से जल्द लागू करने पर विचार कर रहा है।


शहर का ऐसा मौसम: सुबह-शाम हवा में नमी, उमस बढ़ी

## बादलों की आवाजाही, आधे शहर में बौछारें, आधे में धूप

सुबह से शाम तक चलती रही तेज हवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में गुरुवार को मौसम अजब गजब रहा। अप्रैल की शुरुआत में हवा में मौजूद नमी की मात्रा में सुबह और शाम को आमतौर पर 50 फीसदी से अधिक अंतर रहता है, लेकिन गुरुवार सुबह और शाम को नमी की मात्रा लगभग बराबर रही है। सुबह 8.30 बजे यह 54 फीसदी रही, जबकि शाम 5.30 बजे भी 50 प्रतिशत दर्ज हुई है। इसका असर यह रहा कि सुबह हवाओं में ठंडक रही, जबकि शाम को बादल, धूप के बाद उमस महसूस की गई। दिन का पारा बादलों के कारण 36 डिग्री पर थमा रहा, जबकि रात में हवाओं के असर से आधा डिग्री गिरकर 22 डिग्री रहा। इससे रात के समय भी कुछ राहत रही। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार को भी मौसम ऐसा रहेगा।



दिन का पारा बादलों के कारण 36 डिग्री पर थमा रहा, रात को हवाओं से गिरा आधा डिग्री

### यहां बौछारें, यहां बादल रहे

दोपहर 3 बजे के बाद शहर का मौसम तेजी से बदला। 4 बजे से घने बादल छाए और 4 से 6 बजे के बीच शहर के अलग अलग हिस्सों में बौछारें पड़ीं। इस बीच भानपुर, एयरपोर्ट क्षेत्र, आनंद नगर, अयोध्यानगर, पिपलानी, भेल इलाके में अंधड़ और तेज गरज चमक के साथ बौछारें पड़ीं। वहीं, एमपी नगर, अरेरा कॉलोनी, पुराने शहर के ज्यादातर हिस्से, कोलार आदि क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ बादलों का आना जाना रहा।

### सैलानियों ने किए मजे

दो दिन से शहर में बदले मौसम का सबसे अधिक आनंद सैलानी उठा रहे हैं। हालांकि, शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में फसलें खड़ी होने से लोगों की चिंता बढ़ी है। लेकिन शहर के पिकनिक स्पॉट्स पर घूमने वालों के लिए बादल-बौछारों का मौसम खुशगवार बना है। बोट क्लब, सैरसपाटा, वनविहार सहित शाहपुरा झील के किनारों पर सैलानियों की भीड़ शाम को बढ़ी हुई देखी गई।





# राजधानी के विभिन्न इलाकों में चार की मौत, मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस

## पति से विवाद के बाद मूकबधिर नव विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

◆ पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी में रखवाया

**नहीं मिला सुसाइड नोट, साइन एक्सपर्ट के समक्ष होंगे परिजनों के बयान**

हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित इब्राहिमगंज का मामला



**पूरा परिवार है मूकबधिर**

पुलिस ने बताया कि सावली का पति राकेश पंथी और उनके दो बच्चे मूकबधिर है। इसके अलावा देवर-देवरानी और सावली की सास भी मूकबधिर है। सभी के बयान दर्ज करने साइन एक्सपर्ट की मदद ली जाएगी। बयान होने के बाद ही आत्महत्या के कारण का पता चल सकेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित इब्राहिमगंज में मूकबधिर नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। शुक्रवार को उसका पीएम कराया जाएगा।

प्रारंभिक जांच में पता चला कि उसकी पति से अनबन होती थी। पुलिस के अनुसार श्रावणी सावली पति राकेश पंथी (35) इब्राहिमगंज में रहती थी। उसकी शादी 2020 में राजेश पंथी से हुई थी। राजेश पंथी भी मूकबधिर है।

परिजन ने बताया कि श्रावणी ने बुधवार दोपहर अपने कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद श्रावणी को मृत घोषित कर दिया।

एसआई अमित भदौरिया ने बताया कि मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग डायरी एसीपी को सौंपी गई है। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक पूछताछ में पति-पत्नी के बीच विवाद की बात सामने आई है, ससुराल पक्ष का कहना है कि वर्ष 2020 में शादी हुई थी, लेकिन अभी प्रमाण नहीं दे सके हैं।

## मायके आई महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कान्हासैंया इलाके में मायके आई महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारण पता चल सकेंगे। पुलिस के अनुसार कान्हासैंया बिलखिरिया निवासी मोना (42) का विवाह दामखेड़ा बैरसिया में रहने वाले प्रेमनारायण से हुआ था। पिछले कुछ दिनों से मोना अपने मायके आई हुई थी। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे मोना ने अपनी मां से कहा कि उसके शरीर पर चीटियां काटने जैसा महसूस हो रहा है। देखते ही देखते उसकी हालत और बिगड़ गई। परिजन उसे फौरन पटेल नगर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां से हमीदिया अस्पताल भेज दिया गया। परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## आईएएस के बंगले के बाहर ड्यूटी कर रहे गार्ड की मौत

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित डी 3/10 के सामने बुधवार सुबह निजी एजेंसी के गार्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दरअसल, गार्ड नौकरी कर रहा था और एकाएक चक्कर खाकर गिर गया। पास ही अन्य बंगले पर गार्ड की ड्यूटी कर रहा रिश्तेदार उसे लेकर जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। अनुमान है कि गार्ड की मौत हार्ट अटैक से हुई है। एसआई कमल सिंह चौहान ने बताया कि रघुवीर चौधरी पिता दशरथ चौधरी (47) नर्मदा भवन के पास रहता था और राय सिक्योरिटी एजेंसी में नौकरी करता था। बुधवार को वह चार इमली में डी-3/10 बंगले के बाहर ड्यूटी कर रहा था। सुबह करीब 8 बजे के आसपास उसे अचानक चक्कर आया और वह गिर गया। पास ही बंगले पर ड्यूटी कर रहे उसके जीजा ने भी उसे तड़पते हुए देखा और जय प्रकाश अस्पताल ले गया। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद रघुवीर को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि डी-3/10 आईएएस बैस रहते हैं।

### रिटायर्ड सूबेदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सेना के रिटायर्ड सूबेदार की अचानक तबियत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। अस्पताल ले जाने से पहले ही उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक इंदिरा आश्रय कॉलोनी करोंद निवासी विनय किशोर त्रिपाठी भारतीय सेना से सूबेदार पद से दिसंबर 2021 में रिटायर हुए थे। उनकी पत्नी पुणे में प्रोफेसर हैं, जबकि बच्चे बेंगलुरु में पढ़ाई कर रहे हैं। विगत एक अप्रैल की रात करीब 11 बजे अचानक विनय किशोर की तबियत खराब हो गई। लगातार उल्टियां होने के बाद वह बेहोश हो गए थे। पिता समेत अन्य परिजन उन्हें बैरागढ़ के मिलिट्री अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां परीक्षण के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस भी अस्पताल पहुंची। बुधवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

**खबर संक्षेप**

### सीएम का पुतला दहन करने वालों पर एफआईआर

**भोपाल।** हबीबगंज पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय (पीसीसी) के सामने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला दहन करने के मामले में जिला कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष राहुल सिंह राठौर सहित कार्यकर्ताओं पर प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बुधवार को पीसीसी के सामने कांग्रेस कार्यकर्ता इकट्ठा हुए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकायुक्त के प्रकरण में सौरभ शर्मा और चेतन को जमानत मिल गई है। सौरभ और चेतन को जमानत मिलने का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध किया था।

### स्थानीय नेता तामोट के विकास पर नहीं दे रहे ध्यान

**तामोट।** स्थानीय नेता तामोट के विकास के लिए गंभीर नहीं हैं। तामोट में अस्पताल भवन नहीं है, अस्पताल रोड पर कीचड़ रहती है, स्कूल भवन जर्जर है, नगर में अतिक्रमण हो रहा है इसके बाद भी नेता ध्यान नहीं देते। तामोट के युवा अब स्थानीय नेताओं को जगाने का अभियान चलाएंगे। तामोट में बड़े-बड़े नेता है कोई केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का करीबी है, तो कोई विधायक सुरेंद्र पटवा का खास है। मगर ये नेता नगर की समस्या के मुद्दे को नहीं उठाते। भाजपा नेता पद पाने के लिए तो भाग दौड़ करते हैं, मगर समस्याओं के निराकरण के मामले पर मौन रहते हैं।

### विधायक पटवा से सौजन्य भेंट, की चर्चा



**औबेदुल्लागंज।** जन दर्शन कार्यक्रम के तहत गुरुवार को औबेदुल्लागंज के प्रभावशाली सामाजिक कार्यकर्ता अंकित अग्रवाल और मेडिकल एसोसिएशन के अंकुर अग्रवाल ने विधायक सुरेंद्र पटवा से सौंजय भेंट कर नगर और क्षेत्र के विकास पर चर्चा की।

### सेवा समिति ने मनाई वरिष्ठ शिक्षाविद् की पुण्यतिथि



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में सामजिक संस्था सेवा समिति द्वारा गुरुवार को दीप विद्या निकेतन में सेवा समिति के संस्थापक व वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. राजकिशोर श्रीवास्तव की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई गई। सेवा समिति पदाधिकारियों द्वारा उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर सेवा समिति उपाध्यक्ष संजय जैन, स्वामी विवेकानंद स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष विनोद जैन, प्राचार्य बीआर चिल्लाटे, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, अंशुल जैन, विद्यालय की शिक्षिकाएं सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2738 | | |
| दिन: | 178 | 61 | 560 |
| रात: | 466 | 67 | 160 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 147 | 22 | 499 |
| रात: | 249 | 59 | 234 |

## बागसेवनिया पुलिस ने एक महिला और उसके साथी को किया गिरफ्तार

# बच्चों के साथ अंधे बनकर रैकी करते थे युवक युवती, मौका मिलते ही चुरा लेते थे मोबाइल

◆ छह मोबाइल बागसेवनिया, गोविंदपुरा से दो और अन्य आठ मोबाइल अलग-अलग जगह से चोरी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**महिला और उसके साथी से चोरी के 16 मोबाइल बरामद**



काजल मोदी, आरोपी



कमलेश मोदी, आरोपी

**पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी फुटेज**

घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। इसके बाद टीम बनाकर आरोपियों की तलाश की। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि हबीबगंज नाका ब्रिज के पास एक महिला व एक युवक मोबाइल बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। संदेह के आधार पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया। उन्होंने अपने नाम कमलेश मोदी पिता कौआ मोदी (22) कटनी रेलवे स्टेशन के पास ब्रिज के नीचे और काजल मोदी पति प्रताप मोदी (27) कटनी रेलवे स्टेशन ब्रिज के नीचे कटनी बताया।

बागसेवनिया पुलिस ने एक महिला और उसके साथी को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के 16 मोबाइल जब्त किए है। जब्त 16 मोबाइल की कीमत 2 लाख 70 हजार रुपए बताई जा रही है। इन मोबाइलों में छह मोबाइल बागसेवनिया, दो मोबाइल गोविंदपुरा और बाकि के आठ मोबाइल अलग-अलग इलाकों से चोरी किए गए थे। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वह कटनी से ट्रेन के माध्यम से भोपाल आते थे और कॉलोनियों में रैकी करने के बाद खुले मकान से मोबाइल चुराकर कटनी लौट जाते थे। आरोपी रैकी करने के लिए बच्चों का सहारा लेते थे और अंधे बनने का नाटक भी करते थे।

पुलिस के अनुसार नारायण नगर निवासी, अंशुल कुमार गौर ने शिकायत करते हुए बताया कि 31 मार्च की सुबह करीब साढ़े 9 बजे वह अपने कमरे में दो मोबाइल क्रमशः आईफोन 11 और वन प्लस नोर्ड को चार्जिंग में लगाकर बाथरूम में गए थे। वहां से कमरे में लौटे तो दोनों मोबाइल टेबल पर नहीं थे। मेरा मोबाइल किसी अजात व्यक्ति ने चोरी कर लिया था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

### पूछताछ में चोरी करना स्वीकारा

पूछताछ में दोनों ने बागसेवनिया इलाके से छह मोबाइल और गोविंदपुरा से दो मोबाइल चोरी करना स्वीकार किया। इसके अलावा आठ अन्य मोबाइल अलग अलग थाना क्षेत्रों से चुराने की बात स्वीकारी। आरोपियों ने बताया कि वह कटनी से ट्रेन के माध्यम से भोपाल आते थे और सुबह के समय कॉलोनियों में घूमकर रैकी करते थे। जिन मकानों का दरवाजा खुला दिखता उसमें घुस जाते थे और मोबाइल उठाकर निकल जाते थे। चोरी के बाद आरोपी ट्रेन अथवा बस केक माध्यम से कटनी चलते जाते थे।

### अंधे बनने का करते थे नाटक

आरोपी छोटे बच्चों के साथ रैकी करने पहुंचते थे। वे खुद को अंधा बताते थे और अंधे बनने का नाटक करते हुए घरों में घुस जाते थे। जिन घरों में कोई नहीं दिखता था उन घरों से मोबाइल उठाकर फरार हो जाते थे।

## रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास से मीडियाकर्मी का मोबाइल झपटा



हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बाहर रेपिडो बुक कर रहे मीडियाकर्मी से अज्ञात बदमाश ने मोबाइल झपट लिया। वे कुछ समझ पाते इससे पहले ही बदमाश मौके से भाग निकला। मीडियाकर्मी ने घटना की शिकायत हबीबगंज थाने में दी है। हबीबगंज पुलिस ने शिकायती आवेदन लेने के बाद जांच का हवाला देकर मीडियाकर्मी को थाने से चलता कर दिया। जानकारी के अनुसार आकाश त्रिपाठी रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के मॉल में संचालित होने वाले डिजीटल प्लेटफार्म में नौकरी करते हैं। उन्होंने हबीबगंज पुलिस को शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि बुधवार रात दफ्तर से छूटने के बाद वे रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बाहर मुख्य सड़क पर पहुंचे और मोबाइल से रेपिडो बुक करने लगे। इसी बीच एक बदमाश आया और उन्हें धक्का देकर उनका मोबाइल छीनकर फरार हो गया। धक्का लगने से वह गिर गए थे। जब तक वह उठते बदमाश तेजी भागकर निकल गया। झपटे गए मोबाइल की कीमत 30 हजार रुपए बताई जा रही है। एएसआई संतोष मरकाम ने बताया कि शिकायती आवेदन ले लिया गया है। जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**युवक के हाथ की अंगुली कटी, काउंटर प्रकरण दर्ज**

## रंजिश में दो पक्षों के बीच हुआ विवाद, तलवार से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित ईश्वर नगर में दो परिवार के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर हमला कर दिया। दोनों परिवार के बीच पहले हुए विवाद के बाद से ही रंजिश चल रही थी। रंजिश और विवाद के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर एक आरोपी को जेल भेज दिया था। जमानत पर जेल से छूटने के बाद आरोपी ने फरियादी के घर जाकर गाली-गलौज कर दी। फरियादी शिकायत लेकर थाने पहुंचा तो दूसरे पक्ष के लोग भी थाने पहुंच गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर प्रकरण दर्ज किया था। बुधवार रात थाने से जब एक पक्ष के लोग घर पहुंचे तो दूसरे पक्ष ने तलवारों से हमला कर दिया। हमले में एक युवक के हाथ की ऊंगली कट गई। हमलावरों ने गाड़ियों में भी तोडफोड़ की है।

जानकारी के मुताबिक ईश्वर नगर निवासी राजेन्द्र राजपूत (41) अपने घर के नीचे किराने की दुकान चलाते हैं। उनका कहना है कि घर के सामने रहने वाले सागर राजपूत और बादल राजपूत उनकी दुकान से बिना पैसों के सामान मांगकर ले जाते हैं। वे अड़ीबाजी करते थे। कई बार सामान के अलावा पैसों की अड़ीबाजी भी की। इसी बात को लेकर कुछ दिन पहले उनके बीच विवाद हुआ था।

**हमलावरों ने गाड़ियों में भी की तोडफोड़**

पुलिस ने राजेन्द्र राजपूत की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर बादल राजपूत को जेल भेज दिया था। दो दिन बाद वह जमानत पर बाहर आ गया और बुधवार को दोनों पक्षों के बीच फिर विवाद हो गया। एक बार फिर मामला थाने पहुंचा। इस बार पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ उभयपक्षीय प्रकरण दर्ज कर लिए। बताया जा रहा है कि जैसे ही राजेन्द्र शिकायत करके थाने से घर लौटे, सागर राजपूत, बादल राजपूत तथा अन्य लोगों ने उनके घर पर तलवारों से हमला बोल दिया। आरोपियों ने दरवाजे पर तलवारें मारीं। घर के सामने खड़ी गाडियों में भी तोडफोड़ कर दी। आरोपियों के हमले में 18 साल के दक्ष राजपूत की अंगुली कट गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



## शाहगंज जोड़ पर सड़क हादसे में तेंदुए की मौत



**औबेदुल्लागंज।** रातापानी टाइगर रिजर्व के अंतर्गत एन एच 46 पर शाहगंज जोड़ के पास एक मादा तेंदुआ की रोड दुर्घटना में मौत हो गई। उसकी उम्र करीबन 2 साल है। सूचना पाते ही मौके पर वन अमला पहुंचा। मौका मुआयना में तेंदुए की मौत का कारण सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन से टकराना बताया गया। वन अपराध प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

तेंदुए को वनमंडलाधिकारी हेमंत रैकवार औबेदुल्लागंज, अधीक्षक रातापानी सुनील भारद्वाज एवं रेंजर बरखेड़ा, विकास कुमार सूर्या वन्य प्राणी चिकित्सक रातापानी, वरिष्ठ पशु चिकित्सक औबेदुल्लागंज सहित वन अमले के समक्ष मौके तेंदुए का शव उठाकर ले गए और उसकी पीएम कराया गया।

**थ्रेशर में हाथ फंसने से किसान की मौत**

## पुलिस ने जांच के बाद थ्रेशर मालिक पर लापरवाही बरतने का दर्ज किया प्रकरण

**भोपाल।** नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव बरखेड़ा कलां में गेहूं निकालते समय एक किसान के हाथ थ्रेशर में फंस गए थे। इस हादसे में उसे गंभीर चोट आई थी। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। जांच में पता चला कि थ्रेशर मालिक की लापरवाही से हादसा हुआ और उसे अपनी जान गंवानी पड़ी। पुलिस ने जांच के बाद थ्रेशर मालिक महेश गौर के खिलाफ लापरवाही बरतने का मामला दर्ज कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि गांव बरखेड़ा कला निवासी अर्जुन गिरी (27) किसान था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा दो छोटी बेटी हैं। मंगलवार सुबह अर्जुन अपने खेत पर थ्रेशर से गेहूं निकाल रहा था, तभी उसके दोनों हाथ थ्रेशर की साफ्ट में फंसकर कट गए। मौके पर मौजूद परिजन उसे इलाज के लिए तत्काल बैरसिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया।

## ठेकेदार पति ने पत्नी को तीन तलाक कहकर खत्म किए संबंध

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र में ठेकेदार द्वारा पत्नी को तीन बार तलाक कहकर उससे संबंध विच्छेद करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी ठेकेदार पर मुस्लिम विवाह संरक्षण अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ईदगाह हिल्स निवासी 47 साल की महिला गृहणी है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया वर्ष 2005 में उनकी शादी ईदगाह हिल्स निवासी वहीद उल्ला से हुई थी। वहीद ठकेदारी करते हैं। लंबे समय तक दोनों में सबकुछ ठीक चला, लेकिन 2022 से विवाद होने लगे। आए दिन विवाद होने से परेशान होकर वहीद उल्ला ने पत्नी को तीन बार तलाक कहकर घर से बेदखल कर दिया।

## स्टेशन रोड पर लगा जाम लोग होते रहे परेशान

**औबेदुल्लागंज।** स्टेशन रोड पर गुरुवार को लंबा जाम लगने से लोग परेशान होते नजर आए। सड़क पर ही नेताओं, व्यापारियों की कारें, बाइक खड़ी करने से एवं सड़क तक चबूतरा बनाने से रोजाना जाम लगता है। वही मेंन चौराहे पर वाहन खड़े होने से वाहनों के आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मेंन चौराहे से बरखेड़ा रोड, बैंक ऑफ इंडिया तक लंबा जाम लगता है। वहीं कुछ दुकानदार दुकान का सामान बाहर रोड तक रख देते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है। इधर, पुलिस जाम लगने पर वहां से गायब हो जाती है।

## सपा के गठन को लेकर भोजपुर विस के कई क्षेत्रों में हो रही चर्चा

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के औबेदुल्लागंज, गौहरगंज, तामोट, खिल्लीखेड़ा, विशनखेड़ा, उमरिया आदि क्षेत्रों में कांग्रेस नेताओं में चर्चा है कि यादव, मुस्लिम समाज, आदिवासी और अन्य कांग्रेस नेता समाजवादी पार्टी का गठन करने वाले हैं। वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि कांग्रेस को बचाना है तो अनुभव वाले नेता को जिला अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष, प्रभावी नेता बनाएं, जिससे कांग्रेस मजबूत और संगठित हो सके। ब्लॉक अध्यक्ष के लिए सरपंच संघ अध्यक्ष राजू मेहरा, दुर्गेश यादव, संजीव नागर तामोट, आशीष गौर, हरजीत सिंह मंगू, विनोद इरपाचे में से कोई भी ब्लॉक अध्यक्ष बनता हैं तो कांग्रेस मजबूत होगी। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, भोजपुर प्रत्याशी राजकुमार पटेल, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष परेश नागर, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष पवित्र कौर, वरिष्ठ पार्षद हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक मिलकर सभी से राय शुमारी कर अध्यक्ष चुनें।

**पुलिस ने भाजपा नेता के भाई के घर से किया था आतंकी को गिरफ्तार**

# सीरियल ब्लास्ट की साजिश रचने वाले आतंकी को भेजा जेल, एनआईए की टीम आज लेकर जाएगी जयपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रतलाम से गिरफ्तार किए गए अल सुफा के आतंकी फिरोज को गुरुवार को जेल भेज दिया गया। जयपुर में सीरियल ब्लास्ट की साजिश के मास्टरमाइंड पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 5 लाख का इनाम रखा हुआ था। दो साल से फरार चल रहे फिरोज को रतलाम पुलिस ने बुधवार को भाजपा नेता के भाई के घर से गिरफ्तार किया था, यह नेता फिरोज का बहनोई लगता है।

फिरोज को रतलाम पुलिस ने सरकारी काम में बाधा पहुंचाने और ड्यूटी पर तैनात पुलिस अफसरों से धक्कामुक्की के आरोप में गुरुवार को अदालत में पेश किया, जहां से उसे



जेल भेज दिया गया। फिरोज को अपने साथ लेकर जाने के लिए जयपुर से एनआईए की टीम रवाना हो गई है, जो शुक्रवार को उसे रतलाम जेल से जयपुर ले जाएगी।

**घर से बुर्का पहनकर ही बाहर निकलता था**

आनंद नगर नामक जिस कॉलोनी में फिरोज ने अपना छिपने का ठिकाना बनाया था, उससे महज 100 मीटर की दूरी पर कलेक्टर, एसपी समेत आला अफसरों के बंगले हैं। हिरासत में पूछताछ के दौरान फिरोज ने बताया कि वह लोगों की निगाह में आने से बचने के लिए इस घर से बुर्का पहनकर ही बाहर निकलता था। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मंसूर जामदार ने बताया कि वे भी इसी घर में रहते हैं, लेकिन उन्हें फिरोज के बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

### पनाह देने वालों से भी होगी पूछताछ

फिरोज के पिता फकीर मोहम्मद के पिता सब्जी के बड़े कारोबारी हैं। गिरफ्तारी के बाद फिरोज को रतलाम के पुराने एसपी ऑफिस में रखा गया था। अब पुलिस रतलाम में फिरोज की मदद करने वालों की भी जांच करेगी, जिनमें पनाह देने वाले भी शामिल हैं।

### 5 लाख का इनामी है आतंकी फिरोज

विदित हो कि 5 लाख का इनामी आतंकी फिरोज उर्फ सब्जी पिछले एक महीने से रतलाम में ही छिपा हुआ था। उसने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मंसूर जमादार के भाई मसरूफ के घर को अपना ठिकाना बनाया था। फिरोज रिश्ते में मंसूर का साला लगता है।

## भगवान संभवनाथ का मनाया मोक्ष कल्याणक महोत्सव

### श्रद्धालुओं ने निर्वाण लाडू भी चढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर द्वारा जैन धर्म के तृतीय तीर्थंकर भगवान संभवनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव गुरुवार को उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। इस दौरान जिनालयों में धार्मिक कार्यक्रम हुए।

प्रातःकाल करतल ध्वनियों के बीच कलशों से भगवान संभवनाथ का अभिषेक मंत्रोच्चार के साथ किया और जगत कल्याण की मंगल कामना के साथ शांतिधारा की। कमेटी के अध्यक्ष विमल जैन राजदीप ने बताया कि अभिषेक व शांतिधारा के बाद अष्टद्रव्यों से



भगवान संभवनाथ की भक्ति भाव से पूजन कर व निर्वाण कांड का सामूहिक उच्चारण कर जन्म- मरण के चक्र से निकलकर मोक्ष प्राप्त करने की भावना को लेकर निर्वाण लाड्डू (मोदक) अर्पण कर भगवान संभवनाथ के जयकारे लगाए। इस अवसर कमेटी संरक्षक कमल कुमार जैन, उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन, रमेश चंद जैन आदि लोग मौजूद थे।

## खबर संक्षेप




### संविदा नीति लागू करने मौन धरने पर बैठे कर्मी

**भोपाल।** कुक्कुट विकास निगम के प्रबंधन की वादा खिलाफी के विरोध में गुरुवार को दूसरे दिन भी कर्मचारी संविदा नीति लागू करने की मांग को लेकर मौन धरने रहकर काम बंद हड़ताल की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यह अब आर-पार की लड़ाई है। जब तक संविदा नीति के आदेश लागू नहीं हो जाते, जब तक हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताल पर बैठे कर्मचारी वैशाली पटेल ने बताया कि बार-बार झूठा आश्वासन देकर प्रबंधन संविदा कर्मचारियों का शोषण कर रहे हैं। मप्र संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर ने बताया कि 22 जुलाई 2023 की संविदा नीति के आदेश जारी करने के लिए कर्मचारियों ने एक से सात जनवरी 2025 तक

### कानून को तार-तार कर रही भाजपाः कमलनाथ

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने आरक्षण के नियमों का सही ढंग से पालन नहीं किया इसलिए हाईकोर्ट ने एमपीपीएससी 2025 की मुख्य परीक्षा पर रोक लगा दी है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि अब हाईकोर्ट ने पूछा है कि आरक्षित वर्ग के कितने योग्य अभ्यर्थियों को अनारक्षित वर्ग में चयनित होने का मौका दिया गया है? नाथ ने कहा कि अगर पिछले कुछ महीनों के मध्य प्रदेश हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के निर्णय देखें तो स्पष्ट समझा जाता है कि भाजपा सरकार के आरक्षण विरोधी रवैये पर शीर्ष अदालतों ने सख्त रुख अपनाया है। ओबीसी और अन्य वंचित समुदाय को आरक्षण से वंचित करने के लिए भाजपा हर हथकंडा अपना रही है। कानून और संविधान की भावना को तार-तार करने में कोई कसर नहीं उठा रखी है। उन्होंने कहा कि पहले मेरी सरकार के समय ओबीसी को दिया गया 27 प्रतिशत आरक्षण षड्यंत्रपूर्वक रोका गया। अब एमपीपीएससी में इस तरह की धोखाधड़ी की जा रही है कि आरक्षित वर्ग के छात्र मध्य प्रदेश के प्रशासन में पहुंच ही न सकें। कांग्रेस इस अन्याय का विरोध कर रही है।

## मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश का हर बच्चा पढ़े-लिखे, आगे बढ़े, इसके लिए सरकार समर्पित होकर कार्य कर रही

# आ लौट चलें योजना में ड्रॉप आउट स्टूडेंट्स को बिना किसी फीस के परीक्षा में बैठने का मिलेगा अवसर

### आत्मनिर्भर मप्र योजना में 100 आकांक्षी युवाओं को रोजगार से भी जोड़ा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को निवास स्थित समत्व भवन में स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक कर नवीन सत्र की तैयारियों के सम्बन्ध में चर्चा की। नए सत्र में विद्यार्थियों को गणवेश एवं पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और 1 से 4 अप्रैल तक प्रदेश में चल रहे स्कूल चलें हम अभियान के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पालन में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे नवाचारों पर प्रसन्नता व्यक्त कर स्कूल शिक्षा विभाग को बधाई दी है।

उन्होंने कहा है कि प्रदेश का हर बच्चा पढ़े-लिखे, आगे बढ़े, इसके लिए पूरी सरकार समर्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने विभाग को यह निष्ठा भाव बनाए रखने और हर बच्चे को शिक्षा मिले, उसे समय पर पुस्तकें, गणवेश, छात्रवृत्ति, साइकिल और अन्य आवश्यक सुविधाएं मिलें, इसके लिए सदैव प्रयत्नशील रहने के निर्देश दिए हैं।



**ईएफए स्कूलों के लिए अलग अलग वेबसाइट बनाई गई**

स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने आ लौट चलें योजना में ड्रॉप आउट विद्यार्थियों को बगैर किसी फीस के परीक्षा में बैठने का अवसर देने और कोचिंग की व्यवस्था करने के नवाचार के बारे में भी बताया। इसी तरह स्कूल मेक ओवर कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को कहानी, कला, साक्षात्कार एवं साहित्य लेखन कला का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बोर्ड द्वारा 53 चयनित ईएफए विद्यालयों के लिए पृथक-पृथक वेबसाइट का निर्माण कराया गया है।

#### स्कूल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 50 हजार से अधिक विद्यार्थी जुड़े

स्कूल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 53 एजुकेशन फॉर ऑल स्कूलों में 50 हजार से अधिक शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को मीडिया और तकनीक के माध्यम से अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने एवं इसके सशक्तिकरण का अवसर प्रदान किया गया है। बोर्ड द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पाठ्यक्रम स्थापित कर विद्यार्थियों को आधुनिक तरीक से कम्प्यूटर पर सभी विषयों का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जा रही है। स्कूलों में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, ऑनलाइन शिक्षण मंच और उपकरणों की स्थापना को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

#### मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड ने विद्यार्थियों के हित में किए हैं 11 नवाचार

*स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग के अधीन मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा विद्यार्थियों के हित में 11 प्रकार के नवाचार किए गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश योजना प्रारंभ की गई है। पमध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के माध्यम से एक महत्वाकांक्षी पायलट प्रोजेक्ट प्रारंभ किया गया है। प्रशिक्षित होने वाले लोग एक ओर रोजगार से जुड़ेंगे, वहीं दूसरी ओर कक्षा 6 से प्रारंभ होने वाले व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए रिसोर्सपर्सन के रूप में भी उपलब्ध होंगे। योजना में प्रदेश के 100 आकांक्षी युवाओं को आवासीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद उन्हें रोजगार से भी जोड़ा जाएगा। मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड ने रूक जाना नहीं योजना को सीबीएसई के लिए भी ऑन डिमांड पर लागू किया गया है।*

### जिला स्तर पर लगाएं उद्यानिकी और खाद्य प्र-संस्करण पर केंद्रित मेले: सीएम डॉ. यादव

# प्रदेश में पीपीपी मोड पर विकसित की जाएंगी नर्सरियां, किसानों को किया जाएगा सम्मानित

### इन्वेस्टर्स समिट के समान उद्यानिकी व खाद्य प्र-संस्करण पर होंगे आयोजन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में उद्यानिकी फसलों की जिलेवार मैपिंग की जाए। विश्वविद्यालय सहित अन्य शासकीय विभागों की खाली जमीनों पर उद्यान विकसित करने तथा प्रदेश में पीपीपी मोड पर नर्सरियां विकसित करने के लिए कार्य योजना बनाई जाए। प्रदेश के सभी जिलों में उद्यानिकी और खाद्य प्र-संस्करण पर केंद्रित वर्कशॉप और मेले आयोजित कर जिलों के किसानों और उद्यमियों को अन्य जिलों में संचालित बेस्ट प्रैक्टिसेज से परिचित कराया जाए।

जिलों में कृषि और उद्यानिकी के क्षेत्र में नवाचार करने तथा अपने स्तर पर उपलब्धियां अर्जित करने वाले किसानों का सम्मान किया जाए। इन्वेस्टर्स समिट के समान प्रदेश में उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण पर समिट का आयोजन हो। डॉ. यादव ने समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में उद्यानिकी तथा खाद्य प्र-संस्करण विभाग की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए।

**मुख्यमंत्री ने की उद्यानिकी तथा खाद्य संस्करण विभाग की समीक्षा**



#### रोजगार के अवसर निर्मित करने की दिशा में काम हो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश, भौगोलिक दृष्टि से सम्पन्न है, साथ ही सिंचाई और बिजली की भी पर्याप्त उपलब्धता है। प्रदेश की उद्यानिकी के क्षेत्र में राष्ट्रीय औसत से भी आगे निकले। उद्यानिकी के साथ खाद्य प्र-संस्करण के माध्यम से रोजगार के अवसर निर्मित करने की दिशा में भी अंतर्विभागीय समन्वय के साथ कार्य किया जाए। विभाग में विशेषज्ञों तथा तकनीकी दक्षता पर केंद्रित सेल स्थापित कर खाद्य प्र-संस्करण क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं को प्रोत्साहित किया जाए। प्रदेश के तीनों क्षेत्रों चंबल-मालवा और महाकौशल में उद्यानिकी की गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से क्षेत्र विशेष की आवश्यकता के अनुसार कार्य योजना बनाई जाए।

#### आगामी माह में नीमच, मंदसौर में औषधीय कृषि के लिए उद्यानिकी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी विधायक और पंचायत प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में आदर्श बागवानी या नर्सरी विकसित कर क्षेत्र के किसानों को प्रेरित करें। श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए किसानों को पुरस्कृत करने की व्यवस्था भी हो। बैठक में बताया गया कि आगामी माह में नीमच, मंदसौर में औषधीय कृषि के लिए उद्यानिकी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होगा। प्रदेश में 22 लाख 72 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में उद्यानिकी फसलें ली जा रही हैं।

**कुशल वित्तीय प्रबंधन से जन हितैषी कार्यों का विस्तार**

#### पुरानी देनदारी चुका कर विकास के विविध पैमानों पर आगे बढ़ रहा मप्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार कुशल वित्तीय प्रबंधन के आधार पर अपनी पुरानी देनदारी चुका कर नई दृष्टि से विकास के पैमानों पर आगे बढ़ रही है। विकास के साथ औद्योगिक गतिविधियों और जन हितैषी कार्यों का विस्तार इन्हीं दृढ़ संकल्पों की परिणति है। प्रदेश सरकार ने इस वर्ष बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया, बावजूद इसके गत वर्ष की तुलना में बजट में 16 प्रतिशत की वृद्धि की गई। कुशल वित्तीय प्रबंधन और सभी के सहयोग से सरकार लक्ष्य प्राप्त कर रही है।

#### उपलब्धियों का श्रेय अधिकारी-कर्मचारियों को

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने शासकीय कर्मचारियों के हित में लगभग 10-15 वर्ष तक पुराने भत्तों की राशि बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके लिए वर्ष 2025-26 के बजट में राशि आवंटित की गई है, जिससे सरकार पर करीब 1500 करोड़ रुपए का व्यय भार आएगा। सरकार कुशल वित्तीय प्रबंधन से अपने अधिकारी-कर्मचारियों की बेहतरी का ध्यान रख पा रही है।*

### एचओडी, कमिश्नर और कलेक्टर को लिखे पत्र

## लोकायुक्त की नाराजगी के बाद जीएडी ने दिए निर्देश, जिम्मेदार अफसर ही पेश हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




लोकायुक्त और उप लोकायुक्त के पास सीधे जाने वाली शिकायतों की जांच में अब सीनियर अफसर ही जाएंगे। इस संबंध में शासन की तरफ से सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने सभी विभागों को लिखित निर्देश जारी कर दिए हैं।

जीएडी द्वारा सभी विभागों, एचओडी, कमिश्नर और कलेक्टर को लिखे पत्र में जीएडी ने कहा है कि लोकायुक्त और उपलोकायुक्त के पास लंबित शिकायत की जांच को लेकर अफसरों द्वारा लापरवाही बरतने की शिकायत आई है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि शिकायत की जांच के लिए तलब किए गए आला अधिकारी खुद लोकायुक्त या उपलोकायुक्त के सामने पेश होने के बजाय अपने जूनियर अफसरों को भेजते हैं। इनमें से अधिकांश को तो उस केस की पूरी जानकारी तक नहीं होती।

#### बीती 12 तारीख को लोकायुक्त ने प्रदेश शासन को पत्र लिखा

*विगत 12 तारीख को लोकायुक्त ने प्रदेश शासन को पत्र लिखकर इसकी शिकायत की थी। अपने पत्र में उन्होंने कहा था कि लोकायुक्त और उप लोकायुक्त के पास लंबित शिकायतों और जांच में संबंधित अफसर पेश ही नहीं होते। इसके साथ ही ऐसे जूनियर अफसर आधी-अधूरी जानकारी लेकर पहुंच जाते हैं, जिससे मामले की जांच प्रभावित होती है।*

#### प्रकरण के विषय में पूरी जानकारी हो

पत्र के बाद जीएडी के उप सचिव अजय कटेसरिया द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि अब जिम्मेदार खुद ही लोकायुक्त और उप लोकायुक्त के सामने हाजिर होंगे। यदि किसी कारणवश जिम्मेदार अफसर का पेश होना संभव न हो तो उसके स्थान पर अंडर सेक्रेटरी (अवर सचिव) या उससे ऊपर के स्तर का वही अधिकारी पेश होगा, जिसे प्रकरण के विषय में पूरी जानकारी हो। जिन विभागों में अवर सचिव नहीं है, वे ऐसी स्थिति में सेक्शन ऑफिसर को हाजिर होने भेज सकते हैं। जस्टिस सत्येंद्र कुमार सिंह प्रदेश के लोकायुक्त हैं और उपलोकायुक्त का पद पिछले साल नवंबर में जस्टिस एसके पालो का कार्यकाल खत्म होने के बाद से रिक्त है।

## मुस्लिमों का भला नहीं चाहती कांग्रेस, वोट बैंक के लिए कर रही गुमराहः डॉ. सनवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व मप्र वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत वक्फ संशोधन बिल का सभी को स्वागत करना चाहिए। इस बिल का विरोध न भारत के मुसलमान कर रहे हैं न बाकी लोग कर रहे हैं।

हर कोई इसका स्वागत कर रहा है। इसका विरोध सिर्फ कांग्रेस और सपा जैसे राजनीतिक दल कर रहे हैं, जो मुस्लिमों के हितैषी नहीं हैं, बल्कि उनका इस्तेमाल वोट बैंक की तरह करना चाहते हैं। इस बिल का विरोध ऐसे लोग भी कर रहे हैं, जो वक्फ बोर्ड की आड़ में भू-माफिया बनकर मोटी कमाई कर रहे हैं। मप्र सहित देशभर के दो करोड़ लोगों से सुझाव लेने के बाद वक्फ संशोधन बिल लाया गया है।

#### मुस्लिम समाज के जरूरतमंद लोगों के हक में है बिल

*डॉ. सनवर पटेल ने कहा कि यह बिल वक्फ बोर्ड की संपत्तियों के असली हकदारों को उनका हक दिलाने के लिए लाया गया है। वक्फ बोर्ड के कामकाज में वक्फ संशोधन बिल पारदर्शिता लाएगा और वक्फ बोर्ड की आय भी बढ़ेगी। यह संशोधन विधेयक देश के भाईचारे और मुस्लिम समाज के हित व मुस्लिम समाज के जरूरतमंद लोगों के हक में है। मुस्लिमों के हर वर्ग का सशक्तीकरण होगा। डॉ. सनवर पटेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 1995 में वक्फ एक्ट लाई थी और 2013 में चुनाव से ऐन वक्त पहले कांग्रेस सरकार ने उसमें संशोधन किया।*

### एमपीयूडीसी में ई-ऑफिस का प्रशिक्षण

## दफ्तरों में डिजिटल पद्धतियों के अपनाने की आवश्यकता पर जोर

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी (एमपीयूडीसी) के अमरकंटक भवन स्थित मुख्यालय में गुरुवार को ई-ऑफिस कार्यप्रणाली का एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के सभी अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। इस अवसर पर प्रमुख अभियंता आनंद सिंह ने कहा कि 'ई-ऑफिस के उपयोग से कार्यालय के दैनिक कार्यों को सरल और सुगमता से क्रियान्वित किया जा सकेगा। इसके परिणामस्वरूप समय की बचत होगी और फाइलों का प्रबंधन भी अधिक प्रभावी तरीके से किया जा सकेगा। उन्होंने कार्यालयों में



डिजिटल पद्धतियों के अपनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उप परियोजना संचालक प्रशासन धीरेन्द्र सिंह ने ई-ऑफिस की कार्यप्रणाली को लेकर कहा कि ई-ऑफिस का उपयोग कार्यालयों को पेपरलेस बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सिंह ने आह्वान किया कि सभी ई-ऑफिस के संचालन को गंभीरता से सीखें और उपयोग करें। कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सहायक संचालक डॉ. अजय गोयल, विनोद धाकड़ तथा एनआईसी के अनिल ठाकुर ने जानकारी दी।

## हैदराबाद विवि की 400 एकड़ भूमि की नीलामी पर एबीवीपी का विरोध

**भोपाल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंट कर हैदराबाद विश्वविद्यालय की 400 एकड़ भूमि के अतिक्रमण और नीलामी के मुद्दे पर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि केंद्र सरकार इस भूमि को बचाने के लिए तत्काल हस्तक्षेप करे और विवि को उसका अधिकार वापस दिलाए। इस संदर्भ में अभाविप ने प्रेस वार्ता आयोजित कर तेलंगाना सरकार की मनमानी और छात्रों की आवाज को दबाने के प्रयासों की कड़ी निंदा की। इस विषय पर अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खारवाल ने कहा कि हैदराबाद विवि की भूमि राष्ट्र की शैक्षिक और पर्यावरणीय धरोहर है, इसे निजी कंपनियों को सौंपना छात्रों के अधिकारों पर कुठाराघात है। अभाविप कोई समझौता नहीं करेगी और यदि आवश्यक हुआ, तो राष्ट्रव्यापी आंदोलन भी करेगी।

### इंदौर में स्नेह नगर पहुंचकर परिजन से मुलाकात की

## सीएम डॉ. यादव ने अरविंद जोशी के निधन पर व्यक्त किया शोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माधवाश्रम न्यास गोशाला के संस्थापक व पूर्व अध्यक्ष अरविंद जोशी का निधन हो गया। गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनके इन्दौर स्थित स्नेह नगर निवास पहुंचकर शोक व्यक्त किया।

अरविंद जोशी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह एवं वर्तमान में अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश भैयाजी जोशी के बड़े भाई थे।

#### शोक संतप्त परिजन को बंधाया ढांढस

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए बाबा महाकाल से पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करने तथा दुःख की इस घड़ी में शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।*

## अब नौ अप्रैल तक करा सकेंगे गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन

**भोपाल।** राज्य सरकार ने किसानों से गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन की तारीख बढ़ा दी है। अब किसान नौ अप्रैल तक रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि किसानों के हित में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन की अवधि नौ अप्रैल तक बढ़ा दी गई है।

पूर्व में पंजीयन की अवधि 31 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई थी। मंत्री ने किसानों से आग्रह किया है कि जिन किसानों ने अभी तक पंजीयन नहीं करवाया है, वे नौ अप्रैल तक गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन जरूर कराएं। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए है और राज्य सरकार द्वारा 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से गेहूं की खरीदी 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है।

### डॉ. यादव, केंद्र सरकार को बधाई देकर किया धन्यवाद ज्ञापित

## वक्फ बिल पारित होने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिला मुस्लिम समाज का प्रतिनिधि मंडल

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से गुरुवार को समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में मध्यप्रदेश वक़्फ़ बोर्ड के चेयरमैन डॉ. सनवर पटेल के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने लोकसभा में वक़्फ़ बिल पारित होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. यादव को धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रतिनिधि मंडल ने डॉ. यादव को बधाई देकर एक स्वर में कहा कि बिल से मुस्लिम समाज के गरीब और जरूरतमंद लोगों को उनका जायज़ हक मिलेगा। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि बिल के पारित होने से मुस्लिम समाज की संपत्तियों को कानूनी सुरक्षा प्राप्त होगी। इससे समाज के कमजोर तबके को न्याय मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा।



#### जरूरी थे वक्फ बोर्ड के नियम में संशोधनः सीएम

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए समुचित कदम उठाए हैं। उसी में वक्फ बोर्ड के नियम में इस प्रकार के संशोधन, प्रावधान करना जरूरी थे। उन्होंने कहा कि कुछ शक्ति सम्पन्न लोगों ने अपने हित में वक्फ की सम्पत्ति पर अवैध कब्जे कर लिए थे। इन सब व्यवस्थाओं में बदलाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने बड़ी शुरूआत की है। डॉ. यादव ने वक्फ समिति के अध्यक्ष, सभी पदाधिकरियों को बधाई दी।*

### सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की साधारण सभा की हुई बैठक

### नवंबर में भोपाल में होगा इंडियन सोसाइटी फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज का रजत जयंती सम्मेलन

## मध्य प्रदेश में भगवान गौतम बुद्ध के प्रभाव वाले स्थान बौद्ध सर्किट के रूप में किए जाएंगे विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय सांची की कार्य परिषद की 6वीं बैठक मुख्यमंत्री निवास में आयोजित हुई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में धार्मिक, आध्यात्मिक पर्यटन के विकास को प्राथमिकता दी गई है।

प्रदेश में भगवान बुद्ध का जिन स्थानों पर प्रभाव रहा है, उन्हें बौद्ध सर्किट के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जाएं। ऐसे स्थानों में उज्जैन सहित सांची के निकट सतधारा, सोनारी आदि का समावेश किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 के विभिन्न प्रावधानों को विवि में लागू करने को प्राथमिकता दी जाए।



**सम्मेलन के लिए तैयारियां होंगी शुरू**

बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि नवंबर माह में भोपाल में इंडियन सोसायटी फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज के रजत जयंती सम्मेलन का आयोजन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस सम्मेलन के लिए आवश्यक तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। विवि के कुलगुरू ने विवि द्वारा संपादित की जा रही अकादमिक गतिविधियों की जानकारी दी।

#### सुझावों पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे

बैठक में संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आचार्य प्रो. यज्ञेश्वर एस. शास्त्री वर्चुअल रूप से शामिल हुए। बैठक में विवि के कुलगुरू प्रो. वैद्यनाथ लाभ के साथ ही साधारण परिषद के सदस्य प्रो. सत्य प्रकाश शर्मा, पद्मश्री कपिल तिवारी, अभय कात्यायन और प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

#### शिवाजी महाराज को सीएम ने अर्पित की श्रद्धांजलि

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शिवाजी महाराज ने मातृभूमि के सम्मान के साथ कभी समझौता नहीं किया। उनका अप्रतिम साहस, और आदर्श भावी पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। डॉ. यादव ने शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।*



# अक्षय ने किया 'केसरी चैप्टर 3' का ऐलान...

**मुंबई।** 3 अप्रैल को दिल्ली में अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'केसरी 2' का ट्रेलर लॉन्च हुआ। इस ट्रेलर रिलीज इवेंट और प्रेस कॉन्फ्रेंस में अक्षय के अलावा आर माधवन, अनन्या पांडे और फिल्म के डायरेक्टर करण सिंह त्यागी व प्रोड्यूसर करण जौहर भी मौजूद थे। इस दौरान फिल्म के बारे में बात करते हुए अक्षय ने 'केसरी 3' का भी ऐलान कर दिया। फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म हरि सिंह नलवा के जीवन पर आधारित होगी, जो सिख साम्राज्य की सेना, सिख खालसा फौज के पहले कमांडर-इन-चीफ थे। हरि सिंह नलवा एक सिख कमांडर थे, जो महाराजा

**लाइफ Style**




# अंजलि

## आठ साल की उम्र में झेला दर्द

'डब्बा कार्टेल' और 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' फेम अभिनेत्री अंजलि आनंद ने हाल ही में बचपन में अपने साथ हुए कुछ दर्दनाक अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि कैसे एक डांस टीचर ने उनकी जिंदगी को प्रभावित किया और कैसे उनके पहले बॉयफ्रेंड ने उन्हें बचाया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अंजलि ने अपने बचपन के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि उनका एक डांस टीचर था, जिसने उन्हें परिवार बनाने की कोशिश की। अंजलि ने बताया कि उस टीचर ने उनके साथ हर चीज करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता था कि क्या करना है। मैं आठ साल की थी। मेरे पिताजी के गुजर जाने के ठीक बाद उसने कहा मैं तुम्हारा पिता हूं और मैंने उनकी बात पर विश्वास कर लिया, क्योंकि मुझे इससे बेहतर कुछ नहीं पता था। फिर उन्होंने बहुत धीरे-धीरे शुरू किया। उन्होंने मेरे होंठों पर किस किया और कहा, यह वही है जो पिता करते हैं। मुझे पता ही नहीं था कि पिता-बेटी का रिश्ता कैसा होता है।' अभिनेत्री ने आगे कहा कि यह कई वर्षों तक चलता रहा और डांस टीचर ने उनकी जिंदगी को प्रभावित किया। उन्होंने कहा, 'वह मुझे अपने बाल खुले नहीं रखने देता था। वह मुझे लड़कियों के कपड़े नहीं पहनने देता था, वह मुझे अपनी पुरानी टी-शर्ट पहनाता था ताकि मैं दूसरों को आकर्षक न दिखूं। जब मेरी बहन की शादी हुई और मेरे पिता के सबसे अच्छे दोस्त का बेटा शादी में आया, तो उसे मुझ पर क्रश हो गया और उसने मुझसे बात करनी शुरू कर दी। तब मुझे पता चला कि क्या नॉर्मल है।'



## पूरी जिंदगी काम करना चाहती हैं करीना

**मुंबई।** अभिनेत्री करीना कपूर खान ने बुधवार को अपनी फिटनेस और जिंदगी के बारे में खुलकर बात की। 44 साल की करीना ने कहा कि वह हमेशा फिट रहना चाहती हैं, ताकि बुढ़ापे में भी काम और पारिवारिक जीवन का आनंद ले सकें। करीना ने कहा कि वह किसी की मदद या बैसाखी के बिना अपनी जिंदगी जीना चाहती हैं। उन्होंने कहा, उम्र मेरे लिए बस एक नंबर है। मैं फिट रहना चाहती हूं, ताकि 70 या 75 की उम्र में भी सेट पर जा सकूं। मुझे पूरी जिंदगी काम करना है। अपने नाती-पोतियों को उठाने के लिए भी ताकत चाहिए। इसके लिए रुजुता की सलाह से सही खाना खाती हूं। करीना का मानना है कि अच्छा खाना, योगा और थोड़ी एक्सरसाइज आपको अंदर से अच्छा महसूस कराते हैं। इस पर बात करते हुए करीना ने कहा, जिंदगी और उम्र मेरे लिए यही है। मैं इसे पसंद करती हूं। मैं घी और खिचड़ी खाती हूं, थोड़ा वेट ट्रेनिंग करती हूं, सूर्य नमस्कार करती हूं। बोटॉक्स या स्किन ट्रीटमेंट से ज्यादा मुझे अपनी मेहनत पर भरोसा है। करीना ने आगे कहा, खुद पर भरोसा ही सबकुछ है। हर दिन खुद को हौसला दो, तो लोग भी आप पर भरोसा करेंगे।



## हॉरर फिल्म 'छोरी 2' का ट्रेलर रिलीज....

**मुंबई।** बेटियों का जन्म हर किसी के लिए खुशखबरी नहीं होता। यह समाज का एक कड़वा सच है। इतिहास में कई ऐसी कहानियां दफन हैं, जहां बेटियों को जन्म के साथ ही मौत की नींद सुला दिया जाता। फिल्मों और धारावाहिकों में इन कहानियों को उतारने की कोशिश होती रही हैं। कुछ इसी तरह की कहानी लेकर आ रही है हॉरर फिल्म 'छोरी 2'। गुरुवार 3 अप्रैल को इसका ट्रेलर जारी हुआ है। विशाल फुरिया के निर्देशन में बनी इस फिल्म में नुसरत भरूचा और सोहा अली खान अहम भूमिका में हैं। इसमें लैंगिक भेदभाव को दिखाया गया है। इसमें इमोशंस भी हैं और हॉरर भी। ट्रेलर के शुरुआती दृश्य में एक महिला एक छोटी बच्ची को कहानी सुनाती है। कहती है, 'एक घंणा बड़ा राज्य था। उसका एक राजा था।

## पेज एक का शेष...

### पर्वतारोही भावना डेहरिया ...

वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल हस्तियों को विक्रम, एकलव्य, विश्वामित्र, लाइफटाइम अचीवमेंट एवं प्रभाष जोशी पुरस्कार से सम्मानित करती है। विक्रम पुरस्कार 2023 की सूची का ऐलान खेल और युवा कल्याण विभाग (डीएसवायडब्ल्यू, मध्यप्रदेश शासन द्वारा किया गया। छिंदवाड़ा की रहने वाली भावना ने 2019 में माउंट एवरेस्ट (8,848 मीटर) फतह कर इतिहास रचा और अपनी पर्वतारोहण यात्रा में कई महाद्वीपों की ऊंची चोटियों को सफलतापूर्वक चढ़ा।

### निगम का 'सितम'...

पड़ेंगे। गुरुवार को महापौर ने नगर निगम परिषद की बैठक में 110 करोड़ 7 लाख चार हजार रुपए घाटे का बजट पेश किया। बजट पेश करने के दौरान टैक्स में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस के पार्षद हंगामा करने लगे, जिन्हें अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने शांत करा दिया। कांग्रेस पार्षदों द्वारा बजट पर चर्चा के दौरान हंगामा करने और टैक्स को लेकर कोर्ट जाने की बात पर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा कि कांग्रेस पार्षद सार्थक चर्चा करना नहीं चाहते हैं। जहां तक टैक्स बढ़ाने की बात है तो यह पूरी तरह से नगरीय निकायों की नियमावली और लगातार बढ़ी रही गाइड लाइन व अन्य बातों को ध्यान में रखकर लिया गया निर्णय है। कांग्रेस पार्षदों को नियमों का अध्ययन करना चाहिए।

**नेता प्रतिपक्ष बोलीं- टैक्स बढ़ाने के खिलाफ कोर्ट जाएंगे:** प्रॉपर्टी टैक्स और जल कर में बढ़ोतरी पर विपक्ष की नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने कहा कि धारा 132 की उप धारा में प्रावधान है कि 31 मार्च के बाद कोई कर नहीं बढ़ा सकते। फिर नगर निगम ऐसा क्यों कर रहा है। हम इसके खिलाफ कोर्ट जाएंगे।

### जलकर...

का बजट पेश करते हुए बजट भाषण में कहा कि शहर की मुख्य सड़कों पर सात प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। इसके साथ शहर के आसपास विसर्जन घाटों का निर्माण भी किया जाएगा।

### वक्फ संशोधन विधेयक...

गिर गए। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा में जवाब देते हुए बताया कि हमने विपक्ष के कई सुझावों को माना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विपक्ष के सभी सवालों के जवाब दिए, जो बहुमत में होते हैं, वो सरकार चलाते हैं। रिजिजू ने कहा कि आपने कहा ट्रिब्यूनल में तीन मेंबर होने चाहिए, हमने वो भी माना है। इससे पहले राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने अनुराग ठाकुर द्वारा लोकसभा में उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों पर गुरुवार को कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि भाजपा सदस्य आरोप साबित करें या इस्तीफा दें और अगर आरोप सही हुए तो वह इस्तीफा दे देंगे। खरगे ने आरोपों को निराधार करार देते हुए साथ ही कहा कि इन टिप्पणियों से उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने ठाकुर को अपने आरोप साबित करने की चुनौती देते हुए कहा कि अगर भाजपा सांसद अपने आरोपों को साबित नहीं कर सकते तो उन्हें संसद में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। अगर आरोप साबित हो जाते हैं, तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। इस दौरान खरगे ने कहा कि अगर भाजपा के लोग मुझे डराकर झुकाना चाहते हैं, मैं कभी नहीं झुकूंगा। मैं टूट जाऊंगा, लेकिन झुकूंगा नहीं। याद रखो, मैं डराने से डरने वाला नहीं। खरगे के इतना कहने के बाद विपक्षी सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए। लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पर चर्चा में भाग लेते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कर्नाटक में कई कांग्रेस नेताओं पर वक्फ संपत्तियों में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए दावा किया था कि विपक्षी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का नाम भी इसमें आया है। इसके लिए ठाकुर ने कुछ खबरों का हवाला भी दिया था। गुरुवार को राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस सदस्यों के हस्तक्षेप के कारण, भाजपा सांसद को निचले सदन में वक्फ़ विधेयक पर बहस के दौरान की गई अपनी अपमानजनक टिप्पणी वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। खरगे ने कहा कि लेकिन नुकसान तो हो चुका है।

### वक्फ संपत्तियों को...

आखिरी कील साबित होगा। उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए बनी वक्फ संपत्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने दलों पर अपना राजनीतिक साम्राज्य बनाने के लिए इनके दोहन का आरोप लगाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि इन जमीनों का सही इस्तेमाल सुनिश्चित करने के बजाए कांग्रेस ने अपने चुनावी फायदे के लिए इन्हें वोट बैंक एटीएम में बदल दिया।

### गणगौर विसर्जन के ...

जहरीली गैस से यह हादसा होने की बात कही जा रही है। मौके पर एसपी मनोज राय, एसडीएम बजरंग बहादुर सिंह और छैगांवमाखन पुलिस पहुंची। कुए में गैस का प्रभाव कम करने के लिए पानी डाला गया। पंधाना विधायक छाया मोरे ने भी गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

### कैसे हुआ हादसा?...

पहुंचे, तो उन्हें कुए में कोई हलचल नहीं दिखी, जिसके बाद घटना की जानकारी प्रशासन को दी गई। जिस कुए में हादसा हुआ उसके किनारे एक नाली निकलती है, इसके जरिए गांव का गंदा पानी उसमें जाता है। जिससे कुआ दलदल में तब्दील हो गया है।

### मृतकों के परिजनों को...

प्रयास में एक के बाद एक कुएं में उतरे अन्य सात व्यक्ति भी अंदर फंस गए, कुएं में जहरीली गैस से दम घुटने के कारण सभी आठ व्यक्तियों के काल कवलित होने का दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। दुःख की इस घड़ी में सभी शोकाकुल परिजनों के साथ मेरी गहरी शोक संवेदनाएं हैं। सभी मृतकों के परिवारजनों को 4-4 लाख की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

### दो बसें भिड़ीं, एक...

को गंभीर चोटें आई हैं। हादसे के बाद मौके पर पहुंची डायल हंड्रेड की टीम ने सभी घायलों को नजदीकी बड़ागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहीं, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

### तुर्की में इमरजेंसी लैंडिंग...

करनी पड़ी क्योंकि एक यात्री को घबराहट (पैनिक अटैक) हो गया था। एक यात्री ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए भारत सरकार से वैकल्पिक यात्रा की व्यवस्था को लेकर गुहार लगाई है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने स्थिति को संभालने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, जो तब तक कार्य करेगा जब तक सभी यात्रियों की वापसी सुनिश्चित नहीं हो जाती। इस समय सबसे जरूरी है कि यात्रियों को वापस लाने के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की जाए।

### कैंसिल्ड चेक अपलोड ...

बनाने की जानकारी दी है। पेंशन नियामक के इस कदम से लगभग आठ करोड़ ईपीएफओ सदस्यों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया आसान हो जाएगी। ईपीएफओ के अनुसार शुरू में कुछ केवाईसी-अपडेट किए गए सदस्यों के लिए पायलट आधार पर यह छूट दी गई थी। 28 मई 2024 को पायलट लॉन्च के बाद से पहले ही 1.7 करोड़ ईपीएफ सदस्यों को लाभ मिल चुका है। मंत्रालय ने कहा कि सफल पायलट के बाद, ईपीएफओ ने अब सभी सदस्यों को यह छूट दे दी है। वर्तमान में प्रत्येक माह अंशदान करने वाले 7.74 करोड़ सदस्यों में से 4.83 करोड़ सदस्यों ने अपने बैंक खातों को यूएएन से जोड़ लिया है तथा 14.95 लाख स्वीकृतियां नियोक्ताओं के स्तर पर लंबित हैं।

### मंत्रोच्चार, गीता और ...

एक आकर्षक प्रदर्शन देखा। यह वास्तव में समृद्ध अनुभव था जिसने भारत और थाईलैंड के बीच साझा सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को खूबसूरती से प्रदर्शित किया।' उन्होंने लिखा-रामायण एशिया के इतने सारे हिस्सों में दिलों और परंपराओं को जोड़ता है। इससे पहले गुरुवार को दक्षिण-पूर्व एशियाई देश में पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने उनका स्वागत 'मोदी मोदी' और 'वंदे मातरम' के जोशीले नारों से किया। थाईलैंड के उप प्रधानमंत्री सूर्या जुंगरुंगरेंगकिट ने कई शीर्ष अधिकारियों के साथ हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। होटल पहुंचने पर उनका स्वागत गुजरात के पारंपरिक गरबा नृत्य के साथ किया गया। पारंपरिक परिधान पहने हुए भारतीय प्रवासी बड़ी संख्या में उनके स्वागत के लिए एकत्र हुए। सिख, गढ़वाली और गुजराती समुदाय के लोग प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### नेमावर घाट पर एक...

की जान गई। इनमें से 8 हरदा जिले के थे और 10 देवास जिले के थे। मरने वालों में 5 से 8 साल के बच्चे भी शामिल हैं। दो लोगों की पहचान डीएनए टेस्ट से की जाएगी। मृतकों में एक मां और उसके तीन बेटे भी शामिल हैं। इसके अलावा, चाचा-भतीजे की जोड़ी भी इस हादसे का शिकार हो गई।

### सुप्रीम कोर्ट के सभी...

न्यायाधीशों को अपनी संपत्ति की घोषणा मुख्य न्यायाधीश के समक्ष करनी होती थी। 2009 के एक निर्णय में न्यायालय की वेबसाइट पर संपत्ति घोषणा के स्वैच्छिक प्रकाशन की अनुमति दी गई थी, लेकिन सभी न्यायाधीशों ने ऐसा करने का विकल्प नहीं चुना। जिन न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति की घोषणा कर दी है, उनमें मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी शामिल हैं। घोषणाओं का पूरा सेट सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

**जस्टिस यशवंत वर्मा मामले के बाद उठाया कदम:** सुप्रीम कोर्ट ने यह कदम जस्टिस यशवंत वर्मा मामले के बाद उठाया है। हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना के बाद कथित तौर पर नकदी की जली हुई गड्डियां मिली थीं।

### दो दिन बाद साफ...

ओले भी गिरे। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार तक दो दर्जन जिलों में बारिश, बादल और आंधी का दौर रहेगा। सबसे अधिक दिन का पारा मलाजखंड में 6.2 डिग्री गिरकर 29 डिग्री रहा, जबकि सागर, मंडला, दमोह, रायसेन में 2 से 4 डिग्री तक गिरा। शेष प्रदेश में औसतन एक डिग्री की घट-बढ़ रही। भोपाल में पारा 36.4 डिग्री पर ही थमा रहा, जबकि रात का आधा डिग्री गिरकर 22.4 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से 1.8 डिग्री अधिक है। गुरुवार देर रात से शुक्रवार के बीच भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर जिलों में कहीं कहीं 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, शहडोल संभागों के जिलों में कहीं कही बारिश हुई। भोपाल, नर्मदापुरम, सागर संभागों के जिलों में कुछ स्थानों पर बारिश दर्ज की गई। गुरुवार को दोपहर बाद सीहोर, राजगढ़, भोपाल, रायसेन सहित एक दर्जन जिलों में आंधी के साथ बारिश हुई है। अशोकनगर, नीमच , शाजापुर, जबलपुर, सागर, सिवनी, खजुराहो में भी आंधी के साथ बौछारें और बूंदाबांदी हुई है।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

आवश्यकता
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238 R- 14-4-2025

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-14/02/25 to 18/4/25- not-feb, 16,23,26 not- march-2,9,13,14,15,16,23,30,31, April- 6,13

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल







## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5825



**बाएँ से दाए**
1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल, समय, पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु, मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र, बेटा-3
14. क्षार, खारा-2
15. दर, मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा, भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी, सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन, परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त, निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. झगड़ा, बैर, द्वेष-2
2. सद्पुरुष, अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा, धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. मां की मां-2
18. भय, खौफ-2
20. वेग, गति-3
21. मुंह, चेहरा-2
22. पैर, ओहदा-2
23. वर्धनशील, बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी, कंद-5
25. सभागार, सभाकक्ष-5
26. भयंकर, खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर, डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय, प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

### शब्द पहेली- 5824 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | क | पू | र | ■ | अ | च | र | ज |
| ज | य | ■ | रा | ■ | क्षि | ति | ज | ■ | त | ला |
| ना | ■ | अ | मा | न | त | ■ | र | वा | ■ | व |
| न | सी | ह | | ■ | व | ह | ■ | म | का | न |
| खा | ■ | म | ■ | र | न | र | ■ | ■ | ल | ■ |
| ना | म | क | र | ण | ■ | स | ला | ह | का | र |
| ■ | हा | ■ | ■ | वी | रा | ना | ■ | र | ■ | ज |
| का | न | न | ■ | र | ज | | जा | ग्र | | त |
| म | ■ | र | ज | ■ | घ | ब | रा | ना | ■ | प |
| का | र | ■ | ग | ज | रा | ■ | ज | ■ | प | ट |
| ज | न | म | त | ■ | ना | ट | क | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल- 5835

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5834 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर उद्योग और व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों का मानना है...

# मोदी सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' की नीतियों से इस टैरिफ से उबर जाएगा देश

आत्माराम सोनी ▶▶ भोपाल




अमेरिका ने भारत पर 27 फीसदी का टैरिफ लगाने की घोषणा की है। इस पर राजधानी भोपाल के उद्योग और व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों का कहना है कि ट्रंप की इस घोषणा का असर बहुत अधिक नहीं पड़ने वाला है। नरेंद्र मोदी सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' की नीतियों की वजह से टैरिफ से उबर जाएगा। भारत टैरिफ की चुनौतियों से बहुत आसानी से निपट लेगा। हालांकि शुरुआत में बाजार में कुछ नकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल सकती है, लेकिन साल के दूसरे छमाही में अर्थव्यवस्था में सुधार आए। विशेषज्ञों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 'जवाबी शुल्क' को 'बिना सोचे समझे और आत्म-विनाशकारी' करार दिया। उन्होंने कहाकि इसकी आलोचना भारत में ही नहीं संपूर्ण विश्व में भी चल रही है।

## ट्रंप के टैरिफ से भारत के कपड़ा कारोबार की लगी लॉटरी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सभी देशों से आने वाले आयातों पर नया टैरिफ लगाने के ऐलान से दुनिया के कई देशों को झटका लग सकता है, लेकिन भारत के कपड़ा उद्योग के लिए यह एक बड़ा अवसर बन सकता है। वियतनाम, बांग्लादेश और चीन जैसे देशों को अमेरिकी बाजार में अपने कपड़े बेचने के लिए अब ज्यादा शुल्क चुकाना होगा। इससे भारत की कपड़ा कंपनियों को अमेरिकी बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने का बढ़िया मौका मिलेगा। भारत के लिए यह एक महत्वपूर्ण समय है, जब वह अमेरिका में अपनी कपड़ा इंडस्ट्री को और मजबूत कर सकता है। भारत की जीडीपी में कपड़ा उद्योग का योगदान सिर्फ 2 फीसदी है, जबकि बांग्लादेश में यह 11 फीसदी और वियतनाम में 15 फीसदी है। इसका मतलब है कि भारत को अन्य देशों की तुलना में कम दबाव झेलना पड़ेगा और वह इस मौके का बेहतर इस्तेमाल कर सकता है।

## समाधान और संभावित रणनीतियां

*उन्होंने कहा कि भारत को नए बाजारों की खोज करनी होगी, जिससे अमेरिकी निर्भरता को कम किया जा सके। सरकार निर्यातकों को राहत देने के लिए सब्सिडी, टैक्स में छूट, या अन्य सहायक नीतियाँ ला सकती है। आत्मनिर्भर भारत अभियान को और मजबूत कर घरेलू बाजार को प्राथमिकता दी जा सकती है। भारत को अमेरिका के साथ बातचीत कर इस टैरिफ को कम करने या व्यापार समझौते पर पुनर्विचार करने का प्रयास करना चाहिए।*

## भारत टैरिफ के संभावित दुष्प्रभावों से कर सकता है मुकाबला



टैरिफ बढ़ने से हमारे निर्यात में कमी आ सकती है। भारतीय रुपया कमजोर पड़ सकता है तथा वैश्विक निवेशक भारत में निवेश करने से बच सकते हैं। जिससे भारतीय शेयर बाजार भी प्रभावित हो सकता है। भारत क्योंकि उन्नत और उभरते जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है और अमेरिका बाजार पर भारत की निर्यात निर्भरता जीडीपी का मात्र दो प्रतिशत है इसलिए भारत टैरिफ के संभावित दुष्प्रभावों से मुकाबला कर सकता है। भारत को इस संकट से उबरने के लिए रणनीति बनाने की आवश्यकता है। जैसे यूरोप, अफ्रीका और एशियाई देशों के साथ व्यापार बढ़ाना तथा हमारे घरेलू उद्योगों को लागत कम करने के लिए सब्सिडी और कर में सरकार को राहत देनी पड़ेगी जिससे वह नए टैरिफ के संभावित प्रभावो को झेल सकें।

**सुनील जैन 501**
अध्यक्ष, मध्यप्रदेश एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन

## अमेरिका की आर्थिक स्थिति कमजोर होगी



*भारत से कार एक्ससरीज अमेरिका को निर्यात होती है। अभी लगभग 10 फीसदी टैक्स लगाया जाता था जो अब 26 फीसदी होगा, लेकिन हम अभी जो एक्ससरीज निर्यात करते है वो चलता रहेगा, क्योंकि चीन अमेरिका द्वारा अतिरिक्त टैक्स के दायरे में रखने से उसका निर्यात महंगा होगा, जिससे भारत से ही निर्यात होने वाले सामान में कोई दिक्कत नहीं होगी। दुनिया अभी डी डॉलराइजेशन की ओर जाने की कोशिश में है अगर ईरान-अमेरिका युद्ध विस्तार लेता है। अमेरिका की आर्थिक स्थिति कमजोर होगी और डॉलर निचले स्तर पर आते ही डी डॉलराइजेशन तेजी से होगा। इससे भारत की स्थिति मजबूत होगी और रुपया भी मजबूत होगा।*

*अजय सिंह*
*अध्यक्ष, मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन*

## नकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिलेगी



भारत टैरिफ से बुरी तरह प्रभावित नहीं होगा है। भारतीय अर्थव्यवस्था अन्य एशियाई बाजारों की तुलना में अधिक आत्ममुखी है। भारत टैरिफ की चुनौतियों से बहुत आसानी से निपट लेगा। हालांकि शुरुआत में बाजार में कुछ नकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल सकती है, लेकिन साल के दूसरे छमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति बनेगी। यह बात बिल्कुल प्रमाणित हो चुकी है कि पूरे विश्व में एक प्रकार का टैरिफ़ युद्ध छिड़ चुका है। अब सबसे ताकतवर देश यूएस अपनी मैनुफैक्चरिंग स्ट्रेंथ को बढ़ाना चाहता है और इसीलिए उसने यह तरीका चुना हैं, लेकिन समस्या यह है कि लो वैल्यू एडिशन प्रोडक्ट्स बनाने में कॉस्टिंग की है। इसीलिए टैरिफ लगाना अपने देश में बन रहे प्रोडक्ट्स को प्रतिस्पर्धा में खड़े रहने में मदद करता हैं।

**मनोज मोदी**
को-चेयरमैन, मध्यप्रदेश पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स

## समय स्थिरता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने का



स्टील और एल्युमिनियम पर अमेरिकी टैरिफ का प्रभाव केवल व्यापार तक सीमित नहीं रहेगा। यह भारत के शहरी विकास और रियल एस्टेट सेक्टर की लागत संरचना, गुणवत्ता नियंत्रण और समयबद्धता को भी प्रभावित करेगा। नीति निर्माताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि निर्माण की रफ्तार न थमे और अफोर्डेबल से लेकर प्रीमियम सेगमेंट तक हर नागरिक को स्थायित्व और गुणवत्ता मिले। निर्माण सामग्री पर भारत के शहरी विकास और रियल एस्टेट क्षेत्र पर अप्रत्यक्ष, लेकिन महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं। निर्माण लागत में वृद्धि, निवेश की अनिश्चितता और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में असंतुलन ये सभी ऐसे कारक हैं जो आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं की गति और स्थिरता को प्रभावित कर सकते हैं। इस समय मिलकर स्थिरता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जरूरत है, ताकि 'कम लागत, उच्च विश्वास' का मॉडल सुरक्षित रह सके।

**मनोज मीक**
अध्यक्ष, क्रेडाई भोपाल

## उद्योग जगत के सामने एक बड़ी समस्या हुई खड़ी



ट्रंप की टैरिफ का असर अभी चलते हुए ऑर्डर पर उद्योग के ऊपर पड़ेगा। फिलहाल आगे के लिए उद्योग जगत के सामने एक बड़ी समस्या खड़ी हो गई है जो माल रास्ते में है और जो पुराने ऑर्डर की बुकिंग है। उसे उद्योग को करोड़ो का नुक्सान होने की संभावना रहेगी। निर्यात इकाई आगे काम करेगी या नहीं करेगी ये समय बताएगा। लेकिन अचानक अमेरिका के इस दवाब की सरकार को कुछ महताबपूर्ण कदम उठाने पड़ेंगे, जिसकी सरकार जहां निर्यात बढ़ाने की बात कर रही है।

**विजय गौर**
अध्यक्ष, गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन

**आत्मनिर्भर भारत को मिलेगा बढ़ावा :** भारत का मजबूत घरेलू निर्माण और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे रणनीतिक नीतियों की वजह से मिल रही सरकारी सहायता देश के आर्थिक लचीलापन को बनाए रखने में मदद करेगी।



**तेजकुलपाल सिंह पाली**
अध्यक्ष, भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज

## राष्ट्रवाद आधारित आर्थिक नीति को बढ़ावा देगी



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यह नीति राष्ट्रवाद आधारित आर्थिक नीति को बढ़ावा देती है। यह नीति अल्पकालिक रूप से अमेरिकी उद्योगों को लाभ पहुंचा सकती है, लेकिन दीर्घकालिक रूप में वैश्विक व्यापार युद्ध को जन्म दे सकती है। यदि अन्य देश जवाबी टैरिफ लगाते हैं, तो अमेरिकी उपभोक्ताओं और निर्यातकों को कठिनाइयां हो सकती हैं। घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय उद्योग मजबूत होंगे। ट्रंप प्रशासन की इस नीति से आयातित वस्तुएं महंगी हो सकती हैं, जिससे महंगाई बढ़ने का जोखिम रहेगा। व्यापार भागीदारों के प्रतिकार से अमेरिका के निर्यात को नुकसान हो सकता है। जबकि वैश्विक व्यापार पर प्रभाव की बात करें तो अमेरिका के इस निर्णय से यूरोपीय संघ, चीन, भारत, जापान जैसे देशों के साथ व्यापारिक तनाव बढ़ सकता है। अमेरिका के प्रमुख व्यापारिक साझेदार जवाबी टैरिफ लगाकर अमेरिकी निर्यात को प्रभावित कर सकते हैं। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो सकती है, जिससे तकनीकी और औद्योगिक उत्पादन प्रभावित हो सकता है।

**गौतम कोठारी**
अध्यक्ष, पीथमपुर इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन

## अर्थव्यवस्था और व्यापार जगत के लिए कई चुनौतियां होंगी उत्पन्न



अमेरिका द्वारा भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाने का निर्णय भारत की अर्थव्यवस्था और व्यापार जगत के लिए कई चुनौतियां पैदा कर सकता है, लेकिन सही रणनीति अपनाकर इसके प्रभावों को कम किया जा सकता है। यदि भारत दीर्घकालिक व्यापार रणनीति और नीतिगत हस्तक्षेपों पर ध्यान देता है, तो इस परिस्थिति से मजबूती से उभर सकता है। यह बात मंडीदीप इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष **राजीव अग्रवाल** ने कही। राजीव अग्रवाल के अनुसार टैरिफ बढ़ने से भारतीय उत्पाद अमेरिका में महंगे हो जाएंगे, जिससे भारतीय कंपनियों की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित होगी और निर्यात घट सकता है। ऑटो, टेक, स्टील, फार्मा और टेक्सटाइल उद्योगों को इस टैरिफ का सीधा असर झेलना पड़ेगा। इन क्षेत्रों में उत्पादन लागत बढ़ सकती है, जिससे कंपनियों का मुनाफा कम हो सकता है। निर्यात में गिरावट से इन उद्योगों में रोजगार के अवसर कम हो सकते हैं, जिससे बेरोजगारी दर में वृद्धि हो सकती है। यदि भारतीय कंपनियां लागत बढ़ने के कारण घरेलू बाजार में भी कीमतें बढ़ाती हैं, तो इससे महंगाई दर पर असर पड़ सकता है।

## बिजनेस न्यूज

### एनएसएस एवं आरएनटीयू के विधि विभाग ने किया ऐतिहासिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण



**भोपाल।** मध्यप्रदेश कला संस्कृति एवं पर्यटन की दृष्टि से बेहद ही समृद्ध प्रदेश है। इसका इतिहास अपने भीतर अनेक गौरवशाली घटनाओं-परिघटनाओं और भौतिक-सांस्कृतिक नमूनों को समेटे हुए है। प्रदेश के उसी गौरवमय इतिहास से परिचित करवाने हेतु रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 03 नवंबर 2022 को 'मध्यप्रदेश को जानो अभियान' की शुरुआत की गई थी। इसी के अंतर्गत रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ.संगीता जौहरी के निर्देशन में नरसिंहगढ़ के किले का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम विश्वविद्यालय की ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं विधि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। भ्रमण के मार्गदर्शक इतिहासकार व कार्यक्रम अधिकारी गब्बर सिंह ने किले की वास्तुकला व इतिहास से परिचित कराया। साथ ही नरसिंहगढ़ स्थित जल मंदिर, हनुमान गढ़ी, छोटा महादेव, बड़ा महादेव, इत्यादि ऐतिहासिक व आध्यात्मिक स्थलों का भी भ्रमण करते हुए इनके महत्व से युवाओं को अवगत कराया। इस अवसर पर विधि विभाग के डीन डॉ.नीलेश शर्मा व सहायक प्राध्यापक माधवी पाटकर ने ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण के लिए संवैधानिक उपबंधों पर जानकारी प्रदान की। शैक्षणिक भ्रमण में मुख्य योगदान रासेयो दलनायक अविनाश कुमार, शिवेंद्र राजपूत, रिपांशु कुमार, स्टेट कैंपर दानिश खान, आदर्श राज, मावक्षी, वंदना, प्रीति कुमारी, अनुराग इत्यादि का रहा।

### एयरबीएनबी ने गोवा अनसीन लांच किया



**मुंबई।** गोवा की कम चर्चित लेकिन समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को सामने लाने के लिए एयरबीएनबी ने गोवा पर्यटन विभाग के साथ मिलकर गोवा अनसीन डिजिटल गाइडबुक लांच की है जो यात्रियों को राज्य के छिपे हुए ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों से अवगत कराएगी। एयरबीएनबी और गोवा पर्यटन विभाग की रीडिस्कवर गोवा पहल के अंतर्गत गोवा अनसीन गाइडबुक को लॉन्च किया गया है जिसका उद्देश्य यात्रियों को गोवा की अनदेखी खूबसूरती से परिचित कराना है। इसे गोवा के पर्यटन मंत्री रोहन खंवटे, एयरबीएनबी के भारत एवं साउथ ईस्ट एशिया के कंट्री हेड अमनप्रीत सिंह बजाज, और प्रसिद्ध अभिनेता अभय देओल की उपस्थिति में जारी किया गया, जिनका इस राज्य से विशेष जुड़ाव है। एयरबीएनबी के भारत और साउथ ईस्ट एशिया के कंट्री हेड अमनप्रीत सिंह बजाज ने कहा गोवा हमेशा एयरबीएनबी के लिए एक महत्वपूर्ण गंतव्य रहा है और रीडिस्कवर गोवा एवं गोवा पर्यटन विभाग के साथ मिलकर शुरू की गई गोवा अनसीन जैसी पहलों के जरिए, हम राज्य की सांस्कृतिक धरोहर, जीवंत समुदायों और अनूठे आवासों को प्रस्तुत करने का प्रयास कर रहे हैं।

### पैरामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज के अधिग्रहण की घोषणा

**मुंबई।** पैरामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, हाँगकाँग, जो परामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (भारत) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ने जापान में निगमित कंपनी पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजीज केके में 51 फीसदी हिस्सेदारी के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। समझौते के तहत परामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, हाँगकाँग जॉन जेडानो से 510 इक्विटी शेयर प्रति शेयर 10,000 (लगभग 5,723) की दर से खरीदेगा। इस सौदे की कुल कीमत लगभग 29 लाख रुपए होगी। इस लेनदेन को जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय से मंजूरी मिल चुकी है। अधिग्रहण के लिए भुगतान 5 अप्रैल 2025 तक पूरा होने की उम्मीद है। यह अधिग्रहण पैरामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड की अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार करने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नए व्यावसायिक अवसरों को तलाशने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### लैड रोवर डिफेंडर ऑक्टा 2.59 करोड़ रुपए में हुई लांच



**मुंबई।** जैगुआर लैंड रोवर ने भारत में नई डिफेंडर ऑक्टा को लांच कर दिया है, जिसकी कीमत 2.59 करोड़ रुपए (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है। ख़ास बात यह है कि कंपनी ने इसका लिमिटेड इडिशन 'इडिशन वन' भी पेश किया है, जो 2.79 करोड़ रुपए (एक्स-शोरूम) में मिलेगा। नई डिफेंडर ऑक्टा में 4.4-लीटर ट्विन-टर्बो माइल्ड-हाइब्रिड वी8 इंजन दिया गया है, जो 620बीएचपी की दमदार पावर और 800एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इसकी 0-100 किमी/घंटा की स्पीड सिर्फ़ 4 सेकेंड्स में पूरी हो जाती है, जिससे यह एक सुपरकार जैसी स्पीड और ऑफ़-रोडिंग कैपेबिलिटी का परफ़ेक्ट कॉम्बिनेशन बन जाता है।

### सलिला पांडे ने संभाली एसबीआई कार्ड के एमडी और सीईओ की जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड इश्यूर एसबीआई कार्ड ने घोषणा की है कि सुश्री सलिला पांडे ने के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर कार्यभार संभाला है। पांडे भारतीय स्टेट बैंक में लगभग तीन दशकों के लंबे और एक सफल करियर के साथ अनुभवी बैंकर हैं। उन्होंने भारत और विदेशों में कई प्रमुख लीडरशिप पदों पर जिम्मेदारियां निभाई हैं। एसबीआई कार्ड की जिम्मेदारी संभालने से पहले सुश्री पांडे मुंबई मेट्रो सर्किल की मुख्य महाप्रबंधक थीं। यहां उन्होंने बैंक के प्रमुख हिस्से फ़ाइनैंशियल मार्केट के रीटेल बिज़नेस का नेतृत्व किया। इसके अलावा, उन्होंने एसबीआई कैलिफ़ोर्निया में बतौर अध्यक्ष और सीईओ अपनी पिछली भूमिका में कोविड-19 के दौरान अनिश्चित आर्थिक माहौल के बीच बैंक के विकास का कुशलतापूर्वक नेतृत्व किया।

## मंगलायतन विश्वविद्यालय में 11वां दीक्षांत समारोह

# राज्यपाल आरिफ ने विद्यार्थियों को देश के विकास में योगदान देने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलीगढ़




मंगलायतन विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शिरकत की और उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आज के युग में यह एक शक्तिशाली उपकरण है जो व्यक्तियों और समाज को प्रगति की ओर ले जाता है। विद्यार्थियों को लगातार सीखने और अपने ज्ञान का उपयोग मानवता की सेवा में करने के लिए प्रोत्साहित किया। अकादमिक उत्कृष्टता और उत्साह के माहौल में दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय प्रांगण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान कुल गीत की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में चेयरमैन हेमंत गोयल व गुरु ऋषिराज महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। इस गरिमामय समारोह में विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों को उनकी अकादमिक उपलब्धियों के लिए उपाधियां प्रदान की गईं। इनमें स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा धारक, डिप्लोमा और प्रमाणपत्र धारक भी शामिल रहे। इसमें पीएचडी शोधार्थी भी शामिल हैं जो अनुसंधान ज्ञान के नए आयाम खोलेंगे। आठ को स्वर्ण पदक और नौ को रजत पदक मिले।

## विद्यार्थियों को समाज व देश में मॉडल बनना पड़ेगा

विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दीक्षांत समारोह के साथ नवजीवन में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि समाज व देश में मॉडल बनना पड़ेगा, लेकिन मेडल से मॉडल बनने की यात्रा कठिन है। जिन्हें मेडल नहीं मिले है उन्हें और संघर्ष करते हुए संकल्प लेना होगा कि कुछ सपनों के मर जाने से जीवन नहीं मरा करता है। अब आपको जीवन की नई शिक्षा ग्रहण करनी है। मात्र पढ़ने लिखने व कार्स करने का नाम शिक्षा नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलाधिपति अच्युतानंद मिश्र ने नया अध्याय शुरू कर रहे विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे केवल नौकरी पाने वाले नहीं, बल्कि नवाचार के माध्यम से उद्यमिता विकसित करने वाले बनें। जिससे देश को विकसित राष्ट्र बनाया जा सके।

### भविष्य की चुनौतियों का सामना करने को रहें तैयार

*कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। 11वां दीक्षांत समारोह का यह ऐतिहासिक अवसर केवल एक उत्सव का दिन नहीं है, बल्कि यहां मिलने वाली उपाधियां अथक परिश्रम, समर्पण और दृढ़ संकल्प का प्रतीक हैं। शिक्षा जीवन भर चलने वाली यात्रा है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों का घर रहेगा और जीवन आपको कहीं भी ले जाए हमेशा इस परिवार का अभिन्न हिस्सा रहेंगे। प्रो.राजीव शर्मा, प्रो. अब्दुल वदूद सिद्दिकी, प्रो. किशनपाल सिंह, प्रो. आरके शर्मा ने उपाधि धारकों को प्रस्तुत किया।*

## टैरिफ वार के बाद लोहे के आयात पर सेफगार्ड ड्यूटी प्रस्तावित

# घर बनाना महंगा : लोहे के दाम बढ़े, फिर सीमेंट के दाम बढ़ाने की तैयारी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



घर बनाने का सपना महंगा हो रहा है। निर्माण में काम आने वाले लोहा और सीमेंट दोनों की महंगाई लोगों को परेशान करती दिख रही है। बीते दिनों से एकाएक लोहा-सरिया के दाम में उछाल देखा जा रहा है। अब सीमेंट कंपनियों ने भी दाम बढ़ाने की घोषणा कर दी। एक अप्रैल से सीमेंट के दाम में भारी वृद्धि प्रस्तावित है।

लोहे के दाम में तेजी के लिए अमेरिका से लेकर भारत की नीतियां कारण बनी हैं, जबकि सीमेंट महंगी करना कंपनियों की रणनीति का हिस्सा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ वार शुरू करने के बाद इसी महीने भारत सरकार ने लोहे के आयात पर सेफगार्ड ड्यूटी प्रस्तावित की है। इसी महीने घोषणा हुई है कि लोहे के आयात पर 12 प्रतिशत सेफगार्ड ड्यूटी लग सकती है। इस खबर के असर से 12 मार्च के बाद से लोहे के दाम बढ़ने लगे। तब से अब तक सरिया करीब 5000 रुपए प्रति टन महंगा हो गया है। अनब्रांडेड सरिया 57000 से 58000 रुपए प्रति टन और ब्रांडेड सरिया 62000 रुपए प्रति टन बिक रहा है। लोहा व्यापारी एवं निर्माता संघ भोपाल के अध्यक्ष बलदेव खेमानी ने बताया कि ग्राहक बाजार से दूर होने लगे हैं। बरसात के पूर्व निर्माण पूरा करने की जल्दबाजी देखी जाती है। बढ़ते दाम कई प्रोजेक्ट को अटका सकते हैं।

### सीमेंट के दाम में वृद्धि के आसार

*बताया जा रहा है कि एक अप्रैल से सीमेंट के दाम में अलग-अलग कंपनियां 30 से 40 रुपए प्रति बोरी की वृद्धि कर सकती हैं। ब्रांडेड सीमेंट के दाम 355 से 360 रुपएप्रति बोरी है। यदि दाम बढ़ाए तो सीमेंट 375 से 385 रुपए प्रति बोरी बिकने लगेगा। सीमेंट कारोबारी कहते है कि मार्च के आखिरी सप्ताह में अचानक कई लोग सीमेंट की ज्यादा खरीदी करते दिख रहे हैं। कंस्ट्रक्शन कारोबारी कहते हैं कि किसी भी सामान्य घर यानी रहवासी निर्माण की कुल लागत में करीब 30 प्रतिशत हिस्सेदारी सीमेंट और सरिया पर होने वाले खर्च की मानी जाती है। गुणवत्ता के अनुसार यह 26 से 30 प्रतिशत होती है। ऐसे में दोनों वस्तुओं में दाम बढ़ने का असर निर्माण की लागत को भी बढ़ा देता है।*

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, हरदा, जिला-हरदा (म.प्र.)**

cmoharda@mpurban.gov.in 07577-225301

क्रमांक/1964 /रा.वि./2025 हरदा, दिनांक 01/04/2025

// भावपत्र सूचना //

सर्व सबंधितों को सूचित किया जाता है कि महारानी लक्ष्मीबाई मैदान (मिडिल स्कूल ग्राउण्ड) पर ग्रीष्मकालीन मेला आयोजन हेतु रिक्त भूमि का आवंटन अस्थाई रूप से सीमित अवधि के लिये किया जाना है मेले की अवधि दिनांक 01/05/2025 से 09/06/2025 तक रहेगी।

अतः इच्छुक व्यक्ति / फर्म अपनी-अपनी दरें बंद लिफाफे में दिनांक 08/04/2025 को दिन के 03:00 बजे तक अधोहस्ताक्षर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है प्राप्त भावपत्र इसी दिनांक को 04 बजे उपस्थित भावपत्रदाताओं के समक्ष खोले जावेगें। प्राप्त अधिकतम दर पर 18 प्रतिशत सेवाकर (जीएसटी) पृथक से देय होगी। आवंटन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय समय व दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, हरदा

## चिंतन

# भारत के लिए आपदा में अवसर है ट्रंप का टैरिफ

डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वार से पूरी दुनिया में दहशत का माहौल है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है तो पाकिस्तान पर 29 फीसदी टैरिफ लगाया है। बांग्लादेश पर ट्रंप ने 37 फीसदी टैरिफ लगाया है। ट्रंप ने 180 से ज्यादा देशों पर टैरिफ का ऐलान किया है और लगभग सभी देशों ने इससे निपटने की तैयारी भी कर ली है। चीन, जापान और दक्षिण कोरिया तो बाकायदा इसके लिए आपसी गठजोड़ बनाने का ऐलान भी कर चुके हैं। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इसे अमेरिका फर्स्ट की ओर बढ़ता कदम बता रहे हैं, वहीं अर्थशास्त्रियों का कहना है कि यह खुद अमेरिका के लिए घातक कदम होगा। न्यूयॉर्क के एक इन्वेस्टमेंट बैंक एवरकोर का अनुमान है कि अमेरिका में औसत टैरिफ दर बढ़कर 29 फीसदी हो गई है। बजट लैब की एक रिसर्च के अनुसार 1800 के दशक के अंत में टैरिफ 30 फीसदी से ज्यादा था, तब से अब तक यह सबसे ज्यादा है। कई एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस कदम से 2025 में अमेरिका में मंदी आने की संभावना बढ़ गई है। अनेक देश जवाबी कदम उठा सकते हैं और अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ बढ़ा सकते हैं। इससे वैश्विक व्यापार युद्ध की स्थिति बन सकती है। हालांकि, ट्रंप कह रहे हैं कि यह टैरिफ अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करेगा। जहां तक भारत की बात है तो ट्रंप के इस कदम को देश के लिए कुछ नुकसान तो कुछ फायदे का माना जा रहा है। इस फैसले से भारतीय वस्त्र उद्योग को नुकसान होने की बजाय फायदा हो सकता है। अमेरिका ने वियतनाम, बांग्लादेश और चीन से आने वाले कपड़ों पर भारी टैक्स लगाया है। वियतनाम से आने वाले कपड़ों पर 46, बांग्लादेश पर 37 और चीन पर 34 फीसदी टैक्स लगाया गया है। इसके मुकाबले भारत को कम टैक्स देना पड़ रहा है, जिससे भारतीय टेक्सटाइल कंपनियों को फायदा मिल सकता है। हालांकि, भारतीय टेक्सटाइल उद्योग का योगदान देश की जीडीपी में केवल 2 फीसदी है, जबकि बांग्लादेश के लिए यह 11 और वियतनाम के लिए 15 प्रतिशत है। भारत अमेरिका को मुख्य रूप से दवाएं, टेलीकॉम उपकरण, रत्न और आभूषण, पेट्रोलियम उत्पाद, सोना और सूती वस्त्र बेचता है। अमेरिका भारत से इन सामानों की बड़ी मात्रा में खरीदारी करता है, जिससे भारतीय उद्योगों को अच्छी कमाई होती है। दूसरी ओर, भारत अमेरिका से कच्चा तेल, कोयला, पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक मशीनरी और एयरोस्पेस से जुड़े उपकरण खरीदता है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार संतुलन में हमेशा असमानता रही है, क्योंकि भारत अमेरिका को ज्यादा सामान बेचता है और वहां से कम सामान खरीदता है। इस नए टैक्स का सबसे ज्यादा असर भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और रत्न-आभूषण उद्योग पर पड़ेगा। अमेरिका हर साल भारत से लगभग 14 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स और 9 अरब डॉलर के गहने और रत्न खरीदता है। अब 27 फीसदी टैक्स लगने से भारतीय कंपनियों के लिए अमेरिका में अपने उत्पाद बेचना महंगा हो जाएगा। इससे निर्यात में गिरावट आ सकती है और इन उद्योगों में काम करने वाले लाखों लोगों की नौकरियों पर भी असर पड़ सकता है। ट्रंप के फैसले से पाकिस्तान के साथ-साथ बांग्लादेश के कपड़ा उद्योग पर भी संकट हो सकता है। हालांकि भारत की स्थिति बेहतर है। यह आपदा में अवसर जैसा है। हम चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान और वियतनाम के अमेरिका निर्यात को अपने पाले में ला सकते हैं, जिससे देश में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

## विमर्श


विनोद पाठक



# क्या योगी आदित्यनाथ दे रहे कोई संकेत!

भाजपा समर्थक अक्सर यह नारा देते हैं कि मोदी के बाद योगी। नरेंद्र मोदी के बाद योगी आदित्यनाथ को देश के अगले प्रधानमंत्री के रूप में एक बड़ा वर्ग प्रोजेक्ट करता आ रहा है। पिछले 8 साल से योगी आदित्यनाथ आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की कमान संभाल रहे हैं। कानून-व्यवस्था के साथ विकास के एक नए मॉडल के रूप में उन्होंने उत्तर प्रदेश को पेश किया है, लेकिन अपनी सरकार के 8 साल पूरे होने पर एक साक्षात्कार में योगी आदित्यनाथ ने यह कहते हुए सबको चौंका दिया कि राजनीति उनके लिए महज एक कोई फुल टाइम जॉब नहीं है, असल में वह एक योगी हैं, जब तक वह यहां हैं, काम कर रहे हैं। आखिर इस बयान के पीछे योगी आदित्यनाथ की क्या मंशा हो सकती है? यह सत्य है कि वह गोरखनाथ मठ के गोरक्षपीठाधीश्वर हैं और अक्सर लखनऊ छोड़कर गोरखपुर में अपने मठ चले जाते हैं। यह सिलसिला उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद भी जारी है। उनका यह बयान क्या उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देख रहे समर्थकों के लिए एक झटका है या भारतीय जनता पार्टी के अंदर चल रही अंदरूनी खींचतान या वो संघ और पार्टी को कोई संकेत दे रहे हैं? वर्तमान में योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व का बड़ा चेहरा है। फायर ब्रांड नेता हैं। देशभर में भाजपा उन्हें प्रचार के लिए भेजती है और उनकी सबसे अधिक डिमांड रहती है। अपने सख्त प्रशासनिक कौशल को लेकर उनकी एक बड़ी फैन फॉलोइंग है। यही कारण है कि वह उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरी बार बहुमत की सरकार चला रहे हैं। वह जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं, लेकिन क्या ऊपर से जो दिख रहा है, वो उतना सरल है? शायद नहीं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव पर यदि नजर दौड़ाएं तो उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को सबसे बड़ा धक्का लगा था। यह माना गया कि योगी आदित्यनाथ के बढ़ते कदमों को रोकने के लिए पार्टी के भीतर ही राजनीतिक खेल चले और प्रदेश में पार्टी की सीटें सिमटकर रह गईं। योगी आदित्यनाथ के सुझाए नेताओं को टिकट नहीं मिला। आदित्यनाथ का एक लंबा राजनीतिक करियर है। वर्ष 1998 में महज 26 साल की उम्र में वह गोरखपुर से सांसद चुनकर लोकसभा में पहुंचे थे। उन्होंने लगातार पांच लोकसभा चुनावों में गोरखपुर से जीत हासिल की। उनका अंदाज आज भी नहीं बदला है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि योगी आदित्यनाथ को लेकर भारतीय जनता पार्टी का रुख क्या है? आज उत्तर प्रदेश एक बीमारू राज्य न होकर सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। पिछले दिनों प्रयागराज में सफल महाकुंभ मेले के आयोजन बाद योगी आदित्यनाथ की फैन फॉलोइंग और बढ़ गई है। योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने की बात कह रहे हैं। अपराध मुक्त और समृद्ध उत्तर प्रदेश का सपना दिखाकर योगी आदित्यनाथ दिल्ली की कुर्सी पर नजर रखते हैं, ऐसा उनके विरोधी भी मानते हैं। वर्ष 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी के प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव में एक साक्षात्कार में कहा था कि यदि योगी आदित्यनाथ दोबारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनते हैं तो वह प्रधानमंत्री पद के दावेदार हो जाएंगे। उनके आलोचक कहते हैं कि योगी आदित्यनाथ की रुचि लखनऊ से अधिक गोरखपुर के गोरखनाथ मठ में रहती है। क्या यह माना जाए कि योगी आदित्यनाथ कोई संकेत दे रहे हैं? क्या उत्तर प्रदेश या कहें कि भारतीय जनता पार्टी की राजनीति में कुछ उथल-पुथल चल रही है, जो बाहर से नहीं दिख रही है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नागपुर में संघ मुख्यालय गए थे। वहां क्या चर्चा हुई? यह स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन योगी आदित्यनाथ का यह बयान उसके बाद ही आया है। हालांकि, योगी आदित्यनाथ संघ के हर पैमाने पर फिट बैठते हैं। उन्हें राजनीति का लंबा अनुभव है। शासन चलाने का कौशल वह जानते हैं। हिंदुत्व का बड़ा चेहरा हैं। क्या यह मान लिया जाए कि योगी आदित्यनाथ ने यह जो बयान दिया है, वो महज अकस्मात है। वह केवल यह बता रहे हैं कि जब तक उन्हें दायित्व मिलता रहेगा, वह राजनीति करते रहेंगे। फिलहाल उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ को विपक्ष की ओर से कोई बहुत बड़ी चुनौती मिलती नहीं दिख रही है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं और योगी आदित्यनाथ तीसरी बार फिर विपक्ष से दो-दो हाथ करते हुए नजर आने वाले हैं। आज की तारीख में वह बेहद मजबूत स्थिति में नजर आते हैं। स्पष्ट है कि योगी आदित्यनाथ राजनीति को भले फुल टाइम जॉब न कहें, लेकिन उन्होंने पार्टी और संघ को इशारों में कुछ संकेत जरूर दिया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## भारतीय सभ्यता

अखिलेश आर्येन्दु

# झूठा इतिहास सुधारने में 70 साल लगे

> अंग्रेज इतिहासकारों के जरिए भारतीय इतिहास लेखन की निष्पक्षता और शुद्धता को लेकर कई तरह के सवाल उठाए जाते रहे हैं। अंग्रेजी राजसत्ता ने 19वीं शताब्दी में इतिहास के नाम पर इस तरह के षड्यंत्र, शरारत और मकड़जाल बुने जिससे यह साबित किया जा सके कि बहुसंख्यक हिंदू (आर्य) यहां के मूल निवासी नहीं हैं बल्कि ये बाहर से आए हुए हैं। आर्य बाहर से आए थे या भारत के निवासी थे? इस सवाल का जवाब मिल गया है। हिसार जिले के राखीगढ़ी में हुई हड़प्पाकालीन सभ्यता की खुदाई में कई रहस्यों और भ्रम से पर्दा उठ गया है। राखीगढ़ी में मिले 500 साल पुराने कंकालों के अध्ययन के बाद जारी की गई रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि आर्य यहीं के मूल निवासी थे।

किसी देश या जाति का इतिहास बदलकर उसकी संस्कृति, सभ्यता, भाषा जैसे तमाम क्षेत्रों की मौलिकता और सच्चाई को बदला जा सकता है। यदि किसी देश के लोगों को मानसिक रूप से गुलाम बनाए रखना है तो इतिहास बदलने से उत्तम कोई हथियार नहीं है। भारत की गौरवमयी सभ्यता, संस्कृति, अस्मिता और भाषा के साथ भी अंग्रेजों ने यही किया। इतिहास लेखन के नाम पर साम्प्रदायिकता फैलाने और देश के नागरिकों को मानसिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, भाषाई और शिक्षा के क्षेत्र में गुलाम बनाए रखने के लिए जैसी मनमानी अंग्रेज इतिहासकारों ने किया।

अंग्रेज इतिहासकारों के जरिए भारतीय इतिहास लेखन की निष्पक्षता और शुद्धता को लेकर कई तरह के सवाल उठाए जाते रहे हैं। अंग्रेजी राजसत्ता ने 19वीं शताब्दी में इतिहास के नाम पर इस तरह के षड्यंत्र, शरारत और मकड़जाल बुने जिससे यह साबित किया जा सके कि बहुसंख्यक हिंदू (आर्य) यहां के मूल निवासी नहीं हैं बल्कि ये बाहर से आए हुए हैं। उस समय का प्रसिद्ध जर्नल रायल पुरातत्त्व एशियाटिक सोसायटी जर्नल लंदन स्थित जिसका प्रकाशन भारतीय इतिहास तथा कालक्रम के मुताबिक ज्यादातर हिस्सा नागपुर से प्रकाशित हुआ था, में लिखा है कि सामान्य भारतीयों को भ्रमित करने के मकसद से आर्य-द्रविड़ जातियों के सिद्धांत की कल्पना लंदन की रायल एशियाटिक सोसायटी के बंद कमरे में 9 अप्रैल 1866 की सभा में की गई। इसे हर उस भारतीय को जानना चाहिए जो आर्य-द्रविड़ विभाजन के इतिहास को सच मानते हैं। इसके मुताबिक मिस्टर एडवर्ट टामस ने कहा 'आक्सस नदी से आर्यन आक्रामकों की लहरें अरियानिया प्रांत तथा हिंदू कुश मार्ग से नीचे उतरीं। वे सबसे पहले पंजाब पहुंचे। उन्होंने सरस्वती नदी के किनारे ब्राह्मण संस्थाएं बनाईं और तक्षशिला में जाकर संस्कृत व्याकरण का निर्माण किया। जो वर्णमाला उन्होंने अरियानी प्रांत में पणि (फिनीशिय़न) लोगों से हासिल की थी, उसका विस्तार करने में उन्हें भोजपत्रों को हासिल करने से बहुत मदद मिली। बाद में यह लिपि उत्तर भारत के राज्यों में चलती रही। जब उसे अधिक विश्वासनीय और योग्य स्थानीय लिपि पाली लिपि ने जैसा कि अशोक के शिलालेखों तथा लाट लेखों से सिद्ध होता है, जिससे ईसा पूर्व 250 के समय की लिपि भारतीय उपखंड में प्रस्थापित हुई या प्रचलित हुई तो आर्य लोग अपनी भाषा के लिए कोई लिपि न खोज सके। वे जिस प्रांत के सम्पर्क में आए उसी से उन्होंने अपना काम चलाया। इस तरह पुरानी संस्कृत की जगह नई संस्कृत आई। उसके लिए उन्होंने देवनागरी लिपि बनाई जो पूर्व में तुराणी उप-भाषाओं की मूललिपि थी। अंग्रेज ईसाइयों का यह ऐसा तथाकथित अनुसंधान था जिसका कोई तथ्य तर्क और प्रमाण दुनिया के किसी पुस्तक, जर्नल या सभ्यता में नहीं मिलता है। इसी तरह दक्षिण भारतीयों को अलग इकाई मानने की कल्पना की शुरुआत ईस्वी सन् 1700 के आस-पास फ़ादर बार्थलोम्य जिगेलवर्ग ने किया। उसकी पुष्टि आर्य जाति की कल्पना के जनक एडवर्ट टामस ने 1766 में की। लेकिन उस द्रविड़ शब्द की कल्पना नहीं हुई थी। 150 सालों तक द्रविड़ भाषा या वंश के अस्तित्व का कोई प्रमाण नहीं मिला। अब यह प्रमाणित हो गया है कि यह



ईसाई पादरी भाषा शास्त्रियों की कल्पना और शरारत है। लेकिन इससे पादरियों को तमिल लोगों में अलगाव की भावना को उभारने में बड़ी सफलता मिली है। उत्तर व दक्षिण के विभाजन के शरारती मकसद से दक्षिण वालों के दिमाग में उन्होंने यह बिठा दिया कि उत्तर वाले हिंदीभाषी लोग तुम्हारे परम्परागत दुश्मन हैं जिन्होंने तुम पर अनेक तरह के अत्याचार करके तुम्हें दक्षिण की तरफ धकेल दिया। शुरू से ही पादरी इस कोशिश में लगे रहे कि किस तरह उत्तर और दक्षिण भारतीयों में नफरत की आग धधकाई जाए। मेरी यह बात इससे भी सिद्ध होती है कि 1876 में बम्बई के गवर्नर लार्ड री ने प्रिंस आफ़ वेल्स के सामने ईसाई मिशनरियों का शिष्टमंडल मिला। उसने लार्ड से कहा-जितना काम आप के सिपाही, जज, गवर्नर आदि सब मिलकर नहीं कर रहे, उससे कहीं ज्यादा काम वे पादरी कर रहे हैं। द्रविण एक जाति और संस्कृति के रूप में इतिहास का एक ऐसा हिस्सा स्थाई रूप से निर्मित किया गया जो भारत की अखंडता को तार-तार करने के रूप में सामने आया।

द्रविड़ शब्द गढ़कर दक्षिण उत्तर (आर्य-द्रविण) में विभाजन की अमिट रेखा खींच दी गई। लेकिन वहीं दूसरी तरफ भाषाशास्त्री जार्ज ग्रीयरसन ने साफ-साफ लिखा कि यह द्रविड़ शब्द खुद संस्कृत शब्द द्रमिल या दमिल का बिगड़ा रूप है और महज तामिल के लिए इस्तेमाल होता है। एनसीआरटी और आरटी में पढ़ाए जाने वाले भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रमणकारी नहीं बल्कि भारतीय मूलनिवासी के रूप में जाने जाएंगे। 21 साल की खींचतान और दुनियाभर में हुए अध्ययनों के बाद अंततः यह तय हो गया कि आर्य सभ्यता भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रम में शामिल करने का श्रेय भी राखीगढ़ी मैन के नाम से प्रसिद्ध प्रो. वसंत शिंदे को जाता है। इतिहास की पाठ्य पुस्तक में ईंट, मोती और हड्डियां, हड़प्पा नामक पाठ में आर्य सभ्यता के भारतीय होने सम्बंधी संशोधन कर किए गए हैं। इसके अलावा एनसीईआरटी की कक्षा 7,8,10 और 11 के इतिहास और समाजशास्त्र के पाठ्यक्रमों में भी बदलाव किया गया है। आर्यों के भारतीय होने सम्बंधी पहला शोध स्टैनफोर्ड युनिवर्सिटी के टॉमस कीवीशल्ड ने किया था।

2003 में अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्न्यूमन जेनेटिक में प्रकाशित इस शोध में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के जीन के आधार पर आर्यों को भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि वर्ष 2009 में बीएचयू के पूर्व कुलपति स्व. प्रो. लालजी सिंह और प्रो धर्मराज के शोध में इसका खंडन किया गया था। इस शोध दल का दावा था कि भारत में उनसेस्ट्रल साउथ इंडियन 60 हजार साल और उनसेस्ट्रल नॉर्थ इंडियन जीन 40 हजार साल पुराने हैं। इस आधार पर आर्यों को बाहर से आया हुआ बतलाया गया था। इसके बाद भी इस मुद्दे के पक्ष और विपक्ष में दुनियाभर में कई अध्ययन हुए। आर्य बाहर से आए थे या यहीं (भारत) के निवासी थे? इस सवाल का जवाब मिल गया है।

दरअसल, हिसार जिले के राखीगढ़ी में हुई हड़प्पाकालीन सभ्यता की खुदाई में कई रहस्यों और भ्रम से पर्दा उठ गया है। राखीगढ़ी में मिले 500 साल पुराने कंकालों के अध्ययन के बाद जारी की गई रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि आर्य यहीं के मूल निवासी थे। बाहर से नहीं आए थे। यह भी पता चला है कि भारत के लोगों के जीन में पिछले हजारों सालों में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। इस शोध के अनुसार आर्यन्स भारत के ही मूल निवासी थे। इसे लेकर वैज्ञानिकों ने राखीगढ़ी में मिले नरकंकालों के अवशेषों का डीएनए जांच किया था। डीएनए जांच से पता चला है कि यह रिपोर्ट से मेल नहीं खाती है। ऐसे में जाहिर है कि आर्यों का बाहर से आने का सिद्धांत ही गलत साबित हो जाता है।

(लेखक साहित्यकार, वरिष्ठ पत्रकार और पर्यावरण संरक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है



संकलित

## दर्शन

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा। यही ध्यान है। ध्यान साधारणतया दृश्य से जुड़ा है।

# जब हमसे कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकारें



संकलित

## प्रेरणा

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

## सटाका




## आज की पाती

### हमारा देश चीन से मुकाबला कैसे करेगा?


हमें यह भी समझना होगा कि आखिर क्यों चीन आर्थिक स्थिति में हमसे मजबूत है? जबकि सन 1990 तक हमारा देश और चीन विकास के मामले में लगभग एक धरातल पर खड़े थे, लेकिन उसके बाद चीन आगे क्यों बढ़ता गया और हमारा देश इससे पिछड़ता गया। अब दोनों की अर्थव्यवस्थाओं में एक खाई क्यों पट चुकी है? इसका कारण यह है कि हमारा देश जातिवाद, धर्म के नाम पर आरक्षण के दलदल में धंसता गया, मुफ्तखोरी और रेवड़ी संस्कृति हमारे देश में फलने फूलने लगी, कृषि प्रधान होने के बावजूद देश में लोगों की रुचि कृषि से घटती गई, नागरिकों की भी रुचि चाईना के सामान की तरफ बढ़ती गई और सरकारों की गलत नीतियों के कारण चीन का व्यापार हमारे देश में मजबूत होता चला गया। उधर चीन मजबूत होकर उभरा। चीन से मुकाबले के लिए ठोस रणनीति बनानी होगी। *– गोविंद रावत, धमतरी*

## ट्रेंड

### रामायण का आकर्षक प्रदर्शन

थाई रामायण, रामकियेन का आकर्षक प्रदर्शन देखा। यह वास्तव में समृद्ध अनुभव था जिसने भारत और थाईलैंड के बीच साझा सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को खूबसूरती से प्रदर्शित किया। रामायण वास्तव में एशिया के इतने सारे हिस्सों में दिलों और परंपराओं को जोड़ता है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### अटल कैंटीन

झुग्गी-झोपड़ी क्लस्टरों में 5 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने का संकल्प पूरा करने के लिए अटल कैंटीन के लिए 100 करोड़ का बजट आवंटित किया। अटल जी की जन्म शताब्दी पर 100 स्थानों पर कैंटीन खोली जाएंगी।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**



### प्रधानमंत्री जवाब दें

प्रधानमंत्री जवाब दें कि सरकार चीन द्वारा अतिक्रमण किए 4,000 वर्ग किलोमीटर को कैसे वापस लेगी या अमेरिका द्वारा लगाए गए आर्थिक रूप से विनाशकारी 26% टैरिफ का जवाब कैसे देगी?

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**



### एआई लोकतांत्रिक तकनीक

भारत रचनात्मकता से भरपूर है। सिर्फ़ तथाकथित 'पिरामिड' के शीर्ष पर ही नहीं बल्कि निचले स्तर पर भी, जहां लोग सक्रिय रूप से बदलाव की तलाश कर रहे हैं। एआई दुनिया की पहली सच्ची लोकतांत्रिक तकनीक है।

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**




**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# यमन में संदिग्ध अमेरिकी हवाई हमलों में 6 की मौत



यमन में हूती विद्रोही–नियंत्रित क्षेत्रों में बुधवार को संदिग्ध अमेरिकी हवाई हमले में कम से कम छह लोग मारे गए। हूती विद्रोहियों की ओर से मृतकों के संबंध में जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल के दौरान यमन में विद्रोहियों को निशाना बनाते हुए किए गए हमलों की संख्या में वृद्धि हुई है और इन हमलों में कम से कम 67 लोग मारे गए हैं। लेकिन 'व्हाइट हाउस' की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने मंगलवार को हमलों की कुल संख्या 200 से अधिक बताई है। लेविट ने कहा, ''इन हमलों के परिणामस्वरूप ईरान अविश्वसनीय रूप से कमजोर हो गया है और हमने देखा है कि उन्होंने हूती नेताओं को मार गिराया है।" हालांकि, हूती विद्रोहियों ने अभी तक अपने किसी भी नेता की मौत की बात स्वीकार नहीं की है, उधर अमेरिका ने भी किसी भी मारे गए विद्रोही नेता का नाम उजागर नहीं किया है। हालांकि, ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों के बीच हुई बातचीत के लीक होने पर यह जानकारी सामने आई है।

## ऑफ बीट

# अमेरिका की योजना युद्ध के लिए रोबोट तैयार करने की



अमेरिका की रेप्लिकेटर पहल का उद्देश्य सेना की सभी शाखाओं के लिए अत्यधिक संख्या में किफायती प्रणालियों का उत्पादन करने के वास्ते रक्षा और अन्य तकनीकी कंपनियों के साथ समन्वय करना है। पिछले करीब एक दशक के आसपास विभिन्न स्तरों में स्वतंत्र संचालन के लिए सक्षम सैन्य प्रणालियाँ तेजी से सामान्य हुई हैं। लेकिन अमेरिकी घोषणा स्पष्ट करती है कि युद्ध का भविष्य बदल गया है : लड़ाके रोबोट का दौर आ गया है। विचार को हकीकत में बदलने का समय आ गया है। बीते दशक में, सैन्य उद्देश्यों के लिए उन्नत रोबोटिक प्रणालियों का खासा विकास हुआ है। इनमें से कई तो परिवर्तित वाणिज्यिक प्रौद्योगिकी पर आधारित हैं, जो स्वयं अधिक सक्षम, सस्ती और व्यापक रूप से उपलब्ध हो गई है। हाल ही में, ध्यान इस बात पर प्रयोग करने पर केंद्रित हो गया है कि युद्ध में इनका सर्वोत्तम उपयोग कैसे किया जाए। यूक्रेन में रूस के युद्ध ने दिखा दिया है कि वास्तविक दुनिया में तैनाती के लिए प्रौद्योगिकी तैयार है। बख्तरबंद वाहनों और तोपखाने का पता लगाने और उन पर हमला करने के लिए रोबोट हवाई वाहन का व्यापक रूप से उपयोग किया गया है।

# प्रकृति-पर्यावरण और जातीय अनुभव की झलकियां दिखाते चित्र

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

जनजातीय संग्रहालय में लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा में आयोजित 60 वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी में गुरुवार से गोण्ड समुदाय के चित्रकार हीरामन उर्वेती के चित्रों की प्रदर्शनी 30 अप्रैल तक जारी रहेगी। हीरामन के चित्रों में प्रकृति-पर्यावरण और जातीय अनुभव के साथ साथ संसार के प्रमुख तत्व देखने को मिले।

## जनगणसिंह श्याम के मार्गदर्शन में सीखे चित्रकारी के गुर



गोण्ड प्रधान समुदाय से संबद्ध 43 वर्षीय हीरामन उर्वेती गोण्ड चित्रकला की वर्तमान पीढ़ी के चित्रकारों में परिचित नाम है। इनका बचपन जंगल-पहाड़ों से घिरे ग्रामीण वातावरण में गुजरा। खेती-किसानी वाले परिवार में पले-बढ़े और यही उनके चित्रों की खासियत बना। गोण्ड चित्रकला के मूर्धन्य चित्रकार स्व. जनगणसिंह श्याम के मार्गदर्शन में इन्होंने चित्रकारी के हुनर सीखे।

## जनजातीय संग्रहालय में 60वीं शलाका जनजातीय चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ





खेती-किसानी वाले परिवार में पले-बढ़े

बचपन जंगल-पहाड़ों से घिरे ग्रामीण वातावरण में गुजरा

---

बंगाराम आइलैंड, लक्षद्वीप तथा द्वारका में अंडर वाटर आर्कियोलॉजी पर डाला प्रकाश



# राज्य संग्रहालय में डॉ. विष्णु वाकणकर की पुण्यतिथि पर व्याख्यानमाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राज्य संग्रहालय में गुरुवार को पुरातत्वविद् डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर की पुण्यतिथि के अवसर पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में प्रो आलोक त्रिपाठी, अतिरिक्त महानिदेशक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण नई दिल्ली एवं डॉ. भुवन विक्रम, क्षेत्रीय निदेशक भारतीय पुरातत्वत सर्वेक्षण, मप्र उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता आलोक त्रिपाठी ने अंडर वॉटर आर्कियोलॉजिकल इन्वेस्टिगेशन विषय पर व्याख्यान देते हुए बंगाराम आइलैंड, लक्षद्वीप तथा द्वारका में किये गये अंडर वॉटर आर्कियोलॉजी के कार्यों पर प्रकाश डाला।

### 1792 में दुर्घटनाग्रस्त प्रिंस रॉयल कार्गो शिप का दिया विस्तृत विवरण

त्रिपाठी ने बताया कि प्रिंस रॉयल कार्गो शिप जो सन 1792 में दुर्घटनाग्रस्त होकर जलमग्न हो गई थी, की खोज पर विस्तृत विवरण दिया। इस कार्गो शिप की खोज में उपलब्धल चुनौतियों एवं उसके मलबे से प्राप्त तोप एवं अन्य पुरावशेषों की जानकारी भी दी गई। उन्होंने कहा कि इसके बाद साहित्य, एवं पुराणों में उल्लेखित विवरणों के आधार पर, पूर्व में किए गए पुरातत्वीय कार्यों और द्वारका के समुद्री क्षेत्र में की गई खोज की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि द्वारका नगर की स्थापना महाभारत काल में श्रीकृष्ण द्वारा की गई थी, और उनके उपरांत उसके समुद्र में समाहित होने की जानकारी पुराणों से प्राप्त होती है।

---

ध्रुपद संस्थान की रमाकांत आर्ट गैलरी 'रागा' में पेंटिंग एग्जीबिशन, स्टोरी टेलिंग सेशन और गायन सभा

# भावनाओं और संवेदनाओं को व्यक्त करते 'अक्षर', प्रेरणा देती चित्रकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

इस चित्र प्रदर्शनी में स्टेट अवार्डी सहित 23 चित्रकारों की पेंटिंग्स एग्जीबिट की जा रही है, जापान की मोमोको मिउरा और अकीको निजो भी उपस्थित रहीं

ध्रुपद संस्थान की रागा (रमाकांत आर्ट गैलरी) में गुरुवार को प्रख्यात चित्रकार लक्ष्मीनारायण भावसार ने चित्र एवं शिल्प कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। 8 अप्रैल तक जारी इस चित्र प्रदर्शनी में स्टेट अवार्डी सहित 23 चित्रकारों की पेंटिंग्स एग्जीबिट की जा रही है। जिसमें किसी आर्टिस्ट ने गीता के श्लोक पर आधारित कर्म की प्रेरणा देती पेंटिंग बनाई तो किसी ने अक्षरों के माध्यम से भावनाओं का संयोजन दर्शाया।

इसके साथ ही कार्यक्रम में सीरियाई कलाकार फरहा अजरक ने ध्रुपद संगीत के साथ स्टोरी टेलिंग भी की। फरहा के साथ जापान की मोमोको मिउरा और अकीको निजो भी उपस्थित रहीं।



### राग यमन, गुणकली भैरव में आलाप

चित्रकारी और स्टेरी टेलिंग के इस सेशन में अनंत व धानी गुंदेचा ने सुर ताल और लय के राग भी छेड़े। जिसमें उन्होंने राग यमन, गुणकली, भैरव-भैरवी और पूरिया में आलाप करके श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### दो कैनवास जोड़कर दर्शाया हरियाली और नदियों का समन्वय



आर्टिस्ट छाया दुबे ने दो कैनवासों को जोड़कर अपनी पेंटिंग बनाई है। छाया ने कहा कि मैंने इस पेंटिंग के माध्यम से संसार के समन्वय को दर्शाया है जहां नीला रंग नदी और तालाब को तो वहीं हरा रंग हरियाली को दर्शाता है। लेकिन मानव अपने कल्याण के लिए नदी और तालाब को खत्म करता जा रहा है और वह दिन-ब-दिन सिकुड़ते जा रहे हैं जो आने वाले समय में ग्लोबल वार्मिंग का कारण बनेंगे।

### कुंडलियों का रिफ्लेक्शन दर्शाती पेंटिंग



आर्टिस्ट नीतेश पांचाल ने कहा कि मैं जन्म कुंडली पर आधारित पेंटिंग बनाई है, जिसमें कुंडलियों के रिफ्लेक्शन को दर्शाने का प्रयास किया है। नीतेश ने कहा कि यह पेंटिंग मेरे आत्मचिंतन की प्रेरणा से बनी है, जिसमें किसी की भी कॉपी नहीं किया गया।

### 'अक्षरों' के रुप में नजर आया भावनाओं का मेल



'अक्षर' आपके मन की भावनाओं और संवेदनाओं को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम है और किसी भी चित्रकार की संवेदनाएं पेंटिंग के रूप में उभरती हैं। अक्षरों के रुप में अपनी भावनाएं और संवेदनाएं दर्शाई स्टेट अवार्डी प्रीति पोद्दार जैन ने। प्रीति ने कहा कि अगर भावनाओं को व्यक्त किया जाए तो वे जीवन पा लेती हैं और मेरी पेंटिंग में मैंने भावनाओं का यही मेल दर्शाया है।

### प्राकृतिक तत्वों के बैलेंस पर आधारित पेंटिंग



यैलो कलर के बैकग्राउंड पर ब्लैक कलर से बनी आर्टिस्ट हुमा खान की पेंटिंग में बैलेंसिंग का अद्भुत संयोजन देखने को मिला। एब्स्ट्रेक्ट फॉर्म में अमूर्त कला पर आधारित इस पेंटिंग में डॉटिज्म को भी बखूबी प्रयोग किया। हुमा कहती हैं कि प्रकृति में अलग-अलग तत्व हैं और सभी एक दूसरे के साथ बैलेंस करके चलते हैं, किसी भी तत्व की अति जनहानि का कारण बनती है।

### गीता के श्लोक कर्मण्येवाधिकारस्ते.... पर आधारित पेंटिंग



गीता के श्लोक कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन..... वास्तविकता में बिना फल की कामना किए कर्म करने की प्रेरणा देता है। गीता के इसी श्लोक पर आधारित पेंटिंग बनाई स्टेट अवार्डी दिव्या पोरवाल ने। दिव्या ने कहा कि निष्काम कर्म की प्रेरणा देती मेरी इस पेंटिंग में मैंने सेल्फ रिफ्लेक्शन को भी दर्शाया। साथ ही ऐक्रेलिक रंगों का प्रयोग, टेक्सचर और जीवन की विविधता को पेंटिंग का मुख्य भाग है।

---

## कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में डॉ. भूपेन्द्र का व्याख्यान कल



**भोपाल।** युवाओं को अपनी आंतरिक शक्ति से परिचित कराने और उन्हें जीवन के विभिन्न आयामों पर जागरुक कराने 5 अप्रैल को स्प्रिच्युअल इंटलेक्चुअल समिट, मेटा अवेकनिंग का आयोजन किया जा रहा है। रिक्रिएट योर लाइफ विथ कॉन्शियसनेस, पर आयोजित इस सत्र में फिलॉस्फर और वैज्ञानिक डॉ. भूपेन्द्र चौधरी युवाओं से संवाद करेंगे। कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में सुबह 9.30 बजे शुरू होगा।

# वक्फ बिल पास होने पर जागोरी समिति ने कन्याओं के धुलाए पैर



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

संसद में वक्फ बोर्ड बिल पास होने के उपलक्ष्य में महिला जागौरी समिति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद किया।

इस अवसर पर कन्या पूजन कर पांव धुलाकर एवं माथे पर तिलक चुनरी ओढ़ाकर एवं फलाहार मिलन कार्यक्रम कराया गया। इस दौरान 251 कन्याओं का पूजन किया गया। समिति अध्यक्ष साधना नन्दू यादव, वीणा सक्सेना, रूमा अहेलिया, सोनाली लता गीते, मोना चौरसिया, संतोषी शाक्य, कंचन गुप्ता, रानी लोधी, संगीता यादव, पूजा श्रीवास आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।



# मनोरंजन और संस्कृति के केंद्र मानव संग्रहालय में 3 लाख दर्शकों का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के निदेशक प्रोफेसर अमिताभ पांडे ने हर्ष के साथ जानकारी देते हुए बताया कि पिछले एक वर्ष में 3 लाख से अधिक दर्शकों की मेजबानी संग्रहालय ने की है, जिसमें बड़ी संख्या में स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, शोधकर्ता एवं विदेशी पर्यटक शामिल हैं। संग्रहालय ने वर्षभर आयोजित विभिन्न आकर्षक गतिविधियों, प्रदर्शनियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि संस्कृति और मानव विकास की झलक प्रस्तुत करने वाले इस संग्रहालय ने जनमानस को जनजातियों एवं लोक समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से अवगत कराने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं।

कला संस्कृति एवं पर्यटन की दृष्टि से बेहद समृद्ध राज्य है मध्यप्रदेश

# आरएनटीयू ने किया नरसिंहगढ़ के किले व ऐतिहासिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मध्यप्रदेश कला संस्कृति एवं पर्यटन की दृष्टि से बेहद ही समृद्ध प्रदेश है। इसका इतिहास अपने भीतर अनेक गौरवशाली घटनाओं-परिघटनाओं और भौतिक-सांस्कृतिक नमूनों को समेटे हुए है। प्रदेश के इसी गौरवमय इतिहास से परिचित करवाने हेतु रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'मध्यप्रदेश को जानो अभियान' की शुरुआत की गई। जिसके अंतर्गत विवि की कुलसचिव डॉ संगीता जौहरी के निर्देशन में नरसिंहगढ़ के किले का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम विश्वविद्यालय की ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं विधि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।




### स्टूडेंट्स को नरसिंहगढ़ किले की वास्तुकला से परिचित कराया

इसमें स्टूडेंट्स को नरसिंहगढ़ किले की वास्तुकला व इतिहास से परिचित कराया। साथ ही नरसिंहगढ़ स्थित जल मंदिर, हनुमान गढ़ी, छोटा महादेव, बड़ा महादेव, इत्यादि ऐतिहासिक व आध्यात्मिक स्थलों का भी भ्रमण करते हुए इनके महत्व से युवा अवगत हुए।

## गंगराडे आईसीएआर-आईएआरआई पुरस्कार से सम्मानित

**भोपाल।** नई दिल्ली में आईसीएआर-आईएआरआई के 120वें स्थापना दिवस पर पत्रकार निमिष गंगराडे को सर्वश्रेष्ठ कृषि प्रिंट मीडिया पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार नीति आयोग के सदस्य प्रो. रमेश चंद, आईएआरआई के निदेशक और कुलपति डॉ. श्रीनिवास राव, आईसीएआर के उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) डॉ. डीके यादव और आईएआरआई के संयुक्त निदेशक (विस्तार) डॉ. आरएन पदरिया की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

6 लाख 55 हजार 2 सौ लोगों ने देखा, 10 हजार से ज्यादा लाइक

# सुनीता विलियम्स की उपलब्धियों से प्रभावित घनश्याम मैथिल ने लिखी कुंडलियां, सोशल मीडिया पर हुईं हिट

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

भारतीय मूल की अंतरिक्ष नासा वैज्ञानिक सुनीता विलियम्स के नौ महीने स्पेस में फंसे रहने के बाद सुरक्षित धरती पर वापिसी से देश और दुनिया के साथ भारतीय नागरिकों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी उनकी कुशलता की लगातार कामना कर रहे थे। सुनीता की सकुशल वापिसी को महान उपलब्धि मानते हुए प्रसिद्ध साहित्यकार घनश्याम मैथिल ने सोशल मीडिया पर एक कुंडलिया छंद पोस्ट किया, जिसे अभी तक छह लाख पचपन हजार दो सौ लोगों ने देखा, दस हजार से अधिक लोगों ने लाइक किया, 215 लोगों ने इसे शेयर किया और लगभग 140 लोगों ने अपने कमेंट्स इस पर दिए।

215 लोगों ने इस रचना को शेयर किया और लगभग 140 लोगों ने अपने कमेंट्स इस पर दिए





### यह कुंडलियां इस प्रकार थी

नौ माह स्पेस में रही सुनीता बेन, सकुशल लौटी धरा पर, सबको आया चैन, सबको आया चैन गजब का धैर्य दिखाया, नारी तू नारायणी, घर घर मंगल छाया, कह अमृत कविराय, करें गर्व अहसास, आगे भी तुम नापना, यह धरती आकाश।



# मध्यप्रदेश के देवेश शर्मा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मध्यप्रदेश के युवा देवेश शर्मा को नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय विकसित भारत युवा संसद महोत्सव 2025 के दौरान राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उन्हें वर्ष 2021-22 के लिए केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने प्रदान किया।

देवेश शर्मा विगत कई वर्षों से समाजसेवा के क्षेत्र में समर्पित भाव से कार्यरत हैं। उन्होंने विभिन्न सामुदायिक और युवा गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की। उनके अथक परिश्रम और निष्ठा ने स्थानीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक पहचान अर्जित की है।



## दिल्ली-एनसीआर में पटाखा बैन पर शीर्ष कोर्ट का ढील से इनकार

# हर आदमी एयर प्यूरीफायर नहीं खरीद सकता

**अदालत ने बताया- स्वास्थ्य का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 का अहम हिस्सा**

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि आबादी का एक बड़ा हिस्सा सड़कों पर काम करता और प्रदूषण से सबसे ज्यादा प्रभावित है। प्रदूषण का मुकाबला करने के लिए हर आदमी सक्षम नहीं है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर लगी रोक पहले की तरह बरकरार रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों के उत्पादन, भंडारण और और बिक्री में ढील देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वायु प्रदूषण का स्तर लंबे समय तक चिंताजनक स्थिति में था। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि आबादी का एक बड़ा हिस्सा सड़कों पर काम करता और प्रदूषण से सबसे ज्यादा प्रभावित है। बेंच ने कहा कि प्रदूषण का मुकाबला करने के लिए हर आदमी घर या कार्यस्थल पर एयर प्यूरीफायर नहीं खरीद सकता है। कोर्ट ने कहा कि इस अदालत से पिछले 6 महीने में पास किए गए कई ऑर्डर दिल्ली में बहुत अधिक प्रदूषण की वजह से उत्पन्न भयानक स्थिति को रिकॉर्ड पर रखा है। स्वास्थ्य का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 का अहम हिस्सा है, प्रदूषणमुक्त वातावरण में जीने का अधिकार भी है।

अब इनका उत्पादन भंडारण और और बिक्री नहीं की जा सकेगी

दिल्ली में प्रदूषण स्तर दिनों-दिन बढ़ रहा, सुधार नहीं हुआ



**दलील पर भड़के जज**

### आप ज्यादा बड़े एक्सपर्ट हैं, अभी छोड़ रहे आपकी भी सुनेंगे

कोर्ट को बताया गया कि पटाखों पर बैन लगने से प्रदूषण 30 पर्सेंट तक कम हुआ है। इस पर आवेदन दाखिल करने वाले शख्स दावा करने लगे कि पटाखों के सल्फर से हवा शुद्ध होती है। जज ने इस बात पर उनको फटकार लगाई और कहा कि आप ज्यादा बड़े एक्सपर्ट हैं क्या? कोर्ट का कहना है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर लंबे समय तक चिंताजनक स्थिति में था। जजों ने याचिकाकर्ता के इस तर्क पर हैरानी जताते हुए कहा कि क्या आप 'नीरी' से भी बड़े एक्सपर्ट हैं? 2 बजे आइए, हम आपको भी कुछ देर सुनेंगे। आवेदन दाखिल करने वाले ने प्रदूषण मामले के मुख्य याचिकाकर्ता एम सी मेहता और दूसरे संगठनों के लोगों पर भारत विरोधी विदेशी संस्थाओं से चंदा खाने का भी आरोप लगाया। जजों ने आवेदन खारिज करते हुए कहा कि यह आपकी पहली ऐसी हरकत है, इसलिए हम जुर्माना नहीं लगा रहे हैं।

**आदेश पर विचार का सवाल ही नहीं**

बेंच ने कहा कि अदालत जब तक इस बात से संतुष्ट नहीं होती कि कथित ग्रीन पटाखों से न्यूनतम प्रदूषण होता है, पिछले आदेश पर विचार का सवाल पैदा नहीं होता है। देश की सबसे बड़ी अदालत ने कहा कि समय-समय पर दिए गए आदेशों से यह पता चलता है कि पटाखों के उपयोग पर प्रतिबंध दिल्ली में उत्पन्न असाधारण स्थिति की वजह से जरूरी थे।

### कई लोग सड़कों पर भी काम कर रहे

कोर्ट ने कहा कि वायु प्रदूषण किस तरह लोगों की प्रभावित कर रहा है, उसका अंदाजा लगाया जा सकता है। बेंच ने कहा कि समाज का एक वर्ग ऐसा भी है, जो सड़कों पर काम करता है और प्रदूषण सबसे ज्यादा और खतरनाक तरीके से इन लोगों को प्रभावित करता है।

### कंपनियां बोलीं- सुधार के लिए काम कर रहे

पटाखा बनाने वाली कंपनियों ने कोर्ट को बताया कि गुणवत्ता में सुधार के लिए काम किया जा रहा है। ग्रीन पटाखों को लेकर कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार की रिपोर्ट के अनुसार ग्रीन पटाखे दूसरे पटाखों की तुलना में सिर्फ 30 पर्सेंट ही कम प्रदूषण करते हैं। कोर्ट इन तर्कों से संतुष्ट नहीं हुआ और उसने पूरे साल के लिए पटाखों पर लगे बैन को बरकरार रखा। एक याचिकाकर्ता ने दावा किया कि विदेशी एजेंसियों के इशारे पर पटाखों पर रोक लगाई जा रही है।

---

**खबर संक्षेप**

### अंधेरी से 5 शार्प शूटर्स को किया गिरफ्तार



**अंधेरी।** मुंबई पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी किसी बड़ी शख्सियत की हत्या के लिए आए थे। अंधेरी के एक होटल से पुलिस ने सभी पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने पांचों की गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के पास से पुलिस को हथियार भी बरामद हुए हैं।

### दिल्ली में 5 से लागू होगी आयुष्मान भारत योजना



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार 5 अप्रैल से आयुष्मान भारत योजना शुरू करने जा रही है, जिसमें सबसे गरीब लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने बताया कि 10 अप्रैल तक एक लाख लोगों को योजना में शामिल किया जाएगा। इसमें सबसे गरीब परिवारों, विशेष रूप से अंत्योदय अन्न योजना वाले परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### सोलापुर में भूकंप के हल्के झटके महसूस



**सोलापुर।** महाराष्ट्र के सोलापुर में गुरुवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। सिस्मोलॉजी सेंटर के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 2.6 मापी गई। किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंपसुबह 11.22 बजे आया, जिसका केंद्र जिले के सांगोला के पास 5 किलोमीटर की गहराई में था।

### जयपुर कलेक्ट्रेट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी



**जयपुर।** जयपुर के कलेक्ट्रेट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ये धमकी ई-मेल से दी गई है। इसके बाद पुलिस के बम निरोधक दस्ते और एटीएस की टीम ने कलेक्ट्रेट में तलाशी ली। तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और बम विस्फोट करने की धमकी फर्जी पाई गई।

---

## लोकसभा के बाद राज्यसभा में मंत्री रिजिजू ने वक्फ संशोधन बिल पेश किया

# मुसलमानों के धार्मिक क्रियाकलापों में किसी तरह का हस्तक्षेप कोई गैर मुस्लिम नहीं करेगा, हमने इसके दोषों को मिटा दिया

### अगर मिलकर काम करेंगे तो 3-4 साल के अंदर करोड़ों मुसलमानों की जिंदगी आबाद हो जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में गुरुवार को सरकार की तरफ से मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ संशोधन बिल पेश किया। रिजिजू ने कहा कि यहां कहा गया है कि हम जो कदम उठा रहे हैं, मुसलमानों को नुकसान होगा। ये संशोधन गैरकानूनी है, असंवैधानिक है। सभी को अपनी बात कहने का हक है। जो आरोप लगाए गए हैं, हम उसका खंडन करते हैं। उन्होंने कह कि मुसलमानों के धार्मिक क्रियाकलापों में किसी तरह का हस्तक्षेप कोई गैर मुस्लिम नहीं करेगा। वक्फ क्रिएट करने वाला भी मुस्लिम ही होगा। प्रॉपर्टी मैनेजमेंट में वक्फ बोर्ड को ताकतवर बनाने के लिए क्या-क्या किया जा सकता है, ये सुझाव हमको चाहिए। रिजिजू ने कहा कि थोड़ा सा अगर मिलकर काम करेंगे तो 3-4 साल के अंदर में करोड़ों मुसलमानों की जिंदगी आबाद हो जाएगी। सेक्शन 40 में कोई किसी प्रॉपर्टी को क्लेम करता था तो उसे वक्फ प्रॉपर्टी घोषित कर दिया जाता था, इसे हमने हटा दिया। वक्फ बाई यूजर में जो सेटल केस है, उसे हम कोई छेड़छाड़ नहीं करेंगे।



**अब कितनी आय होगी? पहले 12000 करोड़ थी**

रिजिजू ने कहा कि आज की स्थिति में, 8.72 लाख वक्फ संपत्तियां हैं। 2006 में अगर सच्चर समिति ने 4.9 लाख वक्फ संपत्तियों से 12,000 करोड़ की कमाई का अनुमान लगाया था, तो आप कल्पना कर सकते हैं कि ये संपत्तियां अब कितनी आय उत्पन्न कर रही होंगी। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों से वक्फ संशोधन विधेयक 2025 का समर्थन करने की अपील करता हूं।

### कई इस्लामिक देशों में वक्फ का वजूद नहीं: पात्रा



बिल पर चर्चा के दौरान भाजपा सांसद और पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया और कहा कि कई इस्लामिक देशों में वक्फ का वजूद नहीं जबकि भारत में वक्फ बोर्ड को कानूनी मान्यता प्राप्त है। पात्रा ने कहा कि मैं सदन में उन इस्लामिक देशों का नाम बताना चाहूंगा जहां वक्फ का वजूद नहीं है। तुर्की, लीबिया, इजिप्ट, सुडान, लेबनान, सीरिया, जॉर्डन, ट्यूनीशिया, इराक जैसे इस्लामिक देशों में वक्फ बोर्ड नहीं है। वहीं भारत में वक्फ बोर्ड है। भारत में वक्फ की प्रॉपर्टी को कानूनी सुरक्षा दी गई है। मैं पूछना चाहता हूं कि उसके बाद भी हंगामा क्यों है बरपा?

**धनखड़ ने की ऐसी मजेदार टिप्पणी**

### बीएसएनएल मतलब- भाई साहब निश्चित लगेगा



राज्यसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान सभापति जगदीप धनखड़ ने ऐसी बात कह दी, जिसने सदन का माहौल में हल्का कर दिया। सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनल से जुड़े एक प्रश्न पर चर्चा चल रही थी, तभी सभापति धनखड़ ने मजाकिया अंदाज में बीएसएनल का नया नामकरण कर दिया। उन्होंने कहा कि बीएसएनल मतलब- भाई साहब निश्चित लगेगा। इससे पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सांसद प्रफुल्ल पटेल ने कह रहे थे देश के दूर-दराज के इलाकों में निजी टेलीकॉम कंपनियों का नेटवर्क अक्सर काम नहीं करता, लेकिन बीएसएनएल वहां भी मौजूद रहता है और सेवाएं देता है। पटेल की इस टिप्पणी का समर्थन करते हुए धनखड़ ने कहा कि बीएसएनएल के कनेक्शन को लेकर लोगों के मन में भरोसा बना रहता है।

**कोलकाता में सीएम ममता का ऐलान**

### जब भाजपा सरकार हटेगी,वक्फ बिल को रद्द कर देंगे



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने गुरुवार को लोकसभा में पास हुए वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि जब भाजपा की सरकार हटेगी तब इस वक्फ बिल को रद्द कर देंगे। उन्होंने भाजपा पर वक्फ बिल के जरिए देश को बांटने का आरोप लगाया है। बीजेपी पर हमला बोलते हुए ममता ने कहा भाजपा ने देश को बांटने के लिए वक्फ (संशोधन) विधेयक पेश किया है।

**विपक्ष ने सरकार पर किया पलटवार**

### यह विधेयक झूठ पर आधारित: नासिर



वक्फ विधेयक पर राज्यसभा में कांग्रेस सांसद सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि आप (सत्ता पक्ष) सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करते हैं और फिर हम पर ध्रुवीकरण करने का आरोप लगाते हैं। यह विधेयक पूरी तरह से झूठ पर आधारित है और पिछले 6 महीनों में गलत सूचना अभियान चलाया गया है। भाजपा की फर्जी फैक्ट्री गलत सूचना फैलाने में लगी हुई है। जेपीसी में विपक्षी सदस्यों द्वारा की गई किसी भी सिफारिश को विधेयक में शामिल नहीं किया गया।

### सरकार की नीयत पर संदेह: मनोज झा



राष्ट्रीय जनता दल के प्रो. मनोज कुमार झा ने सरकार की नीयत पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि विधेयक पर पुनर्विचार किए जाने की जरूरत है। सरकार को इस तरह के कानून बनाने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए।

### लोगों का अधिकार छीन रही सरकार: संजय



आप सांसद संजय सिंह ने उदय प्रताप की पंक्तियों न तेरा है, न मेरा है ये हिंदुस्तान सबका है। सरकार माई बाप। सरकार मां-बाप होती है जो अपने सभी बच्चों का खयाल रखती है। बाबा साहब ने संविधान में अधिकार दिए हैं जिसको आप छीन रहे हैं।

### अतिरिक्त समय मिलेगा: तिवाड़ी



कुछ अहम रेफरेंस की तलाश किए जाने की बात कहने पर पीठासीन सभापति घनश्याम तिवाड़ी ने चुटकी भी ली। उन्होंने कहा कि आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है, आपको अतिरिक्त समय मिलेगा। आप अपनी बात रखिए।

**राज्यसभा में पास हुआ तो कोर्ट जाएगा पर्सनल लॉ बोर्ड**




ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि अगर वक्फ संशोधन विधेयक को राज्यसभा में मंजूरी दे दी जाती है तो पर्सनल लॉ बोर्ड कोर्ट जाएगा। हमें उम्मीद है कि हमें न्याय मिलेगा क्योंकि हमारा पक्ष सांविधानिक तथ्यों के अनुरूप है। उम्मीद थी कि जनता दल यूनाइटेड और तेलुगू देशम बिल का विरोध करेंगी, पर ऐसा नहीं हुआ।

---

## अब राज्यों में ढीली होती जा रही पकड़ को सुधारने की कवायद शुरू

# ढहती कांग्रेस को बचाने जिलाध्यक्षों से सीधा संवाद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पिछले कुछ समय से कई राज्यों में अपनी पकड़ खोती नजर आ रही है। न संगठन बचा है, न कार्यकर्ता। इसकी चिंता नेतृत्व को है। संगठन को नए सिरे से खड़ा करने की जद्दोजहद से जूझता हुआ नेतृत्व दिख रहा है। कभी जिलाध्यक्षों की बैठक संबंधित प्रदेश के अध्यक्ष लिया करते थे। नियुक्ति भी पीसीसी से होती थी। जिलाध्यक्षों से दिल्ली के बड़े नेताओं, आलाकमान से मुलाकात तो दूर की बात, प्रदेश अध्यक्षों को राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलने के लिए कई कई महीने तक समय नहीं मिला करता था। चुनाव दर चुनाव हार के बाद पार्टी जब बेदम हो रही है तो आलाकमान को जिलाध्यक्षों की सुध आई है। तुर्रा ये कि संगठन को नीचे से मजबूत किया जाएगा। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, जब कार्यकर्ता ही नहीं बचे, बचे




खुचे नेता इधर-उधर जाने कीजुगत में हैं, जिलाध्यक्षों से शीर्ष नेतृत्व सीधे संवाद करेगा तो प्रदेश अध्यक्ष की जिलाध्यक्ष क्यों सुनेंगे? ये सिस्टम ही गलत है। पार्टी को प्रदेश स्तर पर अपने नेतृत्व को ताकत देना होगा। राज्यों में क्षत्रप को खादपानी देना होगा। आलाकमान का कहना है कि जिलाध्यक्षों की ज्यादा ताकत दी जाएगी। इसमें मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और जिलाध्यक्ष भी शामिल हुए।

### संगठन की मजबूती पर चर्चा

बैठक का मुख्य फोकस कांग्रेस के संगठन को जिला स्तर पर सशक्त बनाना था। राहुल गांधी ने जिला कांग्रेस कमेटियों को पार्टी की नींव के रूप में बताया और कहा कि मजबूत नींव के बिना कोई भी संगठन मजबूती हासिल नहीं कर सकता। इस दौरान जिला अध्यक्षों की भूमिका को बढ़ाने और उन्हें अधिक जिम्मेदारी देने पर जोर दिया गया।

### जिलाध्यक्षों के अधिकारों में वृद्धि

कांग्रेस हाईकमान ने संकेत दिया कि जिला अध्यक्षों को इतनी शक्ति दी जाएगी कि उनके सुझावों और अनुशंसाओं के आधार पर विधानसभा और अन्य चुनावों के लिए टिकट वितरण में उनकी अहम भूमिका होगी। यह कदम जमीनी स्तर के नेताओं को सशक्त करने और उनकी नाराजगी को दूर करने की दिशा में देखा जा रहा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, जिलाध्यक्षों को ताकत देने जा रहे हैं, उनकी जिम्मेदारियों को बढ़ाया जा रहा है।

---

## आंदोलन को लेकर किसान नेता ने किया ऐलान

# 129 दिन बाद गांव लौटकर डल्लेवाल ने कहा- झुकेंगे नहीं, लड़ाई चलेगी

### फरीदकोट में अपने गांव डल्लेवाला पहुंचे

एजेंसी ▶▶ फरीदकोट

पंजाब के पटियाला के निजी अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद बीकेयू एकता सिद्धूपुर के प्रांतीय अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल वीरवार को फरीदकोट में अपने गांव डल्लेवाला पहुंचे। किसान नेता डल्लेवाल पूरे 129 दिन बाद अपने पैतृक गांव पहुंचे। इससे पहले वे 25 नवंबर को अपने गांव से खनौरी बॉर्डर के लिए आमरण अनशन के लिए निकले थे। गांव पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया।

**किसान महापंचायत का आयोजन किया गया**



गांव डल्लेवाला में भाकियू एकता सिद्धूपुर की अगुवाई में किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य सरकार की तरफ से खनौरी और शंभू बॉर्डर पर किसानों के मोर्चे जबरन खत्म करवाए जाने का निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही आने वाले दिनों में किसानों की मांगों को लेकर संघर्ष को और तेज करने का बड़ा ऐलान भी किया गया।

**मान सरकार ने छुरा घोंपा :** पंजाब की मान सरकार ने धोखे से किसानों की पीठ में छुरा घोंपा है। पहली बार ऐसा हुआ है कि बैठक के लिए बुलाकर किसानों को गिरफ्तार किया गया हो।

---

## मराठा योद्धा का जन्मदिन: आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा

# हनुमान हमारे पौराणिक आदर्श और शिवाजी आधुनिक आदर्श, 'युगपुरुष'

### 'युगांधर शिवराय' का विमोचन

एजेंसी ▶▶ नागपुर

महान मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि प्रतिवर्ष 3 अप्रैल को होती है। वे मराठा साम्राज्य के संस्थापक थे और अपने कुशल प्रशासन, युद्धनीति और स्वराज्य की स्थापना के लिए प्रसिद्ध हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में 'युगांधर शिवराय' नामक पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे लिए हनुमान पौराणिक युग के आदर्श हैं और शिवाजी महाराज आधुनिक युग के आदर्श हैं। 17वीं शताब्दी में मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले शिवाजी महाराज ऐसे आक्रमणों का मजबूत जवाब देने वाले पहले योद्धा थे।

**भारत की लगातार पराजय के युग को बदला**



भागवत ने कहा कि विदेशी आक्रमणकारियों से लगातार परास्त होने का दौर शिवाजी महाराज के उदय के साथ ही समाप्त हो गया क्योंकि उन्होंने अपने पराक्रम से इन समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने भारत की लगातार पराजय के युग को बदल दिया और आगे का रास्ता दिखाया।

**सिकंदर के हमले से भारी क्षति हुई :** संघ प्रमुख ने इतिहास को याद करते हुए कहा कि भारत में हार का सिलसिला सिकंदर के हमले से शुरू हुआ और देश में इस्लाम फैलाने के नाम पर होने वाले हमलों तक जारी रहा। जब 17वीं शताब्दी शुरू हुआ तो शिवाजी इस समस्या का समाधान लेकर आए।

---

## शिक्षक भर्ती मामला: सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्तियों को कर दिया रद्द

# न्यायपालिका के प्रति सम्मान है, लेकिन फैसला अस्वीकार्य

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति को रद्द कर दिया है। स्कूल शिक्षकों की नियुक्तियों को अमान्य करार देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा कि न्यायपालिका के प्रति सर्वोच्च सम्मान है, लेकिन फैसले को स्वीकार नहीं कर सकती। ममता ने कहा कि नौकरी खो चुके लोगों से मिलेंगे, उनसे उम्मीद न खोने को कहेंगे। बेनर्जी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि मैं न्यायपालिका और न्यायाधीशों का बहुत सम्मान करती हूं, लेकिन मैं मानवीय दृष्टिकोण से इस फैसले को स्वीकार नहीं कर सकती। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार सभी कानूनी विकल्पों पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन करेगी।

**सीएम बोलीं-नौकरी खो चुके लोगों से मिलेंगी, उम्मीद न खोने को कहेंगी**

**भाजपा ने मांगा इस्तीफा, माफी नहीं चलेगी: सुकांत**



बंगाल भाजपा ने सीएम ममता बनर्जी से इस्तीफा देने की मांग की। राज्य भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने एक्स पर लिखा कि शिक्षक भर्ती में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की पूरी जिम्मेदारी राज्य की विफल मुख्यमंत्री की है। फैसले से साफ है ममता के शासन में कैसे बंगाल में शिक्षित बेरोजगार युवाओं की योग्यता को पैसे के बदले बेचा गया। मैं ममता से इस्तीफे की मांग करता हूं। अब और माफी नहीं मिलेगी।

**हम उम्मीदवारों के साथ**

ममता ने कहा कि एसएससी एक स्वायत्त निकाय है। यदि न्यायालय ने 3 लमानवीय आधार पर उम्मीदवारों के साथ हैं। वे हर समय बंगाल को क्यों निशाना बना रहे हैं? मैं बंगाल में पैदा हुआ हूं और मैं भाजपा और केंद्र सरकार की मंशा जानता हूं।

### कानूनी रूप से जो भी संभव हो, वह करना होगा

उन्होंने कहा कि हमें फैसले को स्वीकार करना होगा और कानूनी रूप से जो भी संभव हो, वह करना होगा। बेनर्जी ने कहा कि राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी इस मामले में जेल में हैं। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए पूछा कि व्यापम मामले में कितने भाजपा नेताओं को गिरफ्तार किया गया? क्या भाजपा पश्चिम बंगाल की शिक्षा प्रणाली को ध्वस्त करना चाहती है? मुख्यमंत्री ने कहा कि वह उन लोगों से मिलेंगी, जिन्होंने अपनी नौकरी खो दी है। मैं 7 अप्रैल को नेताजी इंडोर स्टेडियम में उनसे मिलूंगी।

## मोहम्मद यूनुस के बयान पर एस. जयशंकर का पलटवार

# भारत के पास सबसे लंबी तटरेखा, पांच बिम्सटेक सदस्यों के साथ करते साझा, पूर्वोत्तर क्षेत्र बिम्सटेक के लिए एक कनेक्टिविटी हब

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र पर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार प्रो. मोहम्मद यूनुस के विवादास्पद बयान पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने करारा जवाब दिया है। उन्होंने थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में बोलते हुए गुरुवार को कहा कि भारत की बंगाल की खाड़ी से लगी हुई लगभग 6,500 किलोमीटर की सबसे लंबी तटरेखा है। भारत न केवल पांच बिम्सटेक सदस्यों के साथ सीमा साझा करता है, बल्कि उनमें से अधिकांश को जोड़ता है, बल्कि भारतीय उपमहाद्वीप और आसियान के बीच बहुत अधिक इंटरफेस भी प्रदान करता है। हमारा पूर्वोत्तर क्षेत्र विशेष रूप से बिम्सटेक के लिए एक कनेक्टिविटी हब के रूप में उभर रहा है, जिसमें सड़कों, रेलवे, जलमार्गों, ग्रिड और पाइपलाइनों का असंख्य नेटवर्क है।त्रिपक्षीय राजमार्ग के पूरा होने से पूर्वोत्तर प्रशांत महासागर से जुड़ जाएगा। बिम्सटेक विदेश मंत्रियों ने गुरुवार को 20वीं बिम्सटेक मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान समुद्री परिवहन सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**त्रिपक्षीय राजमार्ग के पूरा होने से जल्द ही भारत को पूर्वोत्तर क्षेत्र प्रशांत महासागर से जुड़ जाएगा**

जयशंकर ने कहा कि भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र विशेष रूप से बिम्सटेक के लिए एक कनेक्टिविटी हब के रूप में उभर रहा है, जिसमें सड़कों, रेलवे, जलमार्गों, ग्रिड और पाइपलाइनों का असंख्य नेटवर्क है।

### साइबर सुरक्षा, आतंकवाद निरोधक उपाय, मानव तस्करी को रोकने के लिए बनाएं रूपरेखा




### सहयोग एक साझा दृष्टिकोण

जयशंकर ने क्षेत्रीय संपर्क में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बिम्सटेक को मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए कहा कि हम यह भी मानते हैं कि सहयोग एक साझा दृष्टिकोण है, न कि चुनिंदा लोगों के लिए।

### *यूनुस ने बांग्लादेश को बताया था एकमात्र संरक्षक*

*जयशंकर के इस बयान में भारत के पूर्वोत्तर के खास तौर पर जिक्र किए जाने को मोहम्मद यूनुस के लिए एक जवाब के रूप में देखा जा रहा है। यूनुस ने कुछ दिनों पहले चीन यात्रा के दौरान बांग्लादेश को इस क्षेत्र में 'महासागर का एकमात्र संरक्षक' बताया था, जबकि चीन से अपने देश में अपना आर्थिक प्रभाव बढ़ाने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि भारत के पूर्वोत्तर राज्य 'भूमि से घिरे' होने के कारण एक अवसर साबित हो सकते हैं।*

### स्वास्थ्य, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा पर ध्यान दें

जयशंकर ने कहा कि बिम्सटेक देश अपनी ऊर्जा को सबसे प्रमुख एकीकरणों जैसे पावर ग्रिड कनेक्शनों, डिजिटल अवसंरचना, व्यावसायिक गतिविधियों, समुद्री और भूमि परिवहन, ब्लू इकोनॉमी, और स्वास्थ्य, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा पर केंद्रित करें। उन्होंने कहा कि भविष्य को देखते हुए, प्रौद्योगिकी, स्टार्ट-अप और नवाचार अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने साइबर सुरक्षा, आतंकवाद निरोधक उपाय, मानव तस्करी, अवैध मादक पदार्थों के व्यापार और अन्य संबंधित गतिविधियों की गंभीरता पर ध्यान देने तथा इनसे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक रूपरेखा तैयार करने को भी कहा। उन्होंने पर्यटन को भी एक अन्य संभावित क्षेत्र के रूप में प्रोत्साहित किया।

### बिम्सटेक भारत की तीन महत्वपूर्ण पहलों का एक संयोजन

20वीं बिम्सटेक मंत्रिस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. जयशंकर ने कहा कि नई व्यवस्था मूल रूप से अधिक क्षेत्रीय और एजेंडा-विशिष्ट है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि बिम्सटेक भारत की तीन महत्वपूर्ण पहलों का एक संयोजन है: एक्ट ईस्ट नीति, पड़ोसी प्रथम दृष्टिकोण और महासागर दृष्टिकोण। इसके साथ ही यह देश की हिंद-प्रशांत प्रतिबद्धता का मार्ग भी है। उन्होंने बिम्सटेक सदस्य देशों से आग्रह किया कि वे मौजूदा वैश्विक व्यवस्था में अनिश्चितता और अस्थिरता को देखते हुए संगठन के प्रति अधिक महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण अपनाएं।

## खबर संक्षेप


### हंगरी का आईसीसी की सदस्यता छोड़ने का ऐलान

**बुडापेस्ट।** हंगरी, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय की सदस्यता छोड़ने की तैयारी कर रहा है। हंगरी की सरकार ने एक बयान जारी कर कहा है कि वे गुरुवार से अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) की सदस्यता छोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि सदस्यता छोड़ने की पूरी प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संवैधानिक ढांचे के अनुरूप ही होगी। हंगरी का यह एलान ऐसे समय आया है, जब जल्द ही इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट का दौरा करने वाले हैं।



### म्यांमा भूकंप: मृतकों की संख्या बढ़कर 3,085

**बैंकॉक।** म्यांमार में करीब एक हफ्ते पहले आए भूकंप में मृतकों की संख्या में इजाफा हुआ है। बता दें कि, राहत और बचाव दल ने मलबे कई अन्य लोगों के शव बरामद किए हैं, इसके बाद मृतकों की संख्या 3085 तक पहुंच गई है। वहीं इस विनाशकारी भूकंप के बाद अभी चार हजार से ज्यादा लोग घायल है और कुल 341 लोग लापता हैं। ये आंकड़े म्यांमार की सेना की तरफ से जारी किए गए हैं। बीते शुक्रवार यानी 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास था।



### 14 अप्रैल को अंतरिक्ष में रवाना होंगी 6 महिलाएं

**न्यूयॉर्क।** अरबपतियों की सूची में दूसरे स्थान पर आने वाले जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू ऑरिजिन का नया शेपर्ड रॉकेट इतिहास रचने जा रहा है। इस रॉकेट की 11वीं मानव उड़ान की क्रू में केवल महिलाएं होंगी। छह शीर्ष महिलाओं के साथ 14 अप्रैल, 2025 को वेस्ट टेक्सास में लॉन्च साइट वन से यह उड़ान भरी जाएगी। इस मिशन का नाम एनएस-31 है। इस मिशन में कैटी पेरी, आयशा बॉवे, अमांडा न्यगेन, गेल किंग, कैरिन फ्लिन और लॉरेन सांचेज शामिल हैं।



### इस्तांबुल मेयर की कैद का विरोध 11 लोग गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** तुर्किये पुलिस ने गुरुवार को 11 लोगों को हिरासत में लिया है। इन लोगों ने राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के मुख्य प्रतिद्वंदी और इस्तांबुल के मेयर एक्रेम इमामोग्लू की कैद के विरोध में बीते दिन एक दिवसीय खरीदारी बहिष्कार का समर्थन किया था। इस्तांबुल के मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय ने 16 संदिग्धों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है, जिन पर 'घृणा और भेदभाव' फैलाने का आरोप है। हिरासत में लिए गए लोगों में अभिनेता सेम यिगित उजुमोग्लू भी शामिल हैं, जिन्होंने नेटफ्लिक्स की डॉक्यूसीरीज में काम किया है।



## ट्रंप का ऑटो सेक्टर में 25% टैरिफ का ऐलान

# आज से होगा लागू, 600 अरब डॉलर आयात पर पड़ेगा असर




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि सभी विदेशी वाहनों और ऑटो पार्ट्स पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। यह टैरिफ सालाना लगभग 600 अरब डॉलर के आयात पर लागू होगा। इतना ही नहीं, यह शुल्क अमेरिका में आयात होने वाले सभी कंप्यूटरों, जिनमें लैपटॉप भी शामिल हैं, पर भी लगाया जाएगा। यह जानकारी एक फेडरल रजिस्टर नोटिस में दी गई, जिसमें टैरिफ कोड्स का विश्लेषण किया गया। इस बार लगभग 150 अलग-अलग ऑटो पार्ट्स को टैरिफ की सूची में शामिल किया गया है। ये शुल्क 3 मई से प्रभावी होंगे, जबकि वाहन आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क 4 अप्रैल की आधी रात से लागू हो जाएगा। टैरिफ की सूची में इंजन, ट्रांसमिशन, लिथियम-आयन बैटरियां और अन्य प्रमुख ऑटो कंपोनेंट शामिल हैं।

### 10% बेसलाइन शुल्क भी लगाया

इसके अलावा, ट्रंप ने सभी अमेरिकी आयातों पर एक बेसलाइन 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का भी ऐलान किया है। कुछ देशों पर यह दर और भी ज्यादा होगी, ताकि गैर-टैरिफ ट्रेड बैरियर्स (यानी अन्य देशों द्वारा लगाए गए छिपे हुए व्यापारिक प्रतिबंध) का मुकाबला किया जा सके। ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि धारा 232 राष्ट्रीय सुरक्षा शुल्क के अधीन आने वाले ऑटो और ऑटो पार्ट्स पर भी अलग से बेसलाइन या रेसिप्रोकल ट्रैरिफ नहीं लगाया जाएगा। दूसरे शब्दों में, ऑटो शुल्क उन नए रेसिप्रोकल ट्रैरिफ के साथ नहीं जुडेंगे, जो 5 अप्रैल से लागू होंगे।

### और भी बढ़ सकते हैं टैरिफ

व्हाइट हाउस ने वाणिज्य विभाग को 90 दिनों के भीतर एक नई प्रक्रिया तैयार करने का निर्देश दिया है, जिससे घरेलू निर्माता यह अनुरोध कर सकें कि अन्य आयातित पुर्जों को भी टैरिफ सूची में जोड़ा जाए। यानी, भविष्य में और भी ज्यादा उत्पादों पर यह शुल्क लगाया जा सकता है। जो वाहन यूएस-मेक्सिको-कनाडा समझौते के नियमों के अनुसार अमेरिका में आयात किए जा रहे हैं, उन्हें कुछ छूट दी जाएगी। ऐसे वाहनों के लिए 25 प्रतिशत टैरिफ सिर्फ उस हिस्से पर लगाया जाएगा, जो अमेरिकी नहीं है।

## पीएम मोदी ने थाईलैंड समकक्ष पैतोंगतार्न शिनवात्रा से की मुलाकात, कहा

# हम विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की नीति में विश्वास रखते हैं, आसियान का किया समर्थन

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को छठवें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए थाईलैंड पहुंचे। यहां उन्होंने थाईलैंड की पीएम पैतोंगतार्न शिनवात्रा से मुलाकात की। पीएम मोदी का बैंकॉक में गवर्नमेंट हाउस में गर्मजोशी से स्वागत हुआ। इस दौरान उन्होंने थाई पीएम शिनावात्रा से वार्ता की। साथ ही डिजिटल तकनीक, एमएसएमई, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट्स में सहयोग के लिए 5 एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद पीएम मोदी और थाई पीएम शिनावात्रा ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत आसियान एकता और आसियान केंद्रीयता का पूर्ण समर्थन करता है। इंडो-पैसिफिक में, फ्री, ओपन, नियम-आधारित व्यवस्था का हम दोनों समर्थन करते हैं। हम विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की नीति में विश्वास रखते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत और थाईलैंड के सदियों पुराने संबंध हमारे गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सूत्रों से संबंधित हैं। बौद्ध धर्म के प्रसार ने जन-जन को जोड़ा है। अयुत्थया से नालंदा तक विद्वानों का आदान-प्रदान रहा है। रामायण की कथा थाई लोक-जीवन में रची-बसी है।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और थाईलैंड के सदियों पुराने संबंध हमारे गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सूत्रों से संबंधित हैं। बौद्ध धर्म के प्रसार ने जन-जन को जोड़ा है। अयुत्थया से नालंदा तक विद्वानों का आदान-प्रदान रहा है। रामायण की कथा थाई लोक-जीवन में रची-बसी है

**सुरक्षा एजेंसियों के बीच स्ट्रैटिजिक डायलॉग स्थापित करने पर की बातचीत**

**पूर्वोत्तर राज्यों और थाईलैंड के बीच पर्यटन संस्कृति, शिक्षा में सहयोग पर जोर**




### इंडो पैसिफिक विजन में थाईलैंड की खास जगह

पीएम ने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और हमारे इंडो पैसिफिक विजन में थाईलैंड की खास जगह है। हमने अपने रिश्तों को स्ट्रैटिजिक पार्टनरशिप का रूप देने का फैसला किया है। सुरक्षा एजेंसियों के बीच स्ट्रैटिजिक डायलॉग स्थापित करने पर बातचीत की। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और थाईलैंड के बीच पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा के क्षेत्रों में सहयोग पर जोर दिया है। पीएम ने कहा कि साइबर क्राइम के शिकार भारतीयों को भारत भेजने में थाईलैंड सरकार के सहयोग को लेकर वे थाईलैंड सरकार का आभार प्रकट करते हैं।

### भूकंप में हुई जनहानि पर शोक जताया

पीएम मोदी ने 28 मार्च को थाईलैंड में आए भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मैं भारत के लोगों की तरफ से भूकंप में हुई जनहानि के लिए गहरी संवेदना प्रकट करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### डाक टिकट जारी करने पर जताया आभार



पीएम मोदी ने कहा कि इस खूबसूरत स्वर्ण भूमि में मेरे और प्रतिनिधिमंडल के गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य सत्कार के लिए मैं पीएम शिनावात्रा का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि वे थाईलैंड सरकार के आभारी हैं। उनकी यात्रा के उपलक्ष्य में 18वीं शताब्दी की 'रामायण' भित्ति चित्रों पर आधारित एक खास डाक-टिकट जारी किया है। पीएम शिनावात्रा ने अभी मुझे त्रिपिटक भेंट की। बुद्ध भूमि भारत की ओर से इसे मैंने स्वीकार किया।

## मुंबई में 1 से 4 मई को पहला वेव्स समिट

# भारत ने चिली को 'वेव्स-2025' के लिए दिया निमंत्रण, मनोरंजन क्षेत्र में करेंगे आपसी सहयोग



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने चिली की संस्कृति, कला और विरासत मंत्री कैरोलिना आर्रेदोंदो से मुलाकात की। चिली की संस्कृति मंत्री राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट की 5 दिन की भारत यात्रा के दौरान दिल्ली में हैं।

### प्रतिनिधिमंडल संग की बैठक

एल. मुरुगन ने इस दौरान उन्हें आगामी विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया। साथ ही उन्हें भारतीय पेंटिंग भेंट की। बैठक में चिली के प्रतिनिधिमंडल ने भी भाग लिया, जिनमें चिली के दूतावास में तृतीय सचिव मार्टिन मारमेज, विदेश मंत्रालय में अवर सचिव लक्ष्मी चंद्र और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में संयुक्त सचिव (फिल्म) डॉ. अजय नागभूषण एम.एन. शामिल रहे।

### जियो वर्ल्ड में होगा आयोजन

भारत मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्र में एक प्रमुख स्थान रखता है, जहाँ देश के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में फैली प्रतिभाएँ अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के माध्यम से आकर्षक विषय-वस्तु का निर्माण करती हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमओआईबी) प्रथम वेव्स समिट 1 से 4 मई, 2025 को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर और जियो वर्ल्ड गार्डन में आयोजित करने जा रहा है।

## ग्रीक द्वीप के पास पलटी नाव

# 4 की मौत, 23 सुरक्षित बचाव अभियान जारी

**एथेंस।** ग्रीस में तुर्की तट से प्रवासियों को लेकर ग्रीक द्वीप जा रही एक नाव बृहस्पतिवार सुबह पलट गई। ग्रीस के तट रक्षक ने बताया कि हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में दो महिलाएं और दो बच्चे- एक लड़का व एक लड़की शामिल हैं, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं। इसके अलावा, 23 लोगों को बचा लिया गया है। तट रक्षक के अनुसार, लेसबोस द्वीप के उत्तरी तट पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में मौसम साफ था। इसके बाद भी नाव पलटने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। नाव पर कितने लोग सवार थे, उनकी राष्ट्रीयता क्या थी, वह किस तरह के जहाज का इस्तेमाल कर रहे थे।



## श्रीहरिकोटा में बनेगा तीसरा लॉन्च पैड, 4 साल में होगा तैयार

# भविष्य में भारत के मानवयुक्त चंद्र मिशन यहीं से होंगे लॉन्च: जितेंद्र सिंह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा में बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में तीसरा लॉन्च पैड (टीएलपी) स्थापित करेगा। इस प्रोजेक्ट के लिए केंद्र सरकार ने 3984.86 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है और इसे अगले चार वर्षों में पूरा किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इसरो अपने नए 'नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल' (एनजीएलवी) पर काम कर रहा है, जो 90 मीटर ऊंचा और 1000 टन वजनी होगा। मौजूदा लॉन्च पैड इस तरह के भारी और बड़े रॉकेट लॉन्च करने के लिए सक्षम नहीं हैं, इसलिए नया लॉन्च पैड बनाया जा रहा है।

### एनजीएलवी में नौ इंजन होंगे

मंत्री सिंह ने बताया कि इस लॉन्च पैड को इस तरह से डिजाइन किया जाएगा कि इसमें भविष्य में भारत के मानवयुक्त चंद्र मिशन के लॉन्च की भी सुविधा हो। उन्होंने कहा कि नए लॉन्च पैड में 'टिलटेबल अंबिलिकल टावर' (टीयूटी) होगा, जिससे रॉकेट को हॉरिजोन्टल रूप में तैयार कर उसे वर्टिकल स्थिति में लाया जा सकेगा। इसके अलावा, एनजीएलवी का पहला चरण नौ इंजनों के समूह के साथ तैयार किया जा रहा है, जिसकी 'हॉट टेस्टिंग' लॉन्च पैड पर ही होगी, जिससे अलग से परीक्षण केंद्र बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



## सेना कमांडरों के सम्मेलन में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# राष्ट्र निर्माण और विकास में सेना की भूमिका अतुलनीय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना कमांडरों के सम्मेलन के दौरान गुरुवार को भारतीय सेना के वरिष्ठ नेतृत्व को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा, एचएडीआर, चिकित्सा सहायता से लेकर देश में स्थिर आंतरिक स्थिति बनाए रखने तक हर क्षेत्र में सेना मौजूद है। राष्ट्र निर्माण और समग्र राष्ट्रीय विकास में भारतीय सेना की भूमिका अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि हाइब्रिड युद्ध सहित अपरंपरागत और असममित युद्ध, भविष्य के पारंपरिक युद्धों का हिस्सा होंगे। साइबर, सूचना, संचार, व्यापार और वित्त सभी भविष्य के संघर्षों का अभिन्न अंग बन गए हैं। यह आवश्यक है कि सशस्त्र बलों को योजना बनाते और रणनीति बनाते समय इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखना होगा।

**हाइब्रिड युद्ध, भविष्य के पारंपरिक युद्धों का हिस्सा होंगे**

**साइबर, सूचना, संचार, व्यापार संघर्षों का अभिन्न अंग**



### माउंट एवरेस्ट अभियान को दिखाई हरी झंडी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली से माउंट एवरेस्ट और माउंट कंचनजंगा के लिए अभियानों को हरी झंडी दिखाई। संयुक्त भारत-नेपाल अभियान का उद्देश्य माउंट कंचनजंगा पर चढ़ना है। इसमें भारतीय सेना के 12 पर्वतारोही और नेपाली सेना के छह पर्वतारोही शामिल होंगे। इसका नेतृत्व भारतीय सेना के कर्नल सरफराज सिंह करेंगे। भारतीय सेना के माउंट एवरेस्ट अभियान में 34 पर्वतारोही शामिल हैं।

**चुनौतियों का सामना करने गतिशील योजना तैयार करें**

*रक्षा मंत्री ने राष्ट्र के 'रक्षा और सुरक्षा' दृष्टिकोण को नई ऊंचाइयों पर सफलतापूर्वक ले जाने के लिए सैन्य नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान गतिशील भू-रणनीतिक परिवर्तनों और अनिश्चितताओं के साथ चल रहे वैश्विक सुरक्षा परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए सशस्त्र बलों को दीर्घकालिक और अल्पकालिक दोनों चुनौतियों का समाधान करते हुए गतिशील योजना तैयार करें।*

## डोनाल्ड ट्रंप ने कैबिनेट को बताया

# एलन मस्क डीओजीई प्रमुख पद से देंगे इस्तीफा, कई कामकाज से नाखुश

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों और अन्य करीबी सहयोगियों से कहा है कि कैबिनेट के साथी एलन मस्क जल्द ही सरकार में अपनी भूमिका यानी डीओजीई प्रमुख पद से इस्तीफा दे देंगे। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप अरबपति दिग्गज कारोबारी के कामकाज से खुश हैं और उन्होंने सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) में उनकी कोशिशों की तारीफ की हैं लेकिन दोनों ने अब फैसला किया है कि मस्क जल्द ही डीओजीई की जिम्मेदारी छोड़कर अपने कारोबार को संभालेंगे। ट्रंप प्रशासन के अंदरूनी सूत्रों ने नाम न बताने की शर्त पर वेबसाइट को यह जानकारी दी है। हालांकि मस्क कब मंत्रिमंडल छोड़ेंगे, इस बारे में नहीं बताया गया है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि ट्रंप प्रशासन के कुछ सदस्य और राष्ट्रपति के कुछ सहयोगी एलन मस्क के कामकाज के तरीके असंतुष्ट थे और उन्हें एक तरह से राजनीतिक बोझ समझ रहे थे।


स्पेशल: जू लवर्स-डे, 8 अप्रैल

रोचक / रजनी अरोड़ा


## अट्रैक्टिव-डिफरेंट-फेमस
# दुनिया के अमेजिंग जू

बच्चो, तुमने अपने शहर या किसी दूसरे शहर में स्थित जू यानी चिड़ियाघर को जरूर देखा होगा। वैसे तो दुनिया भर में लगभग दस हजार जू हैं। लेकिन उनमें से कुछ ऐसे हैं, जो अपनी विशेषता के कारण बहुत फेमस हैं। यहां हम तुम्हें कुछ ऐसे ही अनोखे चिड़ियाघरों के बारे में बता रहे हैं।









### वियना चिड़ियाघर

**इस चिड़ियाघर** का निर्माण ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में 1752 ई. में किया गया था। 'टियरगार्टन शॉनब्रून' नाम से मशहूर यह चिड़ियाघर पवित्र रोमन सम्राट फ्रांसिस प्रथम ने स्थापित किया था। यह चिड़ियाघर वियना के प्रसिद्ध शॉनब्रून पैलेस के अंदर शाही परिवार के लिए एक निजी उद्यान के रूप में शुरू हुआ था। लगभग 17 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बने इस चिड़ियाघर में 18वीं सदी की ऐतिहासिक इमारतें और आधुनिक सुविधाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यहां पांडा, पोलर बियर, शेर, बाघ, तेंदुआ जैसे अलग-अलग वातावरण में पाए जाने वाले जानवर देखने को मिलते हैं। दुनिया के सबसे पुराने इस चिड़ियाघर को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया गया है। *

### दार्जिलिंग चिड़ियाघर

**अपने ही** देश भारत में दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) के बिर्च हिल इलाके में स्थित इस जू का निर्माण 1958 में किया गया था। 1975 में बंगाल की पूर्व गवर्नर और स्वाधीनता सेनानी सरोजिनी नायडू की पुत्री पद्मजा नायडू के नाम पर इस जू का नाम 'पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क' रखा गया। इसे 'दार्जिलिंग चिड़ियाघर' के नाम से भी जाना जाता है। यह 7,000 फीट की ऊंचाई पर 67.5 एकड़ क्षेत्रफल में बना है। इस चिड़ियाघर में मुख्य रूप से अल्पाइन क्षेत्र में रहने वाले हिमालयी पशुओं को संरक्षित किया गया है। यहां 200 से अधिक पशु प्रजातियों में स्नो लेपर्ड, तिब्बती वुल्फ, लाल पांडा, साइबेरियन टाइगर, हिमालयी न्यूट, ब्लू शीप, हिल मोनाल, रिंग नैकेंड पीसेंट, ब्लड पीसेंट, ट्रैगोपैन जैसे लुप्तप्राय पशु-पक्षी भी हैं। यह चिड़ियाघर लाल पांडा के संरक्षण के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। *

### बटरफ्लाई जू

**वर्ष 1988** में बना फ्लोरिडा (अमेरिका) का बटरफ्लाई वर्ल्ड जू, दुनिया का सबसे बड़ा बटरफ्लाई चिड़ियाघर है। यहां करीब 5 हजार रंग-बिरंगी बटरफ्लाई हैं, जो पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। इसके साथ ही इस चिड़ियाघर में अमेरिका का सबसे बड़ा हमिंगबर्ड, लोरिकेट जैसी उष्णकटिबंधीय बर्ड्स का घर भी है। पर्यटक यहां इन बर्ड्स को खाना भी खिला सकते हैं।




यहां के इंसेक्टेरियम में कई तरह के बग्स भी देखे जा सकते हैं। पॉपकॉर्न पार्क चिड़ियाघर 1977 में न्यू जर्सी (अमेरिका) में वन्य जीवों को संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से यह चिड़ियाघर बनाया गया था। इसमें प्रायः बड़ी उम्र के बीमार, घायल या बेसहारा जानवरों को ही रखा जाता है। इनमें कुत्ते, बिल्लियों जैसे घरेलू जानवर ही नहीं, शेर, बाघ, हाथी, ऊंट, लामा, इमू, लोमड़ी, बंदर, हिरण, कछुए जैसे जानवर और कई तरह के पक्षी भी हैं। *

### चिड़ियाघर नहीं समुद्री गुफा

**बच्चो,** अमेरिका के ऑरेगन समुद्र तट पर स्थित केव्स ऑफ सी लॉयन, चिड़ियाघर नहीं, बल्कि एक समुद्री गुफा है। यह स्टेलर सी लॉयंस और अन्य समुद्री जंतुओं का प्राकृतिक आवास है। यह उत्तरी अमेरिका की सबसे बड़ी समुद्री गुफा है। माना जाता है कि बेसाल्ट रॉक से बनी इन केव्स (गुफाओं) का निर्माण 25 मिलियन साल पहले हुआ था।



आधुनिक काल में इसकी खोज 1880 में कैप्टन विलियम कॉक्स ने की थी। इस स्थान को स्थनीय लोगों और पर्यटकों के लिए 1932 में खोला गया। सी लॉयंस केव्स तकरीबन 12 मंजिला इमारत जितनी ऊंची और फुटबॉल मैदान की लंबाई जितनी बड़ी है। स्टेलर सी लॉयंस के अलावा यहां कैलिफोर्निया के सी लॉयंस, टफटिड पफिंस, बाल्ड ईगल आदि कई तरह के जंतु भी पाए जाते हैं। सी लॉयंस केव्स को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी शामिल किया गया है। *

### लोन पाइन कोआला सेंचुरी

**यह ऑस्ट्रेलिया** के क्वींसलैंड में 1927 में बना, दुनिया का पहला सबसे बड़ा और सबसे पुराना कोआला चिड़ियाघर है। 18 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बने इस चिड़ियाघर में 130 से अधिक



कोआला हैं। यह चिड़ियाघर क्लार्कसन परिवार द्वारा लगाए गए पाइन के दो पेड़ों और जैक एंड जिल नामक दो कोआला से शुरू हुआ था। आज यहां कंगारू, तस्मानिया डेविल, पैरेट्स, काकातुआ, इमु, कैसोवरी, लौरिकेट, प्लेटीपस और कई तरह के सरीसृप भी पाए जाते हैं। इस चिड़ियाघर की खासियत है कि यहां आने वाले पर्यटक चाहें तो इन जानवरों को खाना भी खिला सकते हैं। *

जानकारी / विनय कुमार पाठक

बच्चो, हर साल 6 अप्रैल को इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस डे मनाया जाता है। जानो, यह क्यों मनाया जाता है, इस वर्ष इसकी थीम क्या है?

## विकास-शांति-स्वास्थ्य के लिए
# हम भी खेलें-तुम भी खेलो

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि वर्ष में कई तिथियों को विशेष दिवस के रूप में मनाते हैं। जैसे 26 जनवरी को हम सब गणतंत्र दिवस मनाते हैं। 14 नवंबर को तुम बाल दिवस मनाते हो। अभी बीते 1 अप्रैल को तुमने फूल डे भी मनाया होगा। अच्छा क्या तुमको पता है कि हर वर्ष 6 अप्रैल को किस रूप में मनाया जाता है? नहीं पता? चलो हम तुम्हें बताते हैं। 6 अप्रैल को 'इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस' के रूप में मनाया जाता है। अर्थात विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस। तुम्हें पता होगा कि अपने देश में हर वर्ष 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस मनाने का उद्देश्य पूरी दुनिया के लोगों को खेलों का महत्व बताना है।



**इस वर्ष की थीम:** हमारे लिए विकास का बहुत महत्व है। विकास का मतलब है, पहले से बेहतर होना। शांति का भी उतना ही महत्व है। तो इन दोनों को ध्यान में रखकर ही 'विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस' को मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिन की थीम 'लेवलिंग द प्लेइंग फील्ड: स्पोर्ट फॉर सोशल इनक्लुजन' निर्धारित की गई है। इसका अर्थ है- सामाजिक समावेशन के लिए खेलकूद के समान अवसर बनाना। समावेशन का अर्थ होता है, हमारे समाज के सभी लोगों को शामिल करना। जैसे अलग-अलग रंग के, अलग-अलग आकार के, अलग-अलग सुगंध के फूल मिलकर बगिया को खूबसूरत बनाते हैं, वैसे ही सभी तरह के लोगों को जब एक साथ शामिल किया जाएगा, तभी हमारा समाज सुंदर बनेगा। इसके लिए खेलकूद से बेहतर साधन क्या हो सकता है!

**आयोजक है ओलंपिक समिति:** तरह-तरह के खेल खेलने में तो तुम्हें बहुत मजा आता होगा, है न! स्कूल में भी गेम्स पीरियड का तुम बेसब्री से इंतजार करते हो। छुट्टियों में तो अपने दोस्तों के साथ जमकर खेल का आनंद लेते ही हो। केवल बच्चे ही नहीं बड़ी उम्र के लोग भी विभिन्न खेलों का खूब आनंद लेते हैं। तुम्हें पता है, दुनिया में खेलकूद का सबसे बड़ा आयोजन ओलंपिक होता है। इसका आयोजन करने वाली समिति अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति है। हर देश में भी एक ओलंपिक समिति होती है, जो उस देश में खेलकूद को बढ़ावा देने का काम करती है।

**खेलों की महत्ता:** खेलकूद का समाज पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है। इसमें भेदभाव मिटाकर सभी को बराबर मौका मिलता है। खेलकूद के आयोजन में सभी क्षेत्र के, सभी वर्ग के, सभी धर्म के, सभी रंग के खिलाड़ी भाग लेते हैं। लोग आपसी मतभेद भुलाकर मिल-जुल कर खेलते हैं, इससे शांति का माहौल बनता है। जब माहौल शांति का होता है तो समाज और देश का विकास होता है। यही नहीं, खेलकूद से शारीरिक क्षमता बेहतर होती है। साथ ही हमारा मन भी स्वस्थ रहता है। तो तुम भी खेलकूद में जमकर हिस्सा लो और अपने शरीर के साथ-साथ मन को भी स्वस्थ बनाओ। *

कविता / नरेंद्र सिंह 'नीहार'

### बच्चों की आजादी



सजे-धजे स्कूल सभी हों,
खुशी-खुशी सब आएं।
टीचर जी से खुलकर बोलें,
मन की बात बताएं।
खेल-खेल में करें पढ़ाई,
करके सब कुछ सीखें।
विद्यालय की हरित वाटिका,
मिल-जुलकर हम सींचें।
डांट-डपट से दूर रहें हम,
बनें न कभी फसादी।
बात-बात पर शाबाशी हो,
कदम-कदम आजादी।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

### कौवे की मजेदार शादी

शादी-ब्याह का समारोह हो या कोई दावत, तुम उसमें खूब सज-धज कर जाते होगे, है न! इस रंगीन चित्रों वाली किताब 'कालू कौवे की शादी' में ऐसा ही एक किस्सा है, जिसमें एक कौवा अपनी शादी की खुशी में खूब सजा-धजा दिखना चाहता है। इसके लिए वह निकल पड़ता है, अपने दोस्तों से उनकी मदद मांगने। मोर से वह रंग-बिरंगे पंख उधार लेता है, मिट्ठू तोते से उसकी सुंदर लाल चोंच। उल्लू से आंखें और शुतुरमुर्ग से लंबे-लंबे पैर। अब यह सब पहनकर वह अनोखा बन जाता है। फिर निकल पड़ता है, अपनी बारात लेकर कौवी से शादी रचाने। लेकिन बाहर के मौसम और धूप से इस अनोखी बारात में सब उलट-पुलट हो जाता है। यह सब कैसे होता है और फिर अंत में क्या होता है, यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। *




**किताब:** कालू कौवे की शादी, **लेखिका:** डॉ. कमलेश कुमारी, **मूल्य:** 150 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन, **दिल्ली**

### जीके क्विज-148

1. हाल ही में छत्तीसगढ़ के किस साहित्यकार को 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई है?
2. विग्नेश पुथुर का संबंध किस खेल से है?
3. हरियाणा के वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?
4. विश्व का सबसे प्रदूषित देश कौन-सा है?
5. किस सिख गुरु ने अमृतसर शहर की स्थापना की थी?
6. भारत का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम कौन-सा है?
7. एलपीजी सिलिंडर में मुख्य रूप से कौन-सी गैस भरी होती है?
8. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?
9. विटामिन E का रासायनिक नाम क्या है?
10. विश्व धरोहर दिवस कब मनाते हैं?



बच्चों, जीके क्विज-148 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-147 का उत्तर :** 1. 286 दिन, 2. 58 करोड़, 3. भिवंडी, 4. 7 अप्रैल, 5. हैदराबाद, 6. विल्हेम कोनराड रॉन्टजेन, 7. आयरन (लौह तत्व), 8. माइटोकॉन्ड्रिया, 9. कर्नाटक, 10. क्षिप्रा

**जीके क्विज-147 का सही उत्तर देने वाले :** शिवम-रायपुर, किशन-बिलासपुर, कबीर-हिसार, नीटू-सीतापुर, बालमुकुंद-कुनकुरी, तृप्ति-ईमेल से, ट्विंकल-ईमेल से, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, सचिन-महासमुंद



गुजराती कहानी
पुष्पा अंताणी

घूमने की शौकीन चिल्ली बिल्ली एक दिन जंगल पहुंच गई। उस समय जंगल का राजा बाघ सैर पर था। उसके भेड़िए सैनिकों ने बिल्ली को धर दबोचा। वह बाघ राजा के सामने लाई गई। चिल्ली बिल्ली ने बहुत सूझ-बूझ से काम लिया। बाघ राजा के सामने उसने कुछ इस तरह बातें बनाईं कि वह चिल्ली बिल्ली को अपनी मौसी मान बैठा।

# बाघ की मौसी चिल्ली बिल्ली



एक थी बिल्ली। नाम था चिल्ली। चिल्ली घूमने की बहुत शौकीन थी। दिन शुरू होते ही वह घूमने निकल पड़ती। पूरा दिन बस घूमना-फिरना। एक बार चिल्ली घूमते-घूमते जंगल में पहुंच गई। वहां उसे कुछ जानवर मिले। जंगल के रास्ते के बीचों-बीच चिल्ली को चलते हुए देख एक जानवर ने पूछा, 'कौन है तू? बीच रास्ते में क्यों चल रही है? इस जंगल का राजा बाघ सैर करने निकला है। वह तुझे बीच रास्ते में टहलते देखेगा तो गुस्साएगा।'

बिल्ली ने अपना सीना फुलाकर कहा, 'मैं हूं बिल्ली, नाम मेरा चिल्ली। मैं तुम्हारे राजा बाघ से डरती-वरती नहीं।' यह कह बिल्ली आगे बढ़ गई। थोड़ा आगे गई तो दो सैनिक भेड़िए मिले। बिल्ली को बीच रास्ते में चलती देख दोनों चिल्लाए, 'ओय तू है कौन? राजा जंगल में सैर करने निकले हैं और तू उनके रास्ते के बीच इस तरह घूम रही है? राजा देख लेगा तो तेरी खाल उधेड़ देगा।'

बिल्ली ने अपना सिर उठाया और रुआब से बोली, 'मैं हूं बिल्ली, नाम मेरा चिल्ली। बाघ राजा होगा तुम्हारा। मैं उससे डरती-वरती नहीं हूं।'

इतने में जंगल का राजा बाघ वहां आ पहुंचा। सैनिक घबरा गए। उनको कुछ समझ में नहीं आया कि क्या करें? जंगल में सैर करने में बाधा आने से बाघ गुस्साया। जोर से गुर्राते हुए बोला, 'कौन है यह?'

बाघ को देखकर और उसकी दहाड़ सुनकर बिल्ली के होश उड़ गए, लेकिन उसने तुरंत ही अपने आपको संभाल लिया और एक तरकीब सोच ली।

सैनिकों ने झुक-झुक कर राजा को सलामी दी और बताया, 'हुजूर, यह कहती है- मैं तुम्हारे राजा से डरती-वरती नहीं हूं।'

बाघ ने लाल-लाल आंखों से बिल्ली की ओर देखा और सैनिकों को हुकुम दिया, 'इसे दरबार में ले आओ। मैं जंगल का दौरा पूरा कर वापस आता हूं, इसके बाद इससे निपटता हूं।'

सैनिकों ने बिल्ली को गिरफ्तार किया और राजा के दरबार में ले गए। थोड़ी देर बाद बाघ दरबार में आया। बिल्ली को बाघ के सामने लाया गया। बाघ ने दहाड़ कर पूछा, 'ओय बिल्ली, क्या तू मुझसे डरती नहीं?'

बिल्ली लापरवाही से अपने शरीर को पंजों से खुजलाते हुए बोली, 'नहीं, मैं तुमसे डरती नहीं हूं।'

बाघ और ज्यादा क्रोधित होकर बोला, 'तुझे पता है, मैं इस जंगल का राजा हूं?'

'होगा! इससे मुझे क्या? न तो मैं इस जंगल में रहती हूं और न ही तुम मेरे राजा हो। मैं तो तुम्हारे परिवार की सदस्य हूं। फिर मुझे तुमसे क्यों डरना चाहिए?' बिल्ली तिरछी नजर से बाघ की तरफ देखते हुए बोली।

'मेरे परिवार से मतलब..? बाघ को बात कुछ समझ में नहीं आई।

बिल्ली अपना मुंह फुलाकर बोली, 'बाघ राजा, क्या तुमको इतना भी पता नहीं? तुम्हारी मां और मैं दोनों बहने हैं।' बाघ चौंका। उसने बिल्ली को ध्यान से देखा और बोला, 'अरे जा! तू झूठ बोल रही है। कहां मेरी ताकतवर मां और कहां इतने छोटे कद वाली तू! तू तो मेरे बच्चे से भी छोटी है!'

'तुम्हारी बात सही है, बाघ जी! फिर भी हम दो बहनें हैं। तुम्हारी मां का शरीर ताकतवर, भयानक और बड़ा है और मैं इतनी छोटी हूं। इसके पीछे एक लंबी कहानी है।' बिल्ली बाघ से बोली।

बाघ को बिल्ली की बातों में दिलचस्पी होने लगी। उसने पूछा, 'कौन सी कहानी..?'

बिल्ली ने कहानी बताई, 'मैं और तुम्हारी मां सगी बहनें हैं। तुम्हारी मां बड़ी और मैं छोटी। तुम्हारी मां जब बड़ी हो गई तो वह जंगल में चली आई। अच्छी-सी गुफा बनाई और उसमें रहने लगी। फिर वह जंगल के जानवरों का शिकार करके उनका मांस खाने लगी। उसका शरीर बढ़ता गया। इसलिए वह मोटी और ताकतवर बन गई।'

बाघ उसकी बात ध्यान से सुन रहा है या नहीं, यह देखने के लिए बिल्ली बोलते हुए थोड़ी देर रुक गई।

बाघ ने उत्सुकता से पूछा, 'फिर क्या हुआ?'

'हां... बताती हूं। तब मैं बहुत छोटी थी। एक बार मैं अकेली गुफा के बाहर खेल रही थी। खेलते-खेलते मैं काफी दूर निकल गई। फिर गुफा में वापस जाने का रास्ता भूल गई। एक गांव में पहुंच गई। वहां जंगल का कोई भी जानवर नहीं दिखा तो मैं रोने लगी। इतने में राजू नाम का एक लड़का आया। उसने मेरे आंसू पोंछे, मेरा सिर सहलाया और अपने घर ले गया। उसने मुझे अपने घर में ही रखा। वह जो खाता था वही दूध और रोटी मुझे खिलाता। ऐसे खाने से मेरा शरीर छोटा ही रह गया और मैं इतनी छोटी ही रही। अब तो मेरी बात तेरी समझ में आई कि नहीं आई?' बिल्ली ने अपनी बात पूरी की।

राजा बाघ और बाकी जानवरों को बिल्ली की बात सच्ची लगी। बाघ खुश हो गया। वह अपने सिंहासन से खड़ा हुआ, बिल्ली के पास गया और उसे प्रणाम किया। फिर बोला, 'मेरी मां तो अब इस दुनिया में नहीं है, पर तुम मेरी मौसी हो। अब तुम यहां इस जंगल में आराम से रह सकती हो।'

बिल्ली बोली, 'ना, बाबा, ना! मेरा दोस्त राजू मेरे बिना नहीं रह सकता। इस वक्त भी वह मुझे ढूंढता हुआ रोता होगा। मैं अब अपने गांव वापस जाऊंगी।'

बाघ ने अपनी मौसी बिल्ली पर प्यार से अपना पंजा फेरा और बोला, 'चिल्ली मौसी, जैसी तुम्हारी मर्जी। अब जब भी तुम्हारा मन करे, जंगल में घूमने आ जाना।'

चिल्ली बिल्ली ने अपने गांव की ओर कदम बढ़ा दिए। बाघ राजा और जंगल के सारे प्राणी भी बिल्ली मौसी को विदाई देते हुए बोले, 'जल्द ही फिर मिलेंगे चिल्ली मौसी!'


जंगल से वापस अपने गांव की ओर लौटते हुए चिल्ली बिल्ली मन ही मन में मुस्कुराती हुई पूरे रास्ते बोलती रही, 'मैं तो बाघ की मौसी... मैं तो बाघ की मौसी...!' *

**हिंदी अनुवाद : सेतु अंताणी**

### रंग भरो-172

**रंग भरो-172** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आस्तिका, चांपा



सार्थक, रायपुर



तमन्ना, कोरबा



वेदका, बालोद



रितेश, मटियारी



अथर्व, बिलासपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

पलक-अटेली मंडी, रानी-बालाघाट, डॉली-मटियारी, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहन-करनाल, अमन-बिलासपुर, जागृति-कोरबा

### रंग भरो 173

बच्चो, यहां तितली और फूलों का एक सुंदर-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।






# आईपीएल : मुंबई-लखनऊ के बीच मैच आज, फार्म में नहीं रोहित और पंत

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जॉइंट्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शुक्रवार को यहां जब आमने सामने होंगी तो सभी की निगाह रोहित शर्मा और ऋषभ पंत के प्रदर्शन पर टिकी रहेगी। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का इस सत्र में अभी तक प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है तथा तीन मैच में उसके केवल दो अंक हैं।

भारतीय कप्तान रोहित की खराब फॉर्म मुंबई के लिए चिंता का विषय है। यही बात लखनऊ के कप्तान पंत पर भी लागू होती है जो रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इन दोनों प्रमुख बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का असर परिणाम पर साफ नजर आ रहा है। इन दोनों टीमों ने अभी तक तीन में से केवल एक मैच जीता है और ऐसे में शुक्रवार को होने वाले मैच में जो टीम परिस्थितियों से बेहतर सामंजस्य बिठाएगी, उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी।



### पावर प्ले से निकलेगा जीत

इस बार क्यूरेटर घरेलू टीमों के अनुकूल पिच तैयार नहीं कर रहे हैं जिस पर कुछ फ्रेंचाइजी के कोच और खिलाड़ियों ने खुलकर नाराजगी व्यक्त की है। ऐसे में पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम की जीत की संभावना बढ़ जाएगी।



### अश्वनी नई सनसनी

मुंबई के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की चोट भी चिंता का विषय है। बुमराह कब तक वापसी करेंगे इसको लेकर हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम ने चुप्पी साध रखी है। बुमराह की जगह लेना आसान नहीं है लेकिन बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार ने पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके मुंबई की टीम में आशा की नई किरण जगाई है। अश्वनी कुमार ने इस मैच में 24 रन देकर चार विकेट लिए थे।

### फार्म में पूरन, पंत कर रहे निराश

जहां तक लखनऊ की बात है तो विशाखापत्तनम में आईपीएल के शुरुआती मैच में दिल्ली कैपिटल्स से मिली एक विकेट की निराशाजनक हार के बाद उसकी टीम अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। लखनऊ के लिए अच्छी बात यह है कि वेस्टइंडीज के बल्लेबाज निकोलस पूरन अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने तीन मैच में अभी तक 189 रन बनाए हैं लेकिन ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श को छोड़कर लखनऊ का कोई भी अन्य बल्लेबाज पूरण की तरह बल्लेबाजी नहीं कर पाया है। लखनऊ की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी गेंदबाजी और कप्तान पंत का अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना है।

खास खबर

## निजी कारणों से आईपीएल छोड़कर स्वदेश लौटे रबाडा




**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा निजी कारणों से आईपीएल छोड़कर स्वदेश रवाना हो गए हैं। उनकी टीम गुजरात टाइटंस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। टाइटंस ने यह नहीं बताया कि रबाडा कब तक लौटेंगे। अभी तक उन्होंने दो ही मैच खेले हैं। गुजरात टीम ने एक बयान में कहा, 'कैगिसो रबाडा कुछ महत्वपूर्ण निजी मसले से निपटने के लिए दक्षिण अफ्रीका लौट गए हैं।'रबाडा ने पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के खिलाफ एक एक विकेट लिया था। उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बुधवार को बेंगलुरू में खेले गए मैच में टीम में जगह नहीं दी गई। रबाडा की जगह अरशद खान को उतारा गया जिन्होंने विराट कोहली का कीमती विकेट लिया।

### अच्छी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध था

**बेंगलुरु।** गुजरात टाइटंस के सीनियर बल्लेबाज जोस बटलर ने स्वीकार किया कि यहां खेले गए आईपीएल मैच के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट का कैच छोड़ने के बाद वह शर्मिंदा महसूस कर रहे थे। बटलर ने 39 गेंद पर नाबाद 73 रन बनाए जिससे गुजरात की टीम ने यह मैच आठ विकेट से जीता। बटलर ने कहा, 'मैं नहीं जानता कि ऐसा कैसे हुआ लेकिन मैं शर्मिंदा महसूस कर रहा था। हम सभी जानते हैं कि साल्ट कितना खतरनाक खिलाड़ी है।

### कैरम बॉल पर कर रहा था काम : किशोर

**बेंगलुरु।** गुजरात टाइटंस के स्पिनर आर साई किशोर इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अपनी कैरम बॉल से बल्लेबाजों को गच्चा देने के लिए तैयार हैं जिस पर वह पिछले 3-4 वर्षों से काम कर रहे थे। किशोर ने बुधवार को यहां गुजरात की बेंगलुरु के खिलाफ आसान जीत के दौरान अपनी कैरम बॉल से क्रुणाल पंड्या को हैरान कर दिया था। इस 28 वर्षीय स्पिनर ने मैच के बाद खुलासा किया कि वह पिछले कुछ सत्र से कैरम बॉल पर काम कर रहे थे लेकिन उन्होंने किसी भी तरह के मैच में अभी तक इसका उपयोग नहीं किया था।

### रामनवमी से 3 दिन पहले 'सूर्य-तिलक'...



अयोध्या। आईपीएल 2025 का रोमांच जारी है। शुक्रवार को मुंबई इंडियंस का सामना लखनऊ सुपर जाएंट्स से होगा। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मैच से पहले गुरुवार को मुंबई के स्टार खिलाड़ियों ने अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए। इनमें सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, दीपक चाहर और कर्ण शर्मा शामिल हैं। सूर्या और दीपक पत्नियों के साथ नजर आए। सभी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से तस्वीरें साझा कीं। रविवार को रामनवमी के अवसर पर भगवान राम का सूर्य-तिलक (सूर्य की रोशनी का भगवान के माथे पर चमकना) भी होगा।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 2 | 2 | 0 | 4 |
| दिल्ली | 2 | 2 | 0 | 4 |
| बेंगलोर | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| कोलकाता | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 3 | 1 | 2 | 2 |
| चेन्नई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| राजस्थान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| हैदराबाद | 4 | 1 | 3 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
189 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
09 विकेट
चेन्नई

## हैदराबाद लगातार तीसरा मैच हारी, कोलकाता ने 80 रन से हराया

# कोलकाता की बड़ी जीत, लगातार तीसरा मैच हारी हैदराबाद, वेंकटेश-अंगकृष ने फिफ्टी लगाई

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच नंबर-15 में कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से हुआ। 3 अप्रैल (गुरुवार) को ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले में कोलकाता की टीम ने 80 रनों से जीत हासिल की। सनराइजर्स को जीत के लिए 201 रनों का टारगेट मिला था, लेकिन उसकी पूरी टीम 120 रनों पर ढेर हो गई। आईपीएल में रनों के लिहाज से सनराइजर्स हैदराबाद की ये सबसे बड़ी हार रही। इससे पहले सनराइजर्स की सबसे बड़ी हार पिछले साल चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उसके घर पर (चेपॉक) आई थी।

तब सीएसके ने सनराइजर्स को 78 रनों से हराया था। कोलकाता नाइट राइडर्स की मौजूदा सीजन में ये दूसरी जीत रही। जबकि सनराइजर्स हैदराबाद ने लगातार तीसरा मैच गंवाया है। बता दें कि इससे पहले कोलकाता ने राजस्थान रॉयल्स को पराजित किया था, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के खिलाफ उसे हार का सामना करना पड़ा था। उधर हैदराबाद ने राजस्थान के खिलाफ शुरुआती मैच में जीत हासिल की, लेकिन उसने लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबला गंवा दिया था। अब उसे एक और हार मिली है। टारगेट का पीछा करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद की शुरुआत खराब रही। उसने पावरप्ले में ही तीन विकेट खो दिए। पहले ओवर में 'इम्पैक्ट सब' ट्रेविस हेड (4) को कोलकाता के 'इम्पैक्ट सब' वैभव अरोड़ा ने चलता किया। फिर अगले ओवर में अभिषेक शर्मा (2) को हर्षित राणा ने अपना शिकार बने। इसके बाद वैभव अरोड़ा ने अपने दूसरे ओवर में ईशान किशन (2) को आउट करके हैदराबाद की मुसीबत बढ़ाने का काम किया।



### विकेट पतन

14-1 (क्विंटन डिकॉक, 1.5 ओवर), 16-2 (सुनील नरेन, 2.3 ओवर), 97-3 (अजिंक्य रहाणे, 10.6 ओवर), 106-4 (अंगकृष रघुवंशी, 12.4 ओवर), 197-5 (वेंकटेश अय्यर, 19.3 ओवर), 200-6 (आंद्रे रसेल , 20 ओवर) इस मुकाबले के लिए सनराइजर्स हैदराबाद ने श्रीलंकाई ऑलराउंडर कामिंदु मेंडिस को अपनी प्लेइंग-11 में शामिल किया। कामिंदु का आईपीएल में ये डेब्यू मुकाबला रहा। तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह की भी प्लेइंग-11 में वापसी हुई. ट्रेविस हेड बतौर 'इम्पैक्ट सब' इस मैच में उतरे। दूसरी ओर कोलकाता ने अपनी प्लेइंग-11 में स्पेंसर जॉनसन की जगह ऑलराउंडर मोईन अली को शामिल किया।

### वेंकटेश की तूफानी बैटिंग रघुवंशी ने भी जड़ी फिफ्टी

मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट पर 201 रन बनाए। कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (1) का विकेट गंवा दिया, जो विपक्षी कप्तान पैट कमिंस की बॉल पर चलते बने। फिर अगले ओवर में दूसरे ओपनर सुनील नरेन (7) को मोहम्मद शमी ने चलता कर दिया। इसके बाद अंगकृष रघुवंशी और कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 81 रनों की पार्टनरशिप करके केकेआर को संभाला। जीशान अंसारी ने अजिंक्य रहाणे को आउट करके इस पार्टनरशिप को तोड़ा। रहाणे ने चार छक्के और एक चौके की मदद से 27 गेंदों पर 38 रन बनाए। रहाणे के आउट होने के कुछ देर बाद अंगकृष रघुवंशी ने 30 बॉल पर फिफ्टी पूरी कर ली। हालांकि रघुवंशी फिफ्टी जड़ने के तुरंत बाद आउट हो गए। रघुवंशी को डेब्यूटेंट खिलाड़ी कामिंदु मेंडिस ने आउट किया। रघुवंशी ने 32 गेंदों पर 50 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे। रघुवंशी के आउट होने के समय केकेआर का स्कोर चार विकेट पर 106 रन था। यहां से वेंकटेश अय्यर और रिंकू सिंह ने 41 बॉल पर 91 रनों की तूफानी पार्टनरशिप करके कोलकाता नाइट राइडर्स को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। वेंकटेश अय्यर ने महज 29 बॉल पर 60 रन बनाए, जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल रहे। वेंकटेश ने इस दौरान 25 गेंदों पर ही फिफ्टी पूरी कर ली। वेंकटेश को आखिरी ओवर में हर्षल पटेल ने चलता किया। आखिरी ओवर में आंद्रे रसेल (1) भी रनआउट हुए। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए पैट कमिंस, मोहम्मद शमी, कामिंदु मेंडिस और हर्षल पटेल ने एक-एक विकेट हासिल किया।

## खबर संक्षेप



### सारा तेंदुलकर ने खरीदी क्रिकेट टीम

**नई दिल्ली।** भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर देश के सबसे अमीर क्रिकेटर्स में शामिल हैं। उन्हें देश में क्रिकेट का भगवान कहा जाता है। सचिन के कारण ही उनके परिवार का भी इस खेल से खास नाता है। उनके बेटे अर्जुन तेंदुलकर क्रिकेट खेलते हैं तो वहीं उनकी बेटी सारा ने भी अब इस दुनिया में कदम रख दिया है। सारा तेंदुलकर ने क्रिकेट टीम खरीदी है। सारा तेंदुलकर ने इंस्टाग्राम पर ऐलान किया कि उन्होंने क्रिकेट टीम खरीदी है जो कि मुंबई से जुड़ी है। सारा ने ग्लोबल इ-क्रिकेट प्रीमियर लीग में मुंबई फैंचाइजी को खरीदा है। लीग ने इसका ऐलान किया।

### मनीष, हितेश, अविनाश सेमीफाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारत के मनीष राठौड़, हितेश और अविनाश जामवाल ने बुधवार को अपने-अपने वजन वर्ग में आसान जीत के साथ विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 में सेमीफाइनल में जगह बनाई। जामवाल ने 65 किग्रा वर्ग में जर्मनी के डेनिस ब्रिल को सर्वसम्मत फैसले से हराया जबकि हितेश ने इटली के गैब्रिएल गुइडी रोनतानी को 70 किग्रा वर्ग में सर्वसम्मत फैसले से शिकस्त दी। मनीष ने 55 किग्रा वर्ग में ऑस्ट्रेलिया के पेरिस ओलंपियन यूसुफ चोटिया को हराया। सेमीफाइनल में मनीष की भिड़ंत कजाखस्तान के नूरसुल्तान अल्तिनबेक से होगी जबकि हितेश को माकन तराओरे के खिलाफ खेलना है।




### यूटीटी में कोचिंग में पदार्पण करेंगे पेइफर

**नई दिल्ली।** जर्मनी के विशेषज्ञ क्रिस पेइफर और एस रमन अहमदाबाद में 29 मई से 15 जून तक होने वाले अल्टीमेट टेबल टेनिस के छठे सत्र में कोचिंग में पदार्पण करेंगे। इनके अलावा ट्रेनर पावेल रेहोरेक, जूलियन गिरार्ड और भारत के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी जुबिन कुमार भी विभिन्न टीमों के साथ कोच के रूप में मौजूद होंगे। पेइफर 2022 से शरत कमल अकादमी के मुख्य कोच हैं। वह अहमदाबाद एसजी पाइपर्स के मेंटोर होंगे।

क्रिकेट

## सूर्यकुमार मुंबई को छोड़कर कहीं नहीं जा रहा : एमसीए




एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई क्रिकेट संघ ने गुरुवार को उन खबरों का खंडन किया कि सूर्यकुमार यादव अपने कुछ साथियों के साथ आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र के लिए गोवा जाने की योजना बना रहे हैं। एमसीए ने कहा कि भारत का टी20 कप्तान खेल के प्रत्येक प्रारूप में मुंबई का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुंबई के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल रणजी टीम के कुछ सीनियर खिलाड़ियों के साथ कथित मतभेदों के कारण पहले ही मुंबई से गोवा जाने की घोषणा कर चुके हैं। बुधवार को एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि सूर्यकुमार अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली मुंबई रणजी टीम छोड़ सकते हैं। असल में सूर्यकुमार ने खुद ही अपने एक्स हैंडल पर इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया था। एमसीए सचिव अभय हदाप ने कहा, 'मुंबई क्रिकेट संघ को सूर्यकुमार यादव के कुछ अन्य खिलाड़ियों के साथ गोवा की टीम से जुड़ने को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों की जानकारी है। एमसीए के अधिकारियों ने आज सुबह सूर्य से बात की और हम पुष्टि कर सकते हैं कि ये अफवाहें पूरी तरह से निराधार और झूठी हैं। सूर्यकुमार यादव मुंबई की तरफ से खेलने के लिए प्रतिबद्ध हैं और वह मुंबई का प्रतिनिधित्व करने में बहुत गर्व महसूस करते हैं।'

### एक प्रतियोगिता में भाग लेना अनिवार्य



**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने 2025 सत्र की पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप फेडरेशन कप में भाग लेने के लिए एथलीटों के लिए कम से कम एक क्षेत्रीय प्रतियोगिता या ग्रां प्री जैसी देशव्यापी एकदिवसीय प्रतियोगिता में भाग लेना अनिवार्य कर दिया है। ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है कि एथलीट पूरी तैयारी के साथ आएं या उनके प्रदर्शन में निरंतरता हो क्योंकि 27-31 मई तक कोरिया में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का चयन फेडरेशन कप में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा जिसका आयोजन 21-24 अप्रैल तक केरल के कोच्चि में किया जाएगा।

### आईसीसी ने पाकिस्तान की टीम पर लगाया जुर्माना

**दुबई।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम पर हैमिल्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मैच रेफरी जेफ क्रो ने ये जुर्माना तब लगाया जब 2 अप्रैल को दूसरे वनडे मुकाबले में न्यूजीलैंड की 84 रन से जीत के दौरान पाकिस्तान निर्धारित समय में एक ओवर कम फेंक पाया था। आईसीसी के नियमों के मुताबिक खिलाड़ियों पर प्रत्येक ओवर कम फेंकने पर मैच फीस का पांच फीसदी जुर्माना लगाया जाता है। पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने अपनी गलती मान ली और जुर्माना स्वीकार कर लिया इसलिए इसमें औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं है।

## बार्सिलोना और रियल मैड्रिड में होगा खिताबी मुकाबला

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड



बार्सिलोना ने बुधवार रात को यहां एटलेटिको मैड्रिड को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 1-0 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड से होगा।

बार्सिलोना की तरफ से फेरान टोरेस ने पहले हाफ में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे पहले इन दोनों टीमों के बीच फरवरी में खेला गया सेमीफाइनल का पहला चरण 4-4 से बराबर रहा था। इस तरह से बार्सिलोना ने कुल मिलाकर 5-4 से जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाई। यह पिछले चार सत्र में पहला अवसर है जबकि बार्सिलोना इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। रियल मैड्रिड ने मंगलवार को अतिरिक्त समय तक चले मैच में रियल सोसिदाद को 5-4 के कुल स्कोर से पराजित करके फाइनल में जगह बनाई थी। इन दोनों टीमों के बीच 2013-14 सत्र के बाद पहली बार फाइनल खेला जाएगा। तब रियल मैड्रिड ने खिताब जीता था।

### संयुक्त राष्ट्र खेलों का सह आयोजक है भारत

एजेंसी ▶▶ संयुक्त राष्ट्र

भारत खेलों के माध्यम से कूटनीति और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों का सह आयोजक है जिसमें वह योग और शतरंज जैसे खेलों में अगुवाई करेगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथनेनी हरीश ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों के उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। सह आयोजक के रूप में, भारत शतरंज और योग में अग्रणी भूमिका निभाएगा।' हरीश ने कह कि संयुक्त राष्ट्र खेल एकता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भावना का उत्सव हैं।


## लखनऊ बनाम पंजाब मैच को लेकर मेंटोर जहीर खान हुए थे नाराज

# होम ग्राउंड का रोना रो रही टीमें, बीसीसीआई ने दी हिदायत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आपीएल के 18वें सीजन में अबतक 14 मैच हुए हैं लेकिन कई मौके ऐसे भी आए हैं जब टीमें पिच की शिकायत करती दिखीं। शिकायत ये कि होम ग्राउंड पर खेलने के बाद भी उन्हें फायदा नहीं मिल रहा क्योंकि पिच उनके मनमाफिक क्यूरेट नहीं हुई है। ताजा मामला मंगलवार को हुए लखनऊ बनाम पंजाब मैच का है।

हार के बाद लखनऊ के मेंटॉर जहीर खान तो यहां तक बोल गए कि ऐसा लगा जैसे हमारे होम ग्राउंड की पिच को पंजाब के क्यूरेटर ने तैयार किया है। अब इन शिकायतों को लेकर बीसीसीआई ने फ्रेंचाइजियों को ही हिदायत दी है कि वे अपनी जरूरतों को लेकर पिच क्यूरेटर को पहले ही बताएं, सीजन के बीच में नहीं।



### कई फ्रेंचाइजी नाराज

आईपीएल के मौजूदा सीजन के शुरुआती दौर में ही होम ग्राउंड की पिच को लेकर कई फ्रेंचाइजी ने असंतोष जताया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कोलकाता नाइट राइडर्स ने भी मांग की है कि ईडन गार्डन्स की पिच ऐसी हो जो स्पिनर्स को मदद पहुंचाए। दिल्ली कैपिटल्स का मैनेजमेंट भी अपने शुरुआती दो होम मैचों की पिच को लेकर क्यूरेटर से नाखुश है। कुछ ऐसा ही हाल चेन्नई सुपर किंग्स का भी जो होम पिच को लेकर खुश नहीं है। पंजाब के खिलाफ हार के बाद लखनऊ ने मेंटॉर जहीर खान ने तो प्रेस कॉन्फ्रेंस में ही पिच को लेकर अपनी नाखुशी का इजहार किया है।

### क्यूरेटर को पहले से बताएं टीमें

ऐसा लगता है कि बीसीसीआई आईपीएल मैचों की पिच को लेकर संतुष्ट है और उसे इनसे कोई दिक्कत नहीं है। बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बोर्ड का कहना है कि फ्रेंचाइजी पिच को लेकर अपनी जरूरतों के बारे में क्यूरेटर को अडवांस में बताएं क्योंकि ये एक हफ्ते के भीतर तो हो नहीं पाएगा।

### पिचें अबतक अच्छी

रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई सूत्र ने कहा, 'पिचें अबतक अच्छी रही हैं। वे ऐसी पिच की मांग कर सकते हैं जो गेंदबाजों को ज्यादा फायदा पहुंचाए लेकिन इसके लिए फ्रेंचाइजी और क्यूरेटर्स के बीच में बेहतर संवाद की जरूरत है। यह आईपीएल सीजन में एक हफ्ते के भीतर नहीं हो सकता।'

### बीसीसीआई की गाउडलाइंस

बीसीसीआई की गाउडलाइंस के मुताबिक, पिच का नेचर क्या हो, इसमें न तो किसी फ्रेंचाइजी की चलेगी और न ही किसी खिलाड़ी की। क्यूरेटर को ऐसी पिच तैयार करनी है जिससे तेज गेंदबाजों को भी मदद मिले और स्पिनर्स को भी यानी इनमें अच्छा संतुलन बना रहे। कुछ टीमें होम पिच को लेकर शिकायत कर रही हैं तो इसके पीछे कहीं न कहीं, पिच क्यूरेटर्स को बीसीसीआई की तरफ से दिए गए ये निर्देश ही हैं।

## मप्र सरकार ने घोषित किए वर्ष 2023 के लिए राज्य स्तरीय खेल पुरस्कार

# शूटर ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, रुबिका फ्रांसिस, माउंट एवरेस्ट विजेता भावना डेहरिया, पहलवान शिवानी समेत 12 खिलाड़ियों को मिला विक्रम अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

म.प्र. शासन ने राज्य स्तरीय शिखर खेल पुरस्कार वर्ष 2023 की घोषणा की है। राज्य स्तरीय शिखर खेल पुरस्कार में 12 विक्रम, 11 एकलव्य, 3 विश्वामित्र और 1 लाइफटाइम अचीवमेन्ट पुरस्कार शामिल हैं। इनमें प्रदेश के शूटर ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली छिंदवाड़ा की भावना डेहरिया के साथ छिंदवाड़ा की ही पहलवान शिवानी पवार को कुश्ती में विक्रम अवार्ड से सम्मानित किया गया है।


एश्वर्य प्रताप सिंह


जाहन्वी श्रीवास्तव


रागिनी मार्को


शिवानी पवार


श्रृति यादव


यामिनी मौर्य


सचिन भार्गो


नीलू डांडिया


प्रवीण कुमार दवे


रूबिना फ्रांसिस


अपूर्व दुबे

### विक्रम पुरस्कार (12 पुरस्कार)

| क्र. | खिलाड़ी का नाम | पिता का नाम | खेल | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| व्यक्तिगत खेल-ओलम्पिक, एशियन गेम्स एवं राष्ट्रीय खेलों में खेले जाने वाले खेल-6 पुरस्कार | | | | |
| 1. | ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर | वीर बहादुर सिंह तोमर | शूटिंग | खरगौन |
| 2. | जाहन्वी श्रीवास्तव | राजेश श्रीवास्तव | क्याकिंग-केनोइंग | भोपाल |
| 3. | रागिनी मार्को | मान सिंह मार्को | तीरंदाजी | जबलपुर |
| 4. | शिवानी पवार | नंदलाल पवार | कुश्ती | छिंदवाड़ा |
| 5. | श्रृति यादव | वीरेन्द्र कुमार यादव | बॉक्सिंग | भोपाल |
| 6. | यामिनी मौर्य | हरिओम मौर्य | जूडो | सागर |
| दलीय खेल-ओलम्पिक, एशियन गेम्स एवं राष्ट्रीय खेलों में खेले जाने वाले खेल-3 पुरस्कार | | | | |
| 7. | सचिन भार्गो | भेरू | खो-खो | देवास |
| 8. | नीलू डांडिया | राजकुमार डांडिया | हॉकी | मंदसौर |
| 9. | प्रवीण कुमार दवे | शंभूलाल दवे | सॉफ्टबॉल | इंदौर |
| दिव्यांग श्रेणी-ओलम्पिक, एशियन गेम्स एवं राष्ट्रीय खेलों में खेले जाने वाले खेल-एक पुरस्कार | | | | |
| 10. | रूबिना फ्रांसिस | सिमोन फ्रांसिस | शूटिंग | जबलपुर |
| ओलम्पिक/एशियन गेम्स एवं राष्ट्रीय खेल में नहीं खेले जाने वाले अन्य खेल-एक पुरस्कार | | | | |
| 11. | अपूर्व दुबे | दिनेश दुबे | पॉवर लिफ्टिंग | इंदौर |
| 12. | भावना डेहरिया | मुन्नालाल डेहरिया | माउंट एवरेस्ट | छिंदवाड़ा |

### लाइफ टाइम एचीवमेंट पुरस्कार रतनलाल वर्मा को



लाइफ टाइम एचीवमेंट पुरस्कार वर्ष 2002 से प्रारंभ किया गया है। यह पुरस्कार ऐसी खेल हस्ती को दिया जाता है, जिसने प्रदेश के खेलों के विकास एवं प्रोत्साहन के लिये जीवन पर्यन्त योगदान दिया हो। इस पुरस्कार में 2 लाख रुपये एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाता है। रतनलाल वर्मा पुत्र स्व. गंगाराम वर्मा, जिम्नास्टिक खेल, उज्जैन में महत्वपूर्ण योगदान देने पर वर्ष 2023 के लाइफ टाइम एचीवमेंट पुरस्कार के लिये चयनित किया गया है।

### एकलव्य पुरस्कार (11 पुरस्कार)

| क्र. | खिलाड़ी का नाम | पिता का नाम | खेल | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रितुराज बुन्देला | लक्ष्मण सिंह बुन्देला | शूटिंग | टीकमगढ़ |
| 2. | भूमि बघेल | विजय कुमार | क्याकिंग-केनोइंग | महेश्वर |
| 3. | कृष्णा मिश्रा | राकेश मिश्रा | स्क्वैश | इंदौर |
| 4. | पूजा दांगी | कैलाश दांगी | फेंसिंग | राजगढ़ |
| 5. | प्रभाकर सिंह राजावत | दीवान सिंह राजावत | रोइंग | ग्वालियर |
| 6. | नेहा ठाकुर | मुकेश कुमार ठाकुर | सेलिंग | देवास |
| 7. | प्रखर जोशी | कैलाश जोशी | तैराकी | इंदौर |
| 8 | अर्जुन वास्कले | नेमा वास्कले | एथलेटिक्स | खरगौन |
| 9. | प्रियांशी प्रजापत | मुकेश प्रजापत | कुश्ती | उज्जैन |
| दलीय खेल-ओलम्पिक/एशियन गेम्स एवं राष्ट्रीय खेल में खेले जाने वाले खेल-3 पुरस्कार में से एक | | | | |
| 10. | अंकित पाल | संतोष पाल | हॉकी | ग्वालियर |
| ओलम्पिक/एशियन गेम्स एवं राष्ट्रीय खेल में नहीं खेले जाने वाले अन्य खेल-एक पुरस्कार | | | | |
| 11. | गौरव पचौरी | सुरेश पचौरी | पॉवर लिफ्टिंग | मुरैना |

व्यक्तिगत खेल-ओलम्पिक, एशियन गेम्स एवं राष्ट्रीय खेलों में खेले जाने वाले खेल-2 पुरस्कार

### विश्वामित्र पुरस्कार (3 पुरस्कार)

| क्र. | प्रशिक्षक का नाम | पिता का नाम | खेल का नाम | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पीयूष कांती बरोई | गोकुल बरोई | क्याकिंग-केनोइंग | भोपाल |
| 2. | अशोक कुमार यादव | बलदेव यादव | तीरंदाजी | जबलपुर |
| दलीय खेल-ओलम्पिक, एशियन गेम्स एवं राष्ट्रीय खेलों में खेले जाने वाले खेल-एक पुरस्कार | | | | |
| 1. | लोकेन्द्र शर्मा | डॉ. राधाचरण शर्मा | हॉकी | भोपाल |

### एडवेंचर श्रेणी में विक्रम पुरस्कार पाने वाली पहली महिला बनीं भावना

**भोपाल।** प्रसिद्ध पर्वतारोही भावना डेहरिया का नाम मध्यप्रदेश शासन के राज्य स्तरीय खेल पुरस्कार विक्रम पुरस्कार 2023 की सूची में शामिल किया गया है। इस उपलब्धि के साथ, भावना मध्यप्रदेश से एडवेंचर स्पोर्ट्स श्रेणी में विक्रम पुरस्कार के लिए चुनी जाने वाली पहली महिला बन गई हैं। उन्होंने साहसिक खेलों में रुचि रखने वाली युवा प्रतिभाओं, विशेष रूप से महिलाओं को, इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है।



#### यह मेरे लिए गर्व की बात

भावना ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, माउंट एवरेस्ट अभियान के लिए विक्रम पुरस्कार सूची में शामिल होना मेरे लिए गर्व की बात है। यह उपलब्धि मेरे माता-पिता, परिवार और गुरुओं के समर्थन के बिना संभव नहीं थी। मेरा लक्ष्य भारत में पर्वतारोहण और साहसिक खेलों को बढ़ावा देना है, ताकि अधिक युवा इस क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकें।

# एनसीसीसी ने अंकुर क्रिकेट अकादमी और मयंक ने अरेरा को हराकर किया फाइनल में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुनील श्रवण क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में प्रथम ध्रुव नारायण सिंह 'दरबार ट्रॉफी' अंडर-15 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को पहला सेमीफाइनल मैच अंकुर क्रिकेट अकादमी और एनसीसीसी के बीच खेला गया, जिसमें अंकुर क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 33.2 ओवर मे 126 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जवाबी पारी खेलने उतरी एनसीसीसी की टीम 36.2 ओवर मे 4 विकेट पर 128 रन बनाकर यह मैच 6 विकेट से जीत लिया। जतिन को मैन ऑफ द मैच दिया गया।



## पांच विकेट से जीती मयंक अकादमी



दूसरा सेमीफाइनल अरेरा क्रिकेट अकादमी विरुद्ध मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया, जिसमें अरेरा क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम 28 ओवर में 100 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जवाबी पारी खेलने उतरी मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी की टीम ने यह लक्ष्य 18 ओवर में 5 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया और प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। जहां उसका ख़िताबी मुकाबला एनसीसीसी के साथ होगा। नैतिक जैन को दोहरे प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें समाजसेवी सतीश चौहान, सुभाष चौहान, जितेंद्र परोचे और राकेश सियोंते ने पुरस्कृत किया।


## ओल्ड कैंपियन ग्राउंड में शाम 6 बजे से खेले जाएंगे सभी मैच

# केमिस्टों का पहली बार भोपाल संभाग क्रिकेट टूर्नामेंट कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केमिस्ट प्रीमियर लीग क्रिकेट (सीपीएल) 5 अप्रैल शनिवार से ओल्ड कैंपियन ग्राउंड में खेला जाएगा। चार दिन यानि 8 अप्रैल तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के सभी मैच शाम को खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का आयोजन भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के द्वारा किया जा रहा है, एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने बताया कि इस टूर्नामेंट में प्रत्येक दिन चार मुकाबले होंगे जो 10-10 ओवर के फॉर्मेट में खेले जाएंगे। धाकड़ ने जानकारी दी कि टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी 12 टीमों को ग्रुप ए, बी, सी और डी में विभाजित किया गया है। सेमी फाइनल मुकाबले 8 अप्रैल को शाम मै खेले जाएंगे। इनमें पहला सेमीफाइनल मुकाबला शाम 5.30 बजे तो दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला शाम 7 बजे से खेला जाएगा। इसके बाद रात 9 बजे से फाइनल मुकाबला होगा। वहीं उन्होंने बताया कि विजेता टीमों को ट्रॉफी और नकद राशि से सम्मानित किया जाएगा।

### चार दिनी टूर्नामेंट में 5 अप्रैल को खेले जाने वाले मैच



चार दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट का उद्घाटन लीग मैच ग्रुप ए के फार्मा टाइगर्स विरुद्ध आरडीएमससी रायसेन के बीच शाम 6 बजे से होगा। वहीं, इसी दिन ग्रुप बी का मुकाबला सीहोर केमिस्ट चैंपियंस विरुद्ध फार्मा वॉरियर्स के बीच शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। इसके साथ ही ग्रुप ए का मुकाबला आरडीएमसीसी रायसेन विरुद्ध सर्जिकल कमांडर्स के बीच रात 9 बजे से और ग्रुप बी का मुकाबला सीहोर केमिस्ट चैंपियंस विरुद्ध शिव साई ग्रुप के बीच रात 10.30 बजे से होगा।

### 6 अप्रैल को खेले जाने वाले लीग मैच

सबसे पहले शाम 6 बजे से ग्रुप डी का लीग मैच जैनेरिक सुपर किंग विरुद्ध लाइफ सेवर्स इलेवन के बीच खेला जाएगा। इसके बाद ग्रुप ए में फार्मा टाइगर्स विरुद्ध सर्जिकल कमांडर्स के बीच शामम 7.30 बजे से मैच होगा। वहीं रात 9 बजे से ग्रुप बी में शिव साई ग्रुप विरुद्ध फार्मा वॉरियर्स के बीच मुकाबला होगा। इसके बाद आखिर में रात 10.30 बजे से ग्रुप सी के अंतर्गत सीएम सुपर किंग और भोपाल केमिस्ट चैंपियन के बीच मैच खेला जाएगा।

### 7 अप्रैल को खेले जाने वाले मुकाबले

रविवार को पहला मुकाबला ग्रुप डी के तहत शाम 6 बजे से लाइफ सेवर्स इलेवन और क्रिकेट सुपर स्टार में होगा। इसके बाद शाम 7.30 बजे से ग्रुप सी के तहत आने वाली टीमों फार्मा हाउस केमिस्ट सुपर किंग और सीएम सुपर किंग के बीच मुकाबला होगा। वहीं रात 9 बजे से ग्रुप डी में जैनेरिक सुपर किंग्स और रात 10.30 बजे से ग्रुप सी की टीमें भोपाल केमिस्ट चैंपियन और फार्मा हाउस केमिस्ट सुपर किंग्स के बीच मुकाबला होगा।

# राष्ट्रीय जूनियर 'अंडर-20' बालक बालिका कुश्ती प्रतियोगिता-19 से

### खिलाड़ी चयन के लिए इंदौर में 11,12 को प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय जूनियर 'अंडर-20' बालक-बालिका कुश्ती प्रतियोगिता-19 से 22 अप्रैल तक कोटा (राजस्थान) में आयोजित की जा रही है। विक्रम अवार्डी शाकिर नूर ने बताया कि प्रतियोगिता में मप्र के दल को सम्मिलित कराने मप्र एमेच्योर कुश्ती संघ 11,12 अप्रैल को छोटा नेहरू स्टेडियम इंदौर में राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित करेगा। राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में भोपाल ज़िले के बालक-बालिका पहलवान को सम्मिलित करने भोपाल ज़िला कुश्ती संघ द्वारा रविवार 6 अप्रैल को अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल भोईपुरा भोपाल में एक दिनी चयन स्पर्धा रखी गई है। ज़िला स्तरीय चयन स्पर्धा में भागीदारी के लिए पहलवानों के वज़न रविवार 6 अप्रैल को प्रातः 9:00 बजे से एवं कुश्ती 10 बजे से कराए जाएंगे। इनमें अंडर-20 जूनियर चयन स्पर्धा में 2005 ,2006, 2007 के पहलवानों की सीधी भागीदारी और 2008 के पहलवान चिकित्सा या माता-पिता के सहमति पत्र के साथ भाग ले सकते हैं। वहीं पहलवानों के सत्यापन के लिए जन्म, निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट आदि द्वारा किया जाएगा।

## *शिविक और हर्ष चुने गए संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच*

# शिवाय क्रिकेट अकादमी ने पॉलिन को 152 रन के बड़े अंतर से किया पराजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में आयोजित तृतीय विधायक कप में गुरुवार को शिवाय क्रिकेट अकादमी और पॉलिन क्रिकेट अकादमी के बीच मैच खेला गया। शिवाय क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर पूरे ओवर खेलते हुए 242 रन बनाए, जिसमें शिविक ने 71 रन और तन्मय ने 57 रन बनाए। अचिन ने 2 विकेट लिए।

■ गौतम नगर के मैदान में चल रही विधायक कप प्रतियोगिता में अंडर 15 के किशोर दिखा रहे हुनर

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पॉलिन क्रिकेट अकादमी 91 के स्कोर पर ही ढेर हो गई और यह मैच 152 रन से हार गई। जिसमें प्रिंस ने सर्वाधिक 22 रन बनाए। वहीं हर्ष ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए और अर्णव ने 3 विकेट लिए। शानदार प्रदर्शन के लिए शिविक और हर्ष को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच चुना गया।



## खेल मंत्री सारंग ने राजेंद्र नगर में स्टेडियम का किया भूमिपूजन,परिसर में बनेंगे इंडोर बैडमिंटन और वॉलीबॉल कोर्ट

# 8 हजार वर्ग मीटर में राजेंद्र नगर में बनेगा स्टेडियम, आधे में होगा खेल मैदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरुवार को नरेला विधानसभा के वार्ड 37, राजेंद्र नगर में नवीन स्टेडियम के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मंत्री सारंग ने कहा कि स्टेडियम का निर्माण लगभग 8 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में किया जाएगा, जिसमें से लगभग आधे में यानि 4 हजार वर्गमीटर में खेल मैदान विकसित किया जाएगा।

यह स्टेडियम खिलाड़ियों की विभिन्न आवश्यकताओं एवं नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, जिसमें विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि स्टेडियम परिसर में इंडोर बैडमिंटन कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, और मल्टीपरपज़ हॉल की सुविधा उपलब्ध होगी। खेल गतिविधियों के अलावा, यहाँ एक मंच (स्टेज) भी बनाया जाएगा, जहां सांस्कृतिक एवं खेल से संबंधित आयोजनों का संचालन किया जा सकेगा।

इसके अतिरिक्त, खिलाड़ियों और दर्शकों की सुविधा के लिए कार एवं बाइक पार्किंग, लैंडस्केप एरिया, कार्यालय कक्ष, और बाउंड्री वॉल का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे सुरक्षा और संरचना को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, खेल संचालक राकेश गुप्ता, संयुक्त संचालक बीएस यादव, खेल प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### क्षेत्र में क्लस्टर बनाकर नये खिलाड़ियों का करेंगे निर्माण



मंत्री सारंग ने कहा कि यह स्टेडियम क्षेत्र के युवाओं और खेल प्रेमियों के लिए एक बड़ी सौगात है। यहां विभिन्न खेलों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

**दो चरणों में होगा निर्माण**

प्रथम चरण में फुटबॉल तथा अन्य खेल के मैदान का विकास, वॉलीबाल कोर्ट का निर्माण, मैदान सुरक्षा दीवार, भव्य प्रवेश द्वार, हाई मास्ट प्रकाश व्यवस्था (रात्रि खेल हेतु), खिलाड़ियों के लिए डग हाउस, जनसुविधा केंद्र, पाथवे एवं स्टेज उन्नयन का कार्य किया जायेगा। वहीं द्वितीय चरण में बैडमिंटन कोर्ट,मल्टी परपज हॉल (टेबल टेनिस, बोर्ड गेम्स, लाईब्रेरी, इनडोर खेल), ओपन जिम, प्रबंधन कार्यालय तथा स्टोर एवं पार्किंग तथा लैंड स्कैप का निर्माण किया जाएगा।




*भूमिपूजन कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के पूर्व रहवासियों द्वारा मंत्री सारंग का भव्य स्वागत किया गया। राजेन्द्र नगर मुख्य मार्ग से खेल मैदान तक अनेक समाजों द्वारा स्वागत मंचों के माध्यम से पुष्पवर्षा कर सौगात के लिये मंत्री श्री सारंग का आभार व्यक्त किया।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930